* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

21 अप्रैल, 2024
चैत्र, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 09, अंक 181










## झामुमो के आमंत्रण पर पहली बार रांची में जुटेंगे राष्ट्रीय नेता

# इंडी अलायंस की न्याय उलगुलान महारैली आज

- बैनरों, होर्डिंग और झंडों से पटी राजधानी
- मेजबान झामुमो ने तैयारियों में झोंकी ताकत

सूरज

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा की मेजबानी में रविवार को राजधानी में न्याय उलगुलान महारैली का आयोजन हो रहा है। धुर्वा के प्रभात तारा मैदान में दोपहर एक बजे शुरू होनेवाली इस रैली में राष्ट्रीय स्तर के कई नेता शामिल होंगे। यह पहला मौका है, जब झामुमो के आमंत्रण पर इतने सारे नेता एक साथ रांची आ रहे हैं। रैली की तैयारियां पूरी हो गयी हैं। ट्रैफिक व्यवस्था से लेकर सुरक्षा तक के व्यापक इंतजाम किये गये हैं। पूरे शहर को झंडों, बैनरों और पोस्टरों से पाट दिया गया है। कई स्थानों पर तोरण द्वार भी बनाये गये हैं।

**मुख्य मंच और पंडाल तैयार :** प्रभात तारा मैदान में मंच और पंडाल का निर्माण पूरा हो गया है। महारैली के लिए तीन मंच बनाये गये हैं। इनमें एक मुख्य मंच और दो सहायक मंच शामिल हैं। एक मुख्य पंडाल और दो सहायक पंडाल भी बनाये जा रहे हैं, ताकि महारैली में आनेवाले लोगों को गर्मी से बचाया जा सके। पंडालों में दो दर्जन एलइडी स्क्रीन लगाये गये हैं।

**दो हजार जवानों के साथ एटीएस की हिट टीम भी तैनात:** महारैली में सुरक्षा के लिए दो हजार जवानों के साथ एटीएस की हिट टीम को भी तैनात किया गया है। जेड और एसपीजी श्रेणी सुरक्षा के लिए कई डीएसपी की तैनाती की गयी है। अतिथियों की सुरक्षा का इंतजाम उनकी श्रेणी के तहत किया जा रहा है। रांची में पदस्थापित डीएसपी रैंक के चार पुलिस अफसरों को जेड प्लस और एसपीजी सुरक्षा वाले गेस्ट के साथ सुरक्षा में लगाया गया है। रांची के अलावा गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा, सरायकेला, पलामू, लातेहार, रामगढ़, बोकारो और धनबाद से इंस्पेक्टर स्तर के 11 अफसरों की तैनाती रांची में की गयी है। जैप के पांच डीएसपी भी रैली की सुरक्षा व्यवस्था में शामिल रहेंगे। इसके अलावा झारखंड एटीएस की हिट टीम को भी रैली स्थल पर तैनात किया गया है।



### मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने लिया तैयारियों का जायजा

महारैली की तैयारियों का जायजा लेने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन शनिवार को प्रभात तारा मैदान पहुंचे। उन्होंने वहां मीडिया से कहा कि हम लोग केंद्र सरकार की नीतियों का पोल खोलने का काम करेंगे। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को लेकर जनता में काफी आक्रोश है। उन्होंने कहा कि जनता लोकसभा चुनाव में इसका जवाब देगी।

### ये नेता होंगे शामिल

महारैली में जो नेता शामिल होंगे, उनमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सांसद राहुल गांधी, नेशनल कांफ्रेंस के डॉ फारूक अब्दुल्ला, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, राजद सुप्रीमो लालू यादव, उनके पुत्र तेजस्वी यादव, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, आप सांसद संजय सिंह, सुनीता केजरीवाल, तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओ ब्रायन, शिवसेना (उद्धव) की प्रियंका चतुर्वेदी, माकपा नेता वृंदा करात, भाकपा माले महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य और अन्य शामिल हैं। चुनावी व्यस्तता की वजह से दक्षिण भारत के कई दिग्गज महारैली में शामिल नहीं हो पायेंगे। झामुमो की ओर से सीएम चंपाई सोरेन, कल्पना सोरेन, राज्य के मंत्री और अन्य नेता मंच पर मौजूद रहेंगे।

## पंकज त्रिपाठी के जीजा की धनबाद सड़क हादसे में मौत

**बहन अस्पताल में एडमिट**

आजाद सिपाही संवाददाता

**निरसा।** बॉलीवुड के चर्चित कलाकार पंकज त्रिपाठी की बहन और जीजा सड़क हादसे के शिकार हुए हैं। इसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों बिहार के गोपालगंज के कमालपुर से निरसा आ रहे थे। पंकज के बहनोई मुन्ना तिवारी कार ड्राइव कर रहे थे। बहन सरिता कार में सवार थी। निरसा में हुए हादसे के बाद दोनों को जख्मी हैं। आनन-आनन में दोनों को एसएनएमएमसीएच अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे में पंकज त्रिपाठी के जीजा मुन्ना तिवारी की मौत हो चुकी है। वहीं, उनकी बहन सरिता जख्मी अवस्था में अस्पताल में भर्ती हैं। घटना के बाद तुरंत आसपास के लोगों ने घायलों को निकाला और निरसा पुलिस को सूचना दी। इसके बाद मौके पर पहुंची निरसा पुलिस ने घायलों को तत्काल एंबुलेंस से उचित इलाज के लिए धनबाद भेज दिया। डिवाइडर में फंसी गाड़ी को निकालने के प्रयास में जूट गयी।

## चाइबासा में पीएलएफआइ के दो नक्सली गिरफ्तार

**दो एके 47, तीन मैगजीन, 118 गोली और 50 हजार नगद बरामद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**चाईबासा।** लोकसभा चुनाव से पहले पश्चिमी सिंहभूम पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने पीएलएफआई के एरिया कमांडर सोमा हेंब्रम और बिरसा खंडाइत को गोइलकेरा थाना क्षेत्र के चितिर पहाड़ी के पास से गिरफ्तार किया है। उनके पास से दो एके 47 राइफल, तीन मैगजीन, 118 राउंड गोली, 50 हजार नगद और कई अन्य सामान बरामद किये गये हैं। एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि उन्हें जंगल पहाड़ी क्षेत्र में प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआइ के एरिया कमांडर सोमा हेंब्रम उर्फ नाजोम के अपने दस्ते के कुछ सदस्यों के साथ घूमने की सूचना मिली थी। यह दस्ता गोइलकेरा और आनंदपुर थाना क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों को बंद करने तथा ठेकेदार से लेवी मांग करने की फिराक में था। एसपी ने एक टीम को इलाके में भेजा, जिसने चिटिर पहाड़ी क्षेत्र के आसपास अभियान के दौरान दोनों नक्सलियों को गिरफ्तार किया। दोनों को शनिवार को जेल भेज दिया गया।

## कांग्रेस के शहजादे को वायनाड में भी संकट दिख रहा है : मोदी

**महाराष्ट्र के नांदेड़ में कांग्रेस पर बरसे प्रधानमंत्री**

**पहले चरण में एनडीए के पक्ष में एकतरफा मतदान**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नांदेड़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को एक बार फिर विपक्ष और कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। यहां एक चुनावी रैली में उन्होंने कहा कि पहले चरण के बाद बूथ लेवल पर जो विश्लेषण हुआ है, उससे यह विश्वास पक्का हो गया है कि पहले चरण में एनडीए के पक्ष में एकतरफा मतदान हुआ है। उन्होंने कहा कि मतदाता देख रहे हैं कि इंडी गठबंधन के लोग अपने स्वार्थों में, अपने भ्रष्टाचार को बचाने के लिए एक साथ आये हैं। पहले चरण में लोगों ने इंडी गठबंधन को पूरी तरह से नकार दिया है। ये लोग दावे जो भी करें, लेकिन सच्चाई यह है कि चुनाव से पहले ही कांग्रेस के नेताओं ने हार मान ली है। इसलिए कुछ नेता, जो लोकसभा से जीतकर आते थे, इस बार राज्यसभा के जरिये अंदर जाकर बैठ गये हैं। हालात ये हैं कि विपक्षी गठबंधन को चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवार ही नहीं मिल रहे हैं। ज्यादातर सीटों पर इनकी पार्टी के नेता चुनाव प्रचार



के लिए नहीं जा रहे हैं।

कांग्रेस, ऐसी बेल जो सहारा देने वाले को ही सुखा देती है

बाद में महाराष्ट्र के परभणी में भी पीएम मोदी ने एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। वहां कांग्रेस पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस एक ऐसी बेल है, जिसकी अपनी न कोई जड़ है, न जमीन है और इसे जो सहारा देता है, उसे ही सुखा देती है। आजादी के समय कांग्रेस ने देश का विभाजन करवा दिया, आजादी के बाद कश्मीर की समस्या खड़ी कर दी। कांग्रेस ने 370 के बहाने बाबा साहेब का संविधान कश्मीर में लागू नहीं होने दिया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि 2024 का चुनाव सिर्फ सरकार बनाने के लिए नहीं हो रहा है, बल्कि देश को विकसित और आत्मनिर्भर बनाने के लिए हो रहा है। पिछले कार्यकाल में हमने चंद्रयान की सफलता देखी। अगले कार्यकाल में देशवासी गगनयान की सफलता देखेंगे। सिर्फ 10 वर्षों में देश ने विकास की लंबी दूरी तय की है।

### राहुल गांधी पर बोला हमला

प्रधानमंत्री ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का नाम लिये बिना उन पर तीखा हमला बोला। प्रधानमंत्री ने कहा, कांग्रेस के शहजादे को भी वायनाड में संकट दिख रहा है। शहजादा और उनकी टोली 26 अप्रैल को वायनाड में वोटिंग का इंतजार कर रही है। 26 अप्रैल को वोटिंग के बाद ये शहजादे के लिए एक और सुरक्षित सीट घोषित कर देंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस का यह परिवार आजादी के बाद पहली बार खुद कांग्रेस को ही वोट नहीं देगा, क्योंकि जहां वे रहते हैं, वहां कांग्रेस का उम्मीदवार ही नहीं है। जिस परिवार के भरोसे कांग्रेस चलती है, वह खुद कांग्रेस को वोट नहीं दे पायेगा। विपक्षी गठबंधन को निशाने पर लेते हुए पीएम मोदी ने कहा कि लोग देख रहे हैं कि विपक्षी गठबंधन के भ्रष्ट नेता अपने परिवारों के हितों के लिए इकट्ठे हुए हैं, लेकिन लोगों ने उन्हें नकार दिया है।

## भागलपुर की सभा में मोदी सरकार को घेरा कांग्रेस नेता ने


# सरकार बनी तो खटाखट देंगे पांच गारंटी : राहुल

आजाद सिपाही संवाददाता

**भागलपुर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि यदि उनकी सरकार बनी, तो वह सबसे पहले पांच गारंटियों को पूरा करेंगे, जो युवा, किसान, महिलाएं, मजदूर आशा वर्कर और सेना से जुड़ी होंगी। शनिवार को यहां इंडी अलायंस की चुनावी रैली में उन्होंने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुई कई आरोप भी लगाये।

राहुल गांधी ने कहा कि अगर हमारी सरकार बनी, तो जितना कर्ज पीएम मोदी ने अरबपतियों का माफ किया है, उतना पैसा हम गरीबों को देंगे। गरीब परिवारों की लिस्ट निकालेंगे। हर परिवार से एक महिला चुनी जायेगी, जिसके खाते में हर साल एक लाख रुपये डाले जायेंगे। हर महीने साढ़े आठ हजार रुपये खाते में खटाखट आयेंगे।

राहुल गांधी ने दूसरी गारंटी गिनाते हुए कहा कि देश बेरोजगारी का सेक्टर बन गया है। देश का युवा आठ घंटे इंस्टा और फेसबुक पर लगा रहता है। हम देश के ग्रेजुएट, डिप्लोमा होल्डर को अप्रेंटिसशिप का अधिकार देंगे। इसके तहत हर युवा को पहली नौकरी का अधिकार हमारी सरकार देगी। हर महीने ट्रेनिंग के



दौरान साढ़े आठ हजार रुपये खाते में आयेंगे।

राहुल गांधी ने कहा कि किसानों को दो गारंटी देंगे, जिसमें कर्जा माफी और गारंटी न्यूनतम समर्थन मूल्य शामिल होगा। हमारी सरकार आयी तो अग्निवीर योजना को खत्म कर देंगे। देश को दो तरह की शहादत और दो तरह के जवान नहीं चाहिए। इसके साथ ही पांच तरह की जीएसटी को खत्म करके एक जीएसटी बनायेंगे। राहुल गांधी ने मजदूरों और आशा वर्करों के लिए भी वादे किये और कहा कि आशा-आंगनबाड़ी वर्करों की आमदनी दोगुनी करेंगे। मनरेगा मजदूरों को चार सौ रुपये न्यूनतम मजदूरी देंगे। राहुल गांधी की इस रैली में राजद के तेजस्वी यादव और लेफ्ट पार्टियों के भी नेता शामिल रहे।

## झारखंड में बदला स्कूलों का समय


**रांची (आजाद सिपाही)।** प्रचंड गर्मी और लू के कारण राज्य में स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है। 22 अप्रैल से केजी से आठवीं तक की कक्षाएं अब सुबह सात बजे से 11:30 बजे तक लगेंगी। नौवीं से ऊपर की कक्षाएं सुबह सात बजे से दोपहर 12 बजे तक चलेंगी। शनिवार को इस संबंध में आदेश जारी किया गया।

SARASWATI SHISHU VIDYA MANDIR
DHURWA, RANCHI-4, Ph. (0651) 2445071, 7903061070
(CBSE Affiliated, Sr. Secondary Co-Ed. School)
E-mail : ssvmdhurwa14@gmail.com, Website : ssvmdhurwaranchi.in

ADMISSION OPEN for CLASS XI
(SCIENCE, COMMERCE & ARTS)

Admission forms for the Session : 2024-25 are available in the School between 7:00AM to 12:00 PM. on all working days. Form also available on School website: ssvmdhurwaranchi.in.

HOSTEL FACILITY AVAILABLE (ONLY FOR BOYS)
Principal




## कटिहार की चुनावी रैली में नीतीश कुमार ने लालू पर कसा तंज

# किसी को इतना बाल-बच्चा पैदा करना चाहिए क्या?

आजाद सिपाही संवाददाता

**कटिहार।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को यहां कहा कि पैदा तो बहुत कर दिया, इतना बाल-बच्चा पैदा करना चाहिए क्या। उनका यह तंज राजद सुप्रीमो लालू यादव के परिवार और उनके बच्चों को लेकर था, हालांकि उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया। नीतीश कुमार के इस बयान पर सियासी हंगामा शुरू हो गया है।



**क्या कहा नीतीश ने :** नीतीश कुमार ने लालू यादव पर तंज कसते हुए बच्चों को लेकर टिप्पणी कर दी। उन्होंने कहा कि किसी को इतना ज्यादा बाल-बच्चा पैदा करना चाहिए क्या। राजनीति में 'परिवारवाद' पर इशारों में चुटकी लेते हुए उन्होंने कहा, आजकल कुछ लोग सब कुछ दावा करते हैं। जब उन्हें हटाया गया, तो उन्होंने अपनी पत्नियों को नियुक्त किया। अब उनके बच्चे हैं। इसी दौरान नीतीश कुमार ने बिना नाम लिये लालू परिवार को भी लपेट लिया। नीतीश ने कहा, अब पैदा तो बहुत कर दिया। इतना ज्यादा पैदा करना चाहिए किसी को, बाल बच्चा। अब उन्होंने अपने बेटे, बेटियों और हर किसी को शामिल कर लिया है। वे हर जगह कुछ न कुछ कहते रहते हैं।

### राजद ने नीतीश कुमार को जवाब दिया

नीतीश कुमार की टिप्पणी के बाद राष्ट्रीय जनता दल ने पलट वार किया है। राजद के प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी का कहना है, नीतीश कुमार पूरी तरह से गड़बड़ा गये हैं। भाजपा ने उन्हें पीएम के साथ मंच साझा करने से रोक दिया। इससे उन्हें दुख है और उन्होंने कल मतदान के दौरान लोगों का आंदोलन भी देखा। अपनी हार को लेकर आश्वस्त हैं। इसलिए घबराहट में वह लालू प्रसाद यादव के खिलाफ व्यक्तिगत टिप्पणी कर रहे हैं। नीतीश कुमार के पास कोई राजनीतिक जमीन नहीं बची है।

# कई सियासी निशाने साधने की कोशिश होगी उलगुलान महारैली में

## ■ हेमंत की गिरफ्तारी के विरोध में झारखंड में आंदोलन छेड़ने की होगी कोशिश

## ■ कल्पना सोरेन के नेतृत्व में इतनी बड़ी रैली का हो रहा है आगाज

## ■ भाजपा को रोकने के साथ विपक्षी एकता को मजबूत बनाने की होगी कवायद

आजाद सिपाही विशेष

**पूरे देश के साथ झारखंड का भी माहौल इस समय चुनावी है। मौसम का तापमान बढ़ने के साथ सियासी तापमान भी लगातार बढ़ रहा है। इस तापमान को बढ़ाने के लिए रांची में झामुमो द्वारा आयोजित महारैली की गूंज अभी से महसूस की जाने लगी है। यह महारैली वैसे तो हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के विरोध में आयोजित की गयी है, लेकिन वास्तव में यह मुंबई और दिल्ल के बाद इंडी गठबंधन का तीसरा शक्ति प्रदर्शन है। 'न्याय उलगुलान महारैली' के जरिये इंडी गठबंधन के घटक दल कई सियासी निशाने साधने की कोशिश तो करेंगे ही, झारखंड मुक्ति मोर्चा के लिए इसकी सफलता ही राज्य में उसकी ताकत का पैमाना बनेगी। इसलिए इसकी तैयारी में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी जा रही है। महारैली में इंडी गठबंधन के सभी प्रमुख नेताओं को आमंत्रित किया गया है। बताया जा रहा है कि दक्षिण के नेताओं को छोड़ कर गठबंधन के सभी नेता इसमें शामिल होंगे। यह रैली न केवल झारखंड, बल्कि पूरे देश में एक बड़ा सियासी संदेश देने के लिए आयोजित की गयी है, जिसमें भाजपा को लगातार तीसरी बार सत्ता में आने से रोकना प्रमुख है। इसके अलावा इस रैली के माध्यम से हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के खिलाफ माहौल बनाने के साथ कल्पना सोरेन के नेतृत्व को पूरी तरह स्थापित करने के लिए माहौल बनाने की कोशिश भी की जायेगी। कुल मिला कर यह रैली केवल सियासी शक्ति प्रदर्शन नहीं, बल्कि झारखंड की दशा-दिशा तय करनेवाली साबित हो सकती है। क्या हैं रैली की तैयारियां और क्या है इसको लेकर माहौल, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

कभी एकीकृत बिहार की ग्रीष्मकालीन राजधानी रही और इस समय झारखंड की राजधानी रांची इस समय प्रचंड गर्मी तो झेल ही रही है, यहां का सियासी तापमान भी कम नहीं है। अब से कुछ घंटे बाद रांची में इंडी गठबंधन की न्याय उलगुलान महारैली होने जा रही है, जिससे न केवल झारखंड मुक्ति मोर्चा, बल्कि इंडी गठबंधन का पूरा भविष्य जुड़ा हुआ है। महारैली का आयोजन झारखंड मुक्ति मोर्चा कर रहा है और इसमें कांग्रेस, राजद और आम आदमी पार्टी समेत 28 राजनीतिक दलों के प्रमुख नेता भाजपा और केंद्र सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे। महारैली का केंद्र बिंदु पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन होंगे, जो इस समय जेल में बंद हैं।

रांची की यह महारैली मुंबई और दिल्ली के बाद इंडी गठबंधन का तीसरा शक्ति प्रदर्शन होगा। इस रैली के माध्यम से जहां आसन्न चुनाव में भाजपा को रोकने की रणनीति को अंतिम रूप दिया जायेगा, वहीं हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के खिलाफ एक बड़ा आंदोलन खड़ा करने और भविष्य में कल्पना सोरेन की ताजपोशी के लिए अनुकूल माहौल तैयार करने की कोशिश भी की जायेगी। इस लिहाज से यह रैली इंडी गठबंधन के साथ झामुमो की भी प्रतिष्ठा से जुड़ गयी है।

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने महारैली की तैयारी का पूरा जिम्मा संभाल रखा है। रैली को लेकर उनकी गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि एक तरफ वह जहां कार्यकर्ताओं से मुखातिब हो रही हैं, वहीं गठबंधन दलों के नेताओं के साथ समन्वय भी कर रही हैं। पति की अनुपस्थिति में सारा दारोमदार कल्पना सोरेन पर है। कल्पना सोरेन ने मुंबई और दिल्ली की रैलियों में भाग लिया है और प्रमुखता से अपनी बातें रखी हैं। इसलिए झामुमो की तरफ से रैली को सफल बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किये जा रहे हैं।




रैली को सफल बनाने के लिए झामुमो और इंडी गठबंधन के दूसरे घटक दलों ने पूरी ताकत झोंक दी है। दावा किया जा रहा है कि रैली में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी से लेकर अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राजद प्रमुख लालू यादव, तेजस्वी यादव, शरद पवार, उद्धव ठाकरे, अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, आप सांसद संजय सिंह से लेकर वामपंथी दलों के नेता तक शामिल होंगे।

### इन मुद्दों पर केंद्र सरकार को घेरेंगे

महारैली का केंद्र बिंदु पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन होंगे। इंडी गठबंधन के दिग्गज नेता रैली के मंच से केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग समेत अन्य मुद्दों पर केंद्र सरकार को घेरेंगे। इसके अलावा हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और महंगाई जैसे अहम मुद्दे भी रैली में उठाये जायेंगे। रैली में लोकसभा चुनाव में गठबंधन का साझा प्रचार अभियान चलाने को लेकर भी रणनीति तय की जायेगी। जाहिर है कि रैली के बाद इंडी गठबंधन का चुनाव प्रचार अभियान जोर पकड़ेगा।

कल्पना सोरेन के अनुसार, देश के लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए, संवैधानिक संस्थाओं की स्वायत्तता के लिए, अन्यायपूर्ण तरीके से जेल में बंद जननेताओं की रिहाई के लिए, जल, जंगल, जमीन की रक्षा के लिए उलगुलान न्याय रैली इतिहास रचने जा रही है। उन्होंने झारखंड और झारखंडियत की रक्षा के लिए, 1932 खतियान, सरना आदिवासी धर्म कोड, झारखंड में आदिवासी, पिछड़ों और दलित के आरक्षण में बढ़ोतरी, झारखंड के पिछड़े वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण, हो, मुंडारी और कुड़ुख भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करवाने, झारखंड के 1.36 लाख करोड़ रुपये बकाया राशि की मांग की आवाज को बुलंद करने के लिए रैली में शामिल होने का आह्वान लोगों से किया है। उन्होंने आगे कहा कि रैली के मंच से विधवा, बुजुर्ग, दिव्यांगजनों की सामाजिक सुरक्षा, गरीब, वंचित और शोषित के हक-अधिकार, महिला, युवा, किसान, मजदूर के स्वाभिमान, युवाओं को नौकरी, रोजगार और स्वरोजगार, कृषि ऋण माफी, कृषि एवं वन उत्पाद के सही मूल्य के लिए, आदिवासी, दलित, पिछड़ा और अल्पसंख्यक वर्ग के विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति बढ़ाने, मनरेगा में मजदूरी दर में वृद्धि, सरकारी कर्मचारियों के ओपीएस, संघीय ढांचे की रक्षा के लिए, अपनी आवाज बुलंद करने को, उलगुलान शुरू करने की घोषणा की जायेगी।

### पांच लाख से अधिक भीड़ जुटाने का लक्ष्य

प्रभात तारा मैदान में होने वाली महारैली की सफलता के लिए हर दल अपने स्तर से प्रयास कर रहा है। झामुमो के महासचिव और केंद्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य के मुताबिक रैली में पूरे राज्य से पांच लाख लोगों को जुटाने की रणनीति बनी है। इसके लिए इंडी गठबंधन के घटक दल विभिन्न जिला इकाइयों से लगातार संपर्क कर उन्हें हिदायत दे रहे हैं।

### इसलिए अहम है यह महारैली

झामुमो के लिए न्याय उलगुलान महारैली इसलिए भी अहम है, क्योंकि वह पहली बार अखिल भारतीय स्तर की रैली की मेजबानी कर रहा है। रैली का सफल आयोजन इसलिए और भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह पार्टी के दो शीर्ष नेताओं, शिबू सोरेन और हेमंत सोरेन की अनुपस्थिति में आयोजित हो रही है। इसलिए इस रैली को झारखंड ही नहीं, पूरे देश की दशा-दिशा तय करने के घटनाक्रम के रूप में देखा जा रहा है।

# आदिवासी जमीन के लुटेरों को उलगुलान जैसे पवित्र शब्द के प्रयोग से बचना चाहिए : बाबूलाल मरांडी

**इंडी गठबंधन के साथियों के लिए आदिवासी कल्याण कभी मुद्दा नहीं था, आज भी नहीं है**

**रैली का उद्देश्य है परिवारवादी और तुष्टिकरण की मानसिकता को बढ़ावा देना, भ्रष्टाचार करना और करनेवालों को बढ़ावा देना**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आदिवासी समाज की जमीन और उनके संसाधनों को लूटने और तबाह करने वालों को उलगुलान जैसे पवित्र शब्द के प्रयोग से बचना चाहिए तथा इतिहास में झांक कर इंडी गठबंधन के साथियों को एक बार उलगुलान विद्रोह को फिर से पढ़ा जाना चाहिए। उक्त बातें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कही हैं।

बाबूलाल मरांडी के अनुसार उलगुलान विद्रोह मूल निवासियों के संसाधनों, उनकी जमीनों और उनके अधिकारों को जमीदारों और साहूकारों द्वारा छीने जाने के विरोधस्वरूप उत्पन्न हुआ था। बाबूलाल का कहना है कि आज इंडी गठबंधन उन्हीं साहूकारों और जमीदारों की तरह आदिवासी समाज की जमीनों को हड़प कर उलगुलान जैसे शब्दों का उपयोग कर उसका राजनीतिकरण कर जनता को बरगलाने का प्रयास कर रहा है। बाबूलाल ने कहा कि उलगुलान विद्रोह को लेकर आदिवासी कवि हरीराम मीणा ने भगवान बिरसा मुंडा जी पर कविता लिखी थी, जिसकी चंद पंक्तियां इस प्रकार हैं

*मैं केवल देह नहीं,*
*मैं जंगल का पुश्तैनी दावेदार हूं।*
*पुश्तें और उनके दावे मरते नहीं*
*मैं भी मर नहीं सकता*
*मुझे कोई भी जंगलों से बेदखल नहीं कर सकता*
*उलगुलान! उलगुलान!!*
*उलगुलान!!!*

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आज हेमंत के नेतृत्व में उन्हीं आदिवासी समाज की पुश्तैनी जमीनों को अवैध तरीके से कब्जा जमा कर बैंक्वेट हॉल बनाने का सपना संजोया जा रहा है। ऐसे व्यक्ति के लिए उलगुलान जैसे क्रांतिकारी शब्द का प्रयोग करके भगवान बिरसा मुंडा जी को अपमानित किया जा रहा है।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि ऐसे में इंडी गठबंधन के लिए मुद्दा- सच्चाई, इंसाफ, न्याय न होकर, भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार हेमंत सोरेन को अपराध मुक्त घोषित करना है। शामिल होने वाले इंडी गठबंधन के साथियों के लिए आदिवासी कल्याण कभी मुद्दा था भी नहीं, और आज भी नहीं है। उनके लिए मुख्य विषय यह है कि हेमंत के भ्रष्टाचार को उजागर क्यों किया गया? उसके शोषण और अत्याचार के तरीकों को जनता के पटल पर रख कर बताया क्यों गया?

बाबूलाल के अनुसार उन्हें इस बात से परेशानी है कि हेमंत सोरेन जो एक मुख्यमंत्री थे, उनकी राजनीतिक प्रतिष्ठा थी, जो आदिवासी समाज से खुद को ऊपर मान बैठे हैं, समाज के सामने उनकी वास्तविकता को क्यों बताया जा रहा है, उनके भ्रष्टाचार तथा आदिवासी समाज की लूटी हुई जमीनों के सच को उजागर क्यों किया जा रहा है।



मेरा मानना है कि राजनीति में भ्रष्टाचार और परिवारवाद एक दूसरे से दूर नहीं है, बल्कि एक दूसरे का पूरक है। आप पूरे देश में किसी भी परिवारवादी पार्टी को देखेंगे तो यह कथन सर्वथा सत्य होगा, क्योंकि वसीयत स्वरूप परिवारों द्वारा सिर्फ मुफ्त में राजनीतिक पद और प्रतिष्ठा भर नहीं दी जाती, बल्कि साथ में भ्रष्टाचार और उनको छुपाने के नुस्खे भी बताये और दिये जाते हैं।

बाबूलाल के अनुसार सबको पता है कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, जिनके लिए इस रैली का आयोजन किया जा रहा है, उनका हाथ पैर तो दूर, पूरा शरीर ही भ्रष्टाचार के दलदल में पूरी तरह डूबा हुआ है। पिछले चार साल के कार्यकाल में हेमंत ने आदिवासी समाज के मान, सम्मान और पहचान को न सिर्फ धूमिल किया है, बल्कि आदिवासी धरोहरों को नष्ट करके उनके संसाधनों को बिचौलियों के हाथों बेचने का तथा उनकी जमीनों को अवैध तरीके से कब्जा करने तथा अपने साथियों की मदद से कागजों में भी हेरफेर करने का कुत्सित प्रयास किया है। जिस आदिवासी समाज के हितों का दिखावा कर, झूठे सपने दिखा कर हेमंत ने खुद को सत्ता पर काबिज किया था, वही हेमंत आज आदिवासी समाज की जमीनों को निगलने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

बाबूलाल ने कहा कि इंडी-गठबंधन के आये हुए साथियों की वंशावली निकाल कर आप सभी देख सकते हैं, समझ सकते हैं कि इनका रैली में आने का अभिप्राय- परिवारवाद की राजनीति को और आगे तक बढ़ाने और अत्याचार तथा शोषण के नये-नये तरीकों से जनता को गुमराह करने के लिए नयी कुनीतियों के निर्माण से है।

बतौर बाबूलालः इंडी गठबंधन के साथियों का मानना है कि जनता के दुख दर्द को अनदेखा कर कैसे परिवारवादी राजनीति के माध्यम से सत्ता पर हमेशा के लिए काबिज रहा जाये, इससे यह बात तो स्पष्ट है कि ये जुटान किसी आदिवासी समाज के हितों को ध्यान देने के लिए नहीं, अपितु अपनी परिवारवादी राजनीति को कैसे सुरक्षित रखा जा सके, उसके लिए है।

गौर से देखिए, इन भ्रष्टाचारी, अत्याचारी और परिवारवादी चेहरों को, जिनके कदम कभी हवाई जहाज तथा चार्टर प्लेन से नीचे जमीन पर नहीं पड़े, आज ये नाटक कर नंगे पैर चलने वालों का कष्ट समझने आये हैं, दरसल ये जुटान एक समाज का अपमान करने के लिए, उनका मजाक बनाने के लिए तथा अपनी राजनैतिक रोटी सेंकने के लिए है।

**बाबूलाल ने कहाः** आइए इस बात को समझते हैं कि जिस रैली का आयोजन आज किया जा रहा है, उसके मुद्दे, जनता के मुद्दों से किस प्रकार अलग हैं। जहां झारखंडवासियों के लिए बेरोजगारी, भुखमरी, बुनियादी जरूरतों की कमी (बिजली,पानी, और आवास) तथा पलायन जैसी गंभीर समस्याएं हैं, वहीं इंडी गठबंधन के लिए मुख्य विषय- परिवारवादी तथा तुष्टिकरण की मानसिकता को बढ़ावा देना, भ्रष्टाचार करना और भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देना, कुशासन की सारी हदों को पार करना, आदिवासी जमीनों एवं संपदाओं को लूटने के नये तरीके ढूंढ़ना, ट्रांसफर पोस्टिंग के नाम पर अधिकारियों से मनमानी वसूली करना, युवाओं के भविष्य को अंधकार में रख कर अपने और अपने परिवार के भविष्य को बेहतर बनाना, महिला सुरक्षा के नाम पर राज्य में डर और भय का माहौल स्थापित करना, और जनता को लूट कर,उनके ही नाम पर, उनसे ही सहानुभूति बटोरना है।

अंत में यह समझा जाना बहुत आवश्यक है कि यह सम्मलेन भ्रष्टाचारियों का, भ्रष्टाचारियों के लिए तथा भ्रष्टाचारियों के द्वारा आयोजित किया गया है। बाबूलाल ने कहा कि इसी तरह यह भी समझना चाहिए कि कैसे समाज में दो तरह को राजनीति हो रही है। एक तरफ इंडी गठबंधन, जो अपनी हिंदूविरोधी मानसिकता के साथ परिवारवाद, भ्रष्टाचार तथा तुष्टिकरण को बढ़ावा देकर अपने स्वार्थों की पूर्ति कर रहा है, वहीं दूसरी ओर भाजपा सरकार जिसका मुख्य उद्देश विकसित भारत के संकल्प के साथ, देश की एकता तथा अखंडत को मजबूत करना और देश की सांस्कृतिक धरोहरों को पुनर्जीवित करके देश का गौरव बढ़ाना, समाज के सभी वर्गों की बराबर भागीदारी सुनिश्चित कराना, आदिवासी समाज के खोये हुए मान, सम्मान और अभिमान को वापस लौटाना, महिलाओं के सशक्तिकरण तथा चारों अमृत स्तंभों को मजबूत कर सबका साथ, सबका विकास और सबके प्रयास से विकासयुक्त तथा आरोपमुक्त जनकल्याणकारी सरकार का गठन करना है। मुझे झारखंड की जनता पर पूरा विश्वास है कि मेरे परिवारजन इस फर्क को अच्छी तरह से समझते हैं, और उन्हें पता है कि अपने बहुमूल्य वोट का सही इस्तेमाल कब और कैसे करना है।

## उलगुलान रैली

# परिवारवाद को बढ़ावा देने वाले जुटेंगे : अर्जुन मुंडा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के द्वारा 21 को होनेवाली उलगुलान रैली को लेकर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि इस रैली में आने वाले सभी परिवारवाद को बढ़ावा देने वाले लोग हैं। इस रैली में वैसे लोगों की जमात होगी, जो भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। देश की जनता अब भ्रष्टाचार के खिलाफ गोलबंद हो गयी है। ऐसे लोगों की जमात को पूरे देश की जनता देख रही है। इन लोगों ने किस तरीके से राजनीत को हथियार बना कर ऐसा उपयोग किया कि वो देश के लिए दुरुपयोग साबित हो रहा है। अब ऐसे लोगों की जमात बनेगी, जिसके नेता पर ही सवाल खड़ा है।

देश के अंदर एक ऐसे दल जो शासन में रहे हैं, शासनों का दुरुपयोग करते रहे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल 2004 से 2014 के बीच में स्पष्ट दिखा कि किस तरह से भ्रष्टाचार हुआ। सवाल यह है कि जो मुद्दे हैं, उसे आप सही तरीके से रखें। वहां रखने के बजाय हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। इनके कार्यकाल में जम कर भ्रष्टाचार हुए हैं और भ्रष्टाचार के कारण आम आदमी त्रस्त हुए हैं।

श्री मुंडा ने कहा कि झारखंड में पीएम आवास निर्माण के लिए लाभुकों को बालू नहीं मिल रहा है, जबकि इनके बिचौलिए खुलेआम बालू की तस्करी करने में लगे हुए हैं। केंद्र सरकार की योजनाओं में इन लोगों ने जम कर लूट मचा रखी है। साथ ही राज्य सरकार की योजनाओं में भी कई योजना सिर्फ कागजों तक ही सीमित है।

अर्जुन मुंडा ने कहा इस उलगुलान रैली से इंडी गठबंधन को कोई लाभ मिलने वाला नहीं है। वहीं लोकसभा चुनाव के प्रथम फेज में भाजपा को सफलता मिलने की बातें कही। वहीं खूंटी लोकसभा चुनाव में चुनौतियों पर सवाल करने पर कहा कि यह चुनाव खूंटी की जनता लड़ रही है और जनता की हमेशा जीत होती है।

# इस तरह चुनाव की रीढ़ बन गयी इवीएम

## जानकारी

**सलोनी**

चुनाव लोकतंत्र की धड़कन है। जब भारत स्वतंत्र हुआ, तो संशयवादियों ने सोचा कि एक गरीब और अशिक्षित राष्ट्र लोकतंत्र को जीवित रखने में विफल रहेगा। लेकिन उनकी यह मंशा सफल नहीं हुई।



### ऐसे हुआ इवीएम का भारत में प्रवेश

श्याम लाल शकधर 1977 से 1982 तक मुख्य चुनाव आयुक्त रहे। भारत के चुनाव आयोग को मतपत्र और बक्से से इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (इवीएम) में बदलने में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। इस आमूल-चूल परिवर्तन के कइ संभावित कारण थे।

शकधर ने पहले लोकसभा सचिवालय में काम किया था और उसके बाद 1950 के दशक के उत्तरार्द्ध से सदन की कार्यवाही में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग का प्रयोग देखा था। इस अनुभव ने उन्हें यह विश्वास दिलाया कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों का इस्तेमाल आम चुनावों में सुविधाजनक हो सकता है। फिर एक ऐसे मुद्दे, जिसने बदलाव को प्रेरित किया और बूथ कैप्चरिंग की समस्या थी, जहां हथियारबंद व्यक्ति मतदान केंद्र पर धावा बोल देते थे और किसी विशेष उम्मीदवार के पक्ष में मतपेटी में वोट भर देते थे। 1977 के आम चुनावों में 29 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में जबरन मतपत्र डाले गये थे।

वहीं मतपत्र और बक्सों के उपयोग ने तार्किक चुनौतियां भी प्रस्तुत कीं। प्रत्येक मतदाता के लिए एक मतपत्र की आवश्यकता थी और एक बार की लागत होने के बावजूद स्टील बक्से को नियमित रखरखाव की आवश्यकता थी, जैसे कि जंगरोधी उपचार और पेंटिंग। 1977 में शकधर ने हैदराबाद में इलेक्ट्रॉनिक कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (इसीआइएल) का दौरा किया।

उन्होंने सरकारी उपक्रम से चुनाव में इलेक्ट्रॉनिक गैजेट के उपयोग की संभावना तलाशने का आग्रह किया। शकधर वास्तव में बूथ कैप्चरिंग की समस्या, मौजूदा वोटिंग पद्धति के साथ तार्किक मुद्दों और लोकसभा में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग के अपने अनुभव के कारण यह बदलाव लाने के लिए प्रेरित हुए थे।

### चुनौतियों पर काबू पाना

हालांकि इवीएम रोलआउट में एक बाधा आ गयी। 1984 में परवूर उपचुनाव के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि विधायी समर्थन के बिना चुनावों में इवीएम का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। सरकार को लिखे एक पत्र में तत्कालीन सीइसी त्रिवेदी ने इवीएम पर शीर्ष अदालत के फैसले के बाद इसीआइ की दुविधा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इसीआइ की सिफारिशों के बावजूद कानून में संशोधन में सरकार की देरी ने चुनाव निगरानी संस्था को 'अजीब और शर्मनाक' स्थिति में डाल दिया है। उन्होंने सरकार से इवीएमएस के भविष्य में उपयोग की सुरक्षा के लिए तत्काल विधायी कार्रवाई करने का आग्रह किया। सांसदों ने इवीएम पर कोर्ट के फैसले को भी संसद में उठाया। वे इस मामले पर सरकार का रुख जानना चाहते थे। राज्यसभा में लालकृष्ण आडवाणी के ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के जवाब में तत्कालीन कानून मंत्री जगन्नाथ कौशल ने कहा कि सरकार संतुष्ट होने पर इवीएम का उपयोग करने के लिए सहमत थी। शीर्ष अदालत के आदेश और सरकार के रुख का मतलब था कि इसीआइ को इवीएम कार्यक्रम को दो साल के लिए ठंडे बस्ते में डालना पड़ा। अगले सीइसी, आरवीएस पेरी शास्त्री, जो कानून मंत्रालय के अनुभवी थे, को इवीएम के उपयोग के लिए सरकार को सहमत करना पड़ा।

1986 में उनकी पहल पर इसीएल ने तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की अध्यक्षता वाली राजनीतिक मामलों की कैबिनेट समिति के समक्ष इवीएम के प्रदर्शन की व्यवस्था की। जब बूथ कैप्चरिंग का मुद्दा सामने आया, तो राजीव गांधी ने सुझाव दिया कि मतदान की गति को नियंत्रित करने वाला एक टाइमिंग डिवाइस आंशिक रूप से समस्या का समाधान कर सकता है। यह इनपुट अभी भी वर्तमान इवीएम में लागू है और एक मिनट में चार से अधिक वोट नहीं डाले जा सकते हैं। इसके बाद कैबिनेट ने इसे मंजूरी दे दी और 1988 में संसद ने एक संवैधानिक संशोधन पारित कर मतदान की उम्र घटा कर 18 वर्ष कर दी और आवश्यक संशोधन किया। मशीनों का उपयोग पहली बार 2004 में आम चुनावों में किया गया था। इस बार चुनाव में पूरे भारत में दस लाख से अधिक इवीएम तैनात की गयी है। इस साधारण और सस्ती मशीन ने भारतीय चुनावी प्रक्रिया को दुनिया की सबसे कुशल प्रक्रिया में से एक बनाने और उन्नत देशों के लिए अनुकरणीय मॉडल बनाने में महत्वपूर्ण, लेकिन कम सराहनीय भूमिका निभायी है। आज की इवीएम दो सरकारी कंपनियों, बीइएल और इसीआइएल में गुमनाम इंजीनियरों के दशकों के काम का परिणाम है। इसका वर्तमान आकार और डिजाइन आइआइटी-बॉम्बे के औद्योगिक डिजाइन केंद्र के प्रोफेसर एजी राव और रवि पूवैया के सौजन्य से है। पिछले कुछ वर्षों में इसीआइ ने यह सुनिश्चित करने के लिए काम किया है और प्रक्रियाओं को फिर से तैयार किया है कि इवीएम अधिक कुशल हों, और उन्हें आम और राज्य चुनावों में पूरे देश में तैनात किया जा सके।

# कोडरमा में रीतलाल वर्मा ने डाली थी भाजपा की मजबूत नींव

## पांच बार चुने गये थे सांसद

**संजीव**

**कोडरमा।** कोडरमा संसदीय क्षेत्र से पांच बार सांसद चुने गये रीतलाल प्रसाद वर्मा (स्व) ने इलाके में भारतीय जनता पार्टी की मजबूत नींव रखी थी। कॉलेज से ही राजनीति में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने वाले कोडरमा के रीतलाल प्रसाद वर्मा राजनीतिक जीवन में चुनाव मैदान में सफलता का सफर तय करते गये। वे वकालत छोड़ राजनीति में आये और यहां अपनी एक अलग पहचान बनायी। 1969 में जनसंघ का जिलाध्यक्ष बनने के बाद 1972 में जनसंघ के टिकट पर जमुआ विधानसभा से पहली बार विधायक बने थे और कांग्रेस के मजबूत संगठन को ध्वस्त करने में सफल रहे थे। उन्होंने जमुआ विस क्षेत्र पर तत्कालीन श्रम मंत्री और कांग्रेस के दिग्गज नेता सदानंद प्रसाद को मात दी। गरीब गुरबों को अधिकार दिलाने और साफ-सुथरे शासन-प्रशासन का निर्माण करना ही रीतलाल वर्मा का मुख्य उद्देश्य था। यही कारण है कि वर्ष 1974 में लोकनायक जयप्रकाश नारायण के आह्वान पर उन्होंने एकीकृत बिहार विधानसभा से विधायक पद से त्याग पत्र दे दिया और जेपी के आंदोलन में शामिल हो गये। 1977 में कोडरमा संसदीय क्षेत्र का गठन हुआ। तब पहली बार लोकदल से रीतलाल प्रसाद वर्मा सांसद बने और इस क्षेत्र के ज्वलंत मुद्दों को संसद में उठाने का कार्य किया। जमुआ प्रखंड के भंडारो गांव में 1 फरवरी, 1938 को किसान परिवार में जन्मे स्व. रीतलाल प्रसाद वर्मा ने एलएलबी और डीआइपी की शिक्षा लेने के बाद राजनीति को कॅरियर बनाया। गिरिडीह-कोडरमा रेलवे लाइन, मरकच्चो के बरियारडीह आयुध कारखाना के लिए वे संसद में बात रखते रहे। अलग वनांचल राज्य के लिए संसद के भीतर एवं बाहर आवाज को बुलंद करते रहे। वे 1977 के बाद जनता पार्टी से 1980, भाजपा से 1889, 1996 और 1998 में कोडरमा से सांसद चुने गये थे।



### पहली बार रिकार्ड मतों से जीते

रीतलाल प्रसाद वर्मा ने अपना पहला संसदीय चुनाव वर्ष 1977 में रिकार्ड मतों से जीता। उस समय कुल मतदाताओं की संख्या 602764 थी, जिसमें 261508 वोट डाले गये। कुल वैध मतों की संख्या 251525 थी, जिसमें रीतलाल प्रसाद वर्मा को 169387 मत मिले थे, जो कुल मतों का 67.34 प्रतिशत था। यह रिकॉर्ड अब तक नहीं टूटा है। 1977 के चुनाव में कांग्रेस के चपलेंदु भट्टाचार्य को 53359, भाकपा के रामनारायण प्रसाद यादव को 21377 और निर्दलीय जोहन मरांडी को 7412 मत मिले थे।

# बीजद को ओड़िशा में मिली अभिनेत्री वर्षा प्रियदर्शिनी

**राजवीर**

ओड़िशा में लोकसभा और विधानसभा चुनावों के बीच सत्ताधारी बीजू जनता दल को बड़ा ग्लैमरस चेहरा मिला है। उड़िया और बंगाली फिल्मों की अभिनेत्री वर्षा प्रियदर्शिनी ने बीजेडी की सदस्यता ग्रहण की है। 39 साल की वर्षा प्रियदर्शिनी ओड़िशा में काफी ज्यादा लोकप्रिय हैं। उनकी युवाओं के बीच काफी गहरी पैठ है। अभी तक वर्षा प्रियदर्शिनी फिल्मों के अलावा एक अपनी संस्था के जरिए सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय थीं। बीजेडी में शामिल होने के साथ ही वर्षा प्रियदर्शिनी ने सीएम नवीन पटनायक से भी मुलाकात की। राज्य में नवीन पटनायक की अगुवाई वाली बीजेडी अकेले दम पर चुनाव लड़ रही है।

वर्षा प्रियदर्शिनी ने ग्लैमर वर्ल्ड की दुनिया में बतौर मॉडल कदम रखा था। बाद में वे अभिनय भी करने लगीं। 7 अगस्त, 1984 को वर्षा प्रियदर्शिनी जन्म ओड़िशा के कटक में हुआ था। वे अभिनय की दुनिया में 2001 से सक्रिय हैं। अब तक सात बंगाली फिल्मों के साथ करीब दो दर्जन से ज्यादा उड़िया फिल्मों में काम किया है। वर्षा प्रियदर्शिनी ने एक्टर और फिल्म प्रोड्यूसर अनुभव मोहंती से शादी की है। वे भी कटक के रहने वाले हैं। ओड़िशा में लोकसभा की कुल 21 सीटें हैं। 2019 में चुनाव में बीजू जनता दल को 12, बीजेपी को 8 और कांग्रेस को एक सीट मिली थी। ओड़िशा में लोकसभा चुनावों के साथ विधानसभा के चुनाव भी हो रहे हैं।

## ग्लैमर का तड़का



# कटिहार में नीतीश के दुलाल को दूसरा मौका या तारिक मारेंगे छक्का

**विद्यासागर**

## बिहार का रणक्षेत्र





जूटनगरी के नाम से विख्यात कटिहार हमेशा से सीमांचल और बिहार की राजनीति का चर्चित केंद्र रहा है। पश्चिम बंगाल की सीमा से सटे इस क्षेत्र में कोसी, गंगा और महानदी की धारा बहती है। उपजाऊ जमीन वाले इस क्षेत्र में हर बड़े दल को यहां की जनता ने सींचा है। 2024 का चुनाव सीमांचल में दिलचस्प है। लोकसभा चुनाव 2024 के रण में एक तरफ पिछले चुनाव में 57 हजार से अधिक वोट से जीते जदयू के दुलालचंद्र गोस्वामी दोबारा मैदान में हैं, वहीं महागठबंधन की ओर से पांच बार सांसद रहे कांग्रेस प्रत्याशी तारिक अनवर मैदान में डटे हैं।

संसदीय राजनीति में कटिहार लोकसभा क्षेत्र से बड़े-बड़े दिग्गजों को प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है। कटिहार ने इंडियन नेशनल कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष के पद पर रहे सीताराम केसरी के साथ-साथ समाजवादी नेता युवराज को लोकसभा भेजा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री तारिक अनवर को पांच बार यहां से सांसद बनने का गौरव प्राप्त है। भाजपा के निखिल कुमार चौधरी ने भी यहां से हैट्रिक लगायी है। जदयू के दुलालचंद्र गोस्वामी दोबारा चुनावी मैदान में उतरे हैं। दूसरे चरण के तहत आगामी 26 अप्रैल को कटिहार लोकसभा चुनाव का मतदान होना है। विगत लोकसभा चुनाव में एनडीए की ओर से अत्यंत पिछड़ी जाति के प्रत्याशी के रूप में जदयू कोटे से दुलालचंद्र गोस्वामी को उम्मीदवार बनाया गया था। मुख्यमंत्री नीतीश और मोदी लहर समेत अन्य भाजपा नेताओं के लगातार रैली एवं दौरे के बाद पिछले चुनाव में माहौल बदला और जदयू नेता दुलालचंद्र गोस्वामी ने 57 हजार मतों से जीत हासिल की थी।

तारिक अनवर को कटिहार लोकसभा क्षेत्र से 1980, 1984, 1996 और 1998 में सांसद बनने का अवसर मिला। इसके बाद 2014 में उन्हें राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी से राजद के समर्थन से लोकसभा सदस्य बनने का मौका मिला। 2019 के चुनाव में एनडीए प्रत्याशी के हाथों इन्हें पराजय का स्वाद चखना पड़ा। बावजूद 2024 के चुनावी समर में फिर एक बार पुराने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी आमने-सामने हैं।

छह विधानसभा क्षेत्र से युक्त कटिहार लोकसभा क्षेत्र में कदवा और मनिहारी दो विधानसभा में कांग्रेस के विधायक हैं। वहीं बलरामपुर विधानसभा क्षेत्र पर भाकपा-माले का कब्जा है। कटिहार, प्राणपुर से भाजपा, जबकि बरारी से जदयू के विधायक हैं। लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार के लिए 'एमवाइ' समीकरण अहम है। एनडीए के तहत जदयू प्रत्याशी को पीएम के चेहरे के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नाम पर अत्यंत पिछड़े और मुस्लिम समुदाय के वोटों का भी आसरा है।

कटिहार का पौराणिक और राजनीतिक महत्व रहा है। पौराणिक कथाओं में कहा जाता है कि भगवान श्रीकृष्ण की मनिहारी में मणि खो गयी थी। वहीं राजनीतिक रूप से यह लोकसभा क्षेत्र 1991 में पूर्व राज्यपाल युनूस सलीम और 1996 में पूर्व गृह मंत्री मुफ्ती मोहम्मद सइद एवं समाजवादी नेता युवराज का कर्म क्षेत्र रहा। कोसी, गंगा और महानंदा नदी की धारा वाली यह जमीन राजनीतिक रूप से भी उपजाऊ है। कांग्रेस, भाजपा के अलावा समाजवाद के बड़े नेता को भी यहां की जनता ने संसद भेजा है।

# कांग्रेस के लिए गेम चेंजर साबित होंगे कन्हैया!

**प्रशांत**

## चर्चित चेहरा



आगामी लोकसभा चुनाव में उत्तर पूर्वी दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र से कन्हैया कुमार को मैदान में उतारने का कांग्रेस का निर्णय मौजूदा भाजपा सांसद मनोज तिवारी का मुकाबला करने के लिए एक सोचा-समझा कदम प्रतीत होता है। कांग्रेस के 'के' फैक्टर - कन्हैया का परिचय पार्टी को पुनर्जीवित करने की एक व्यापक रणनीति का हिस्सा प्रतीत होता है, जो 2013 से राजधानी शहर में गिरावट पर है। कांग्रेस ने अपने दुर्भाग्य को दूर करने के प्रयास में, विभिन्न रणनीतियों का प्रयोग किया है, लेकिन पिछले एक दशक में कोई भी सफल नहीं हुआ है। इस संदर्भ में, कन्हैया कुमार कांग्रेस के वाइल्ड कार्ड प्रतीत होते हैं, जो उस बात की याद दिलाता है कि कैसे 90 के दशक के अंत में सोनिया गांधी दिल्ली में एक मजबूत भाजपा का मुकाबला करने के लिए शीला दीक्षित को लेकर आयी थीं। उस समय यह सिर्फ भाजपा का मुकाबला करने के बारे में नहीं था, बल्कि सज्जन कुमार, जगदीश टाइटलर, एचकेएल भगत और राम बाबू शर्मा जैसे कांग्रेस के दिग्गजों को नियंत्रण में रखने के बारे में भी था, जिनके बारे में पार्टी सोचती थी कि वे अपने चरम पर हैं। यह कदम रंग लाया, क्योंकि दीक्षित भाजपा के प्रभाव को खत्म करने और उसके स्थानीय नेतृत्व को कमजोर करने में सफल रहीं। दीक्षित दिल्ली की राजनीति में एक बड़ी हस्ती बन गयीं। 2024 तक तेजी से आगे बढ़ते हुए, कांग्रेस उम्मीद कर रही है कि कन्हैया कुमार के साथ उसका जुआ पार्टी की किस्मत बदल सकता है। उन्हें दिल्ली में जटिल चुनौतियों से निपटने के लिए लाया गया है, जिसमें अन्य प्रमुख 'के' फैक्टर - अरविंद केजरीवाल - शामिल हैं, जो वर्तमान में आम आदमी पार्टी के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार के प्रमुख हैं, जिसमें भाजपा मुख्य विपक्षी दल है।

एनएसयूआइ प्रभारी और एआइसीसी सदस्य कन्हैया ने कहा कि देश में कांग्रेस ही एकमात्र पार्टी है, जो भाजपा, उसके सांप्रदायिक और फासीवादी शासन और अडानी-मोदी के अपवित्र गठबंधन से लड़ सकती है। उत्तर पूर्वी दिल्ली में उत्तरप्रदेश और बिहार से आये लोगों की एक बड़ी आबादी है और उन्हें पूर्वांचली कहा जाता है। 37 वर्षीय कुमार पूरी तरह से उस क्षेत्र से नहीं आते हैं, लेकिन उनकी बिहारी विरासत उन्हें एक सच्चे पूर्वांचली तिवारी के खिलाफ उम्मीदवार के रूप में खड़ा करती है। पूर्वांचली के रूप में चित्रित किये जाने के अलावा, कुमार की उम्मीदवारी को कांग्रेस द्वारा मुस्लिम वोटों को मजबूत करने के प्रयास के रूप में भी देखा जा रहा है। उत्तर पूर्वी दिल्ली में 30 प्रतिशत से अधिक मतदाता मुस्लिम हैं, नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के खिलाफ कुमार के रुख ने उन्हें कांग्रेस के लिए अपनी उम्मीदवारी बुक करने में मदद की। 2020 में, सीएए को लेकर तनाव के कारण निर्वाचन क्षेत्र में बड़े पैमाने पर दंगे हुए। सीएए की कुमार की आलोचना और अल्पसंख्यक समुदाय के साथ कथित तालमेल ने उन्हें निर्वाचन क्षेत्र में मुस्लिम मतदाताओं को आकर्षित करने की कांग्रेस की रणनीति में अनुकूल स्थिति में ला दिया है। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ के अध्यक्ष रहते हुए राष्ट्रविरोधी नारे लगाने का आरोप लगने के बाद कुमार राष्ट्रीय स्तर पर मशहूर हो गये। नकारात्मक प्रचार के बावजूद, उन्होंने 2014 में बीजेपी के सत्ता में आने का विरोध करने वालों से समर्थन हासिल किया। बिहार की बेगूसराय लोकसभा सीट पर 2019 के चुनावों में, कुमार ने बीजेपी नेता गिरिराज सिंह और राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के तनवीर हसन को चुनौती दी। जब कुमार 2021 में कांग्रेस में शामिल हुए, तो सीट-बंटवारे की बातचीत के दौरान राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के साथ उनकी नयी पार्टी का गठबंधन तनाव में आ गया। राजद ने यह सुनिश्चित किया कि कांग्रेस को बेगूसराय में चुनाव लड़ने का मौका न मिले।

# बिहार की चार सीटों पर कम वोटिंग से परेशान हैं दल

**राजीव**

## आकलन



बिहार में इस लोकसभा चुनाव में वोटों का गणित थोड़ा गड़बड़ दिखा। कारण ये कि इससे पहले के तीन लोकसभा चुनाव 2009, 2014, 2019 में औरंगाबाद, गया, नवादा और जमुई में मतदान का प्रतिशत बढ़ता हुआ रिकॉर्ड किया गया था। सिर्फ पिछले लोकसभा चुनाव यानी 2019 की वोटिंग देखें तो इस दफे गया में चार प्रतिशत, नवादा में 4.28%, औरंगाबाद में 3.63 फीसदी और जमुई में 5.21 प्रतिशत कम वोटिंग हुई। इन आंकड़ों के सामने आने के बाद उम्मीदवार अपनी-अपनी जीत का दावा तो कर रहे हैं, लेकिन अंदर ही अंदर सबकी धड़कनें बढ़ी हुई हैं। बिहार की सत्ताधारी जदयू के स्टेट जनरल सेक्रेटरी और प्रवक्ता निखिल मंडल ने कम मतदान को लेकर ट्वीट किया है। उनके मुताबिक चाहे राजद के राजकुमार हों या कांग्रेस के राजकुमार। चाहे तेजस्वी यादव हों या फिर राहुल गांधी। दोनों की राजनीतिक शैली एक ही है, ड्राइंग रूम में बैठ कर एसी चला के ट्वीट कर देना। तो भाई, जैसे नेता होंगे, वैसे ही उनके फॉलोअर्स होंगे। बिहार में कल वोटिंग हुई, एनडीए के वोटर निकले, उन्होंने कर्तव्य को निभाया और अपने नेता के लिए वोट किया। लेकिन इंडी गठबंधन के लोगों ने घर में बैठ के ट्वीट कर दिया कि हां भाई, हमारा गठबंधन जीतेगा। इनकी वोटिंग परसेंटेज ही गिर गयी। तो भाई, क्या होगा, जैसे नेता होंगे वैसे उनके कार्यकर्ता होंगे।

नवादा में 2019 में भी वैश्य समाज की तरफ से 40% वोटिंग हुई थी। इस दफे भी अनुमानित तौर पर उतनी ही वोटिंग हुई। पिछली दफे मुस्लिम वोटरों ने 30 प्रतिशत वोट किया था। इस दफे ये वोटिंग प्रतिशत बढ़ कर एक अनुमान के हिसाब से 35 फीसदी के करीब है। दो बूथों पर वोटिंग का बहिष्कार किया गया। इन दोनों ही बूथों से एक खास पार्टी को एकमुश्त वोट मिलते थे, जो उन्हें इस बार नहीं मिले। नेताओं के तूफानी दौरे भी वोटरों का उत्साह बढ़ाने में नाकाम रहे।

औरंगाबाद में इस दफे वोटिंग प्रतिशत में 3.63 फीसदी की कमी हो गयी। इसके पीछे एक कारण अप्रैल के महीने में चल रही भीषण गर्मी को माना जा रहा है। औरंगाबाद वैसे भी बिहार के ज्यादा तपने वाले जिलों में से एक है। वहीं एक असर शादी ब्याह के लगन को भी माना जा रहा है, क्योंकि कई घरों में शादी है। लोग इस वजह से भी वोटिंग नहीं कर पाये।

गया लोकसभा सीट पर भी पिछली बार के मुकाबले इस बार कम वोटिंग हुई। 2019 के मुकाबले गया लोकसभा सीट पर चार प्रतिशत कम मतदान हुआ। हालांकि सभी चार सीटों के मुकाबले गया का वोटिंग परसेंट अधिक रहा। यहां भी वोटिंग के कम होने के पीछे शादी-ब्याह के लगन को वजह माना जा सकता है। शादी-तिलक समारोहों की वजह से भी कई वोटर बूथ तक नहीं पहुंचे, क्योंकि घर में रस्में निभानी भी जरूरी थीं। एक कारण ये भी है कि बीएलओ के जरिये कई वोटरों को मतदाता पर्ची नहीं मिली। बिहार सरकार के मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने भी बताया था कि उन्हें ऐसी शिकायत मिली थी। गया के राजद प्रत्याशी कुमार सर्वजीत तो खुद मान रहे हैं कि जमुई में चिराग पासवान की माता को राजद समर्थकों की ओर से दी गयी गाली ने उन्हें वोटों का नुकसान पहुंचाया है।

बिहार में लोकसभा चुनाव की चारों सीटों पर वोटिंग के दिन जबरदस्त गर्मी थी। अगर जमुई, की बात करें तो यहां का अधिकतम तापमान 41.8 डिग्री सेल्सियस था। माना जा रहा है कि इसकी वजह से भी वोटर घर से कम निकले। अप्रैल के महीने में ऐसी गर्मी की उम्मीद किसी को नहीं थी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 21 अप्रैल, 2024
www.azadsipahi.in


# खूंटी में सियासत की चौखट पर महिलाओं का दबदबा

## सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में पुरुषों से अधिक है महिला वोटरों की संख्या

अनिल मिश्रा

**रांची।** महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के बराबर जिम्मेदारियां निभा रही हैं। जमीन से लेकर आसमां तक वह कहीं भी पुरुषों से पीछे नहीं हैं। चुनाव मैदान में भी आधी आबादी यदि एकजुट हुई तो निर्णायक भूमिका निभा सकती है। प्रत्येक क्षेत्र में दमखम दिखाने वाली महिलाएं सियासत की चौखट पर भी निर्णायक साबित हो सकती हैं। अपने मुद्दों पर एक होकर अगर महिलाएं मतदान करें तो चुनाव को प्रभावित करने का दमखम रखती हैं। कई मुद्दे पर जिस तरह महिलाओं ने मुखर होकर अपनी बात रखनी शुरू की है। इससे जाहिर है कि बदलाव की हवा का झोंका आया है। हमेशा सुर्खियों में रहनेवाली जनजातियों के लिए सुरक्षित संसदीय सीट की विभिन्न विशेषताओं में एक खास है कि इस लोकसभा क्षेत्र के सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों की अपेक्षा अधिक है। खूंटी, गुमला, सिमडेगा, गुमला, रांची और सरायकेला-खरसावां इन छह जिलो में फैले खूंटी लोकसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या है 13 लाख नौ हजार 677। इनमें महिला मतदातओं की संख्या 6,66,584 और पुरुष वोटरों की संख्या है 643087। इस संसदीय क्षेत्र के छह विधानसभा क्षेत्र में भी महिला वोटरों की संख्या पुरुषों से अधिक है। एक भी विधानसभा क्षेत्र ऐसा नहीं है, जहां पुरुष मतदाताओं की संख्या महिलाओं से अधिक है। यही कारण है कि प्रत्याशियों की जीत-हार में महिलाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। इसको लेकर हर राजनीतिक दल चुनाव के दौरान महिला मतदाताओं का अधिक तवज्जो देते हैं।

खरसावां विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 109761 है। वहीं इस सीट पर महिला वोटरों की संख्या 111383 है। तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के कुल 215101 में पुरुष मतदाता 107358 है, जबकि महिलाओं की संख्या 107743 है। इसी प्रकार तोरपा में महिला वोटरों की संख्या 1000487 है, जबकि 978122 पुरुष मतदाता हैं। खूंटी विधानसभा क्षेत्र में वोटरों की कुल संख्या 223658 है। इनमें पुरुष मतदाता 108771 है। वहीं महिला वोटरों की संख्या 114884 है। सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र मे 117062 पुरुष वोटरों की तुलना में महिला मतदातओं की संख्या 124800 है। इसी जिले के कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के कुल 210300 में 197287 महिला मतदाता हैं, जबकि पुरुष वोटरों की संख्या 103013 है।



### सिर्फ एक बार महिला को मिला संसद पहुंचने का मौका

खूंटी संसदीय क्षेत्र में भले ही महिला मतदाताआं की संख्या पुरुषों की तुलना में अधिक हो, पर इस संसदीय सीट पर अब तक हुए 17 लोकसभा चुनावों में मात्र एक महिला को अब तक संसद पहुंचने का का मौका मिला है और वे थीं बिहार की पूर्व मंत्री और बिरसा कॉलेज खूंटी की प्राचार्या सुशीला केरकेट्टा। सुशीला केरकेट्टा ने 2004 के लोकसभा चुनाव में छह बार के सांसद कड़िया मुंडा को मात दी थी। उसके पहले या बाद में किसी महिला को लोकसभा पहुंचने का मौका नहीं मिला। वैसे कांग्रेस ने सुशीला केरकेट्टा के पहले या बाद में किसी भी पार्टी ने महिला उम्मीदवारों को टिकट नहीं दिया। भाजपा ने भी अब तक किसी महिला प्रत्याशी को मैदान में नहीं उतारा है। वैसे दयामनी बारला ने 2009 के लोकसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी से पर भाग्य आजमाया था, लेकिन वह अपनी जमानत तक बचा नहीं पायी थी। ऐसा नहीं है कि इस ससंदीय सीट से अन्य महिला प्रत्याशियों ने चुनाव नहीं लड़ा हो, पर किसी बड़े राजनीतिक दल के टिकट पर उन्हें किस्मत आजमाने का मौका नहीं मिला।

## पीएम आवास शहरी में बिजली-पानी उपलब्ध कराने का निर्देश

रांची (आजाद सिपाही)। नगर विकास विभाग ने झारखंड में चल रही प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के घरों में लाभुकों को शिफ्टिंग कराने पर विशेष बल दिया है। पीएम आवास से जुड़े अधिकारियों सहित सभी निकायों को भी कहा है कि स्वीकृत आवास में, जो पूर्ण कर लिये गये हैं, उन आवासों में जल्द से जल्द बिजली-पानी उपलब्ध कराया जाये। सारी सुविधा उपलब्ध होने के बाद गृह प्रवेश भी कराने को कहा है। पीएम आवास से पूरे राज्यभर में लगभग एक लाख से अधिक आवास निर्माण का काम पूरा हो गया है। ऐसे में लाभुकों के लिए स्वीकृत इन आवासों में शौचालय, बिजली-पानी की सारी सुविधा उपलब्ध कराने के बाद आवास हैंडओवर करने को कहा गया है। जून माह तक सारी प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया गया है।

# उलगुलान न्याय महारैली से लोबिन हेंब्रम ने बनायी दूरी

### महारैली पर ही उठा दिये सवाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झामुमो की ओर से 21 अप्रैल को रांची में उलगुलान न्याय महारैली आयोजित हो रही है। इसमें झामुमो के विधायक लोबिन हेंब्रम नहीं दिखेंगे। पाकुड़ में विधायक लोबिन हेंब्रम ने शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि वह महारैली में शामिल नहीं होंगे। साथ ही सवाल करते हुए कहा कि आखिर वह इस रैली में क्यों जायें। ऐसी क्या कमजोरी आ गयी है झामुमो में कि पूरे गठबंधन के साथ वहां उलगुलान किया जा रहा है।



अगर ऐसा कुछ था भी तो इसके लिए झामुमो अकेला ही काफी था। क्या झामुमो इसके लिए अकेला सक्षम नहीं था, जरूर था। जब गुरुजी अकेले झारखंड राज्य के लिए आंदोलन कर रहे थे, तब तो कोई उनके साथ नहीं था। कोई गठबंधन नहीं था। लेकिन सच्चाई लड़ाई लड़ी। उनकी अगुवाई में कई लोगों ने अपनी कुर्बानी दी। कई लोगों पर केस भी चला। बहुत बच्चे अनाथ भी हुए। फिर राज्य अलग हुआ, तो फिर किस बात की कमजोरी है झामुमो में। ऐसी क्या जरूरत पड़ गयी उलगुलान करने की। उन्होंने कहा कि झामुमो सहयोगी दलों और गठबंधन के साथ उलगुलान करे, स्वतंत्र है। पूर्व सीएम हेमंत सोरेन का केस अभी कोर्ट में है। आगे जो होने का है, होगा ही।

# अग्रसेन भवन में बहुद्देशीय सभागार का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अग्रवाल सभा द्वारा संचालित अग्रसेन भवन में बहुउद्देशीय सभागार का उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। अग्रवाल सभा द्वारा आयोजित उद्घाटन समारोह में बहुउद्देशीय सभागार का उद्घाटन अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल ने किया। इसके बाद अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया, पूर्व अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार, विनोद कुमार जैन, पवन कुमार पोद्दार सहित सभी कार्यकारिणी सदस्यों ने श्री गणेशजी और महाराजा अग्रसेन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। ओमप्रकाश अग्रवाल ने कहा कि अग्रवाल सभा विगत कई वर्षों से जनसेवा, कल्याणकारी, रचनात्मक और सामाजिक कार्यों को कर एक उत्कृष्ट पहचान बनायी है। अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया ने कहा कि अग्रवाल सभा अग्रसेन भवन के आधुनिकरण के लिए निरंतर प्रयत्नशील है। मौके पर मनोज कुमार चौधरी, पवन कुमार पोद्दार, संजय सर्राफ, विनोद कुमार जैन, ललित कुमार पोद्दार, प्रमोद कुमार अग्रवाल, सज्जन पाड़िया, मनोज चौधरी, पवन पोद्दार, अजय डीडवानिया, विजय खोवाल, अनिल कुमार अग्रवाल, कमल खेतावत सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



# किसी कांड की फाइनल रिपोर्ट को लेकर डीजीपी ने जारी की गाइडलाइन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** किसी भी कांड की फाइनल रिपोर्ट को लेकर झारखंड डीजीपी अजय कुमार सिंह ने 15 महत्वपूर्ण बिंदुओं की गाइडलाइन जारी की है। उसमें कहा गया है कि डब्लू कुजुर बनाम झारखंड और अन्य में सुप्रीम कोर्ट द्वारा 12 मार्च 2024 को पारित आदेश के अनुपालन में किसी कांड का अनुसंधान पूर्ण होने पर थाना के आइओ द्वारा धारा 173 के अंतर्गत 15 महत्वपूर्ण बिंदुओं के उल्लेख का निर्देश दिया जाता है।

**डीजीपी ने जारी की 15 महत्वपूर्ण बिंदुओं की गाइडलाइन**

पक्षकारों का नाम। सूचना का स्वरूप। मामले की परिस्थिति से परिचित प्रतीत होने वाले व्यक्तियों का नाम। क्यों कोई अपराध किया गया प्रतीत होता है और यदि किया गया प्रतीत होता है, तो किसके द्वारा। क्या अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है।

क्या अभियुक्त को जमानत पर छोड़ दिया गया है? अगर ऐसा है, तो क्या जमानतदारों के साथ या बिना उनके साथ। क्या अभियुक्त को धारा 170 के अधीन अभिरक्षा में भेजा जा चुका है। जहां धारा 376, 376ए, 376 बी, 376 सी, 376 डी, 376 डी ए, 376 डी बी, या 376ई के अधीन किसी अपराध के संबंध में है, वहां क्या महिला की मेडिकल रिपोर्ट करायी गयी है। अनुसंधान पूर्ण होने पर अभियुक्त के खिलाफ अगर प्रर्याप्त साक्ष्य या संदेह का उचित आधार नहीं है, जिससे अभियुक्त को मजिस्ट्रेट के पास भेजना सही नहीं है, तो थाना प्रभारी अपने प्रतिवेदन में स्पष्ट रूप से धारा 169 का अनुपालन करें।



## जेएमएम के जामताड़ा जिला अध्यक्ष का निधन

रांची (आजाद सिपाही)। झामुमो के जामताड़ा जिला अध्यक्ष श्यामलाल हेंब्रम का निधन हो गया। बताया जा रहा है कि वह काफी समय से बीमार चल रहे थे। दुर्गापुर स्थित हेल्थ वर्ल्ड हॉस्पिटल में उनका इलाज चल रहा था। इलाज के क्रम में ही उन्होंने शुक्रवार देर रात अंतिम सांस ली। श्यामलाल हेंब्रम की राजनीति में एक विशेष पकड़ थी। वह अलग राज्य के आंदोलन में दिशोम गुरु शिबू सोरेन के साथ एक्टिव थे। उन्होंने झारखंड आंदोलन को एक नयी धार दी थी। जिला के कार्यकर्ताओं ने कहा कि उनके निधन से पार्टी को अपूरणीय क्षति पहुंची है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि उनकी पहचान सर्वमान्य नेता के रूप में रही है। श्यामलाल हेंब्रम जिले के मिहिजाम थाना क्षेत्र के केलाही गांव के रहनेवाले थे।

# हनुमान जयंती पर मंदिर-अखाड़ा में मनेगा दीपोत्सव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री महावीर मंडल बड़ा तालाब प्रांगण में अखाड़ाधारियों और नेतृत्वकर्ताओं की अहम बैठक मंडल के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा की अध्यक्षता में हुई।

राजीव रंजन मिश्रा ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिरों और अखाड़ों में दीपोत्सव मनाया जायेगा। साथ ही श्री मिश्रा ने श्री रामनवमी महोत्सव को सफल बनाने के लिए सभी अखाड़ाधारियों और आयोजनकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में दीपोत्सव को सफल बनाने के लिए नौ प्रभारी नियुक्त किये गये। हनुमान जयंती के दिन 23 अप्रैल को महाबली हनुमान के झंडे को सहसम्मान उतार कर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर दीपोत्सव मनायें।

दीपोत्सव को सफल बनाने के लिए लंकेश सिंह, कैलाश केसरी, उपेंद्र रजक, सुनील रंजन सहाय, डॉ जीवाधन प्रसाद, अमरदीप साहू, राहुल सिन्हा चंकी, नकुल तिर्की, बलराम प्रसाद, आकाश दुबे, प्रकाश साहू को जिम्मेदारी दी गयी।

## कोडरमा से निर्दलीय लड़ेंगे जेपी वर्मा

रांची (आजाद सिपाही)। कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में जयप्रकाश वर्मा चुनाव लड़ेंगे। इस संबंध में उन्होंने बताया कि क्षेत्र में विकास नहीं हुआ है और यहां एक ही उम्मीदवार को पार्टी से बार-बार मौका मिल रहा है। ऐसे में इस बार निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने बताया कि रीतलाल प्रसाद वर्मा चाचा थे और वह कोडरमा संसदीय क्षेत्र से पांच बार सांसद चुने गये।

## दुष्कर्म के मामले में फरार चार आरोपी गिरफ्तार

साहिबगंज (आजाद सिपाही)। जिला के राजमहल थाना क्षेत्र में बीते 25 मार्च को हुए सामूहिक दुष्कर्म के मामले में शनिवार सुबह चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। अभियुक्त गुड्डू कुमार, भोला चौधरी, सडला चौधरी और अजय कुमार चौधरी उर्फ छोटू चौधरी पर राजमहल महिला थाना में कांड संख्या 1/2024 के तहत प्राथिमिकी दर्ज की गयी थी। मामले की जानकारी एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी ने प्रेस वार्ता में दी। इधर राजमहल पुलिस अनुमंडल के राधानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत उधवा जंगली पाड़ा में देशी कट्टा के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया। वह हर छोटी-छोटी बात पर आसपास के इलाके के लोगों को देसी कट्टा का भय दिखा कर धमकाता था। जब इसकी सूचना राधा नगर थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी को मिली, तो उन्होंने छापामारी कर उक्त व्यक्ति को धर दबोचा। मामले की जानकारी देते हुए एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि उधवा जंगलपाड़ा निवासी शिवकुमार मंडल हथियार का भय दिखा कर आसपास के लोगों को धमकी दे रहा था, जिसकी सूचना पुलिस को मिलते ही कार्रवाई की गयी है। उसके खिलाफ मामला दर्ज करते हुए जेल भेज दिया गया है।

### एनएसयूआइ की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक

# छात्रों को संगठन से जोड़ने पर फोकस

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एनएसयूआइ के एक दिवसीय कार्यकारिणी बैठक कांग्रेस भवन में शनिवार को की गयी। इसमें एनएसयूआइ के राष्ट्रीय महासचिव सह झारखंड प्रभारी कुणाल सहरावत उपस्थित थे। लोकसभा चुनाव को देखते हुए प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों में किये जाने वाले कार्यक्रमों को लेकर विचार-विमर्श किया गया।

साथ ही कार्यक्रम के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा छात्रों को संगठन से जोड़ने को लेकर चर्चा की गयी। इस बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष आमिर हाशमी ने किया। मौके पर महानगर कांग्रेस अध्यक्ष कुमार राजा, ग्रामीण कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश किरण महतो, एनएसयूआइ के प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, विश्वविद्यालय पदाधिकारी उपस्थित थे।




# झारखंड पासवा की बैठक आज कई महत्वपूर्ण फैसले लिये जायेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश पासवा प्रदेश कार्यकारिणी और जिलाध्यक्षों की महत्वपूर्ण बैठक 21 अप्रैल को 11 बजे से होटल शिवानी इंटरनेशनल हिनू में होगी। प्रदेश पासवा अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पासवा प्रदेश कमेटी के गठन और संगठनात्मक मजबूती, आरटीइ संशोधित कानून 2019 को निरस्त कर संबद्धता का मार्ग प्रशस्त करने को लेकर, 10वीं-12वीं के टॉपर्स का छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह, भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूलों के संचालन की समय सारिणी को लेकर चर्चा की जायेगी। बैठक के मद्देनजर पासवा कोर कमेटी की शनिवार को बैठक हुई। बैठक में एजेंडे को अंतिम रूप दिया गया। उक्त आशय की जानकारी देते हुए पासवा पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि पासवा शिक्षा के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण विषयों को लेकर आगामी चुनाव को देखते हुए राजनीतिक प्रस्ताव भी पारित करेगा। कोर कमेटी की बैठक में आलोक कुमार दुबे, अरविंद कुमार, डॉ सुषमा केरकेट्टा, संजय प्रसाद, मुजाहिद इस्लाम, आलोक विपिन टोप्पो उपस्थित थे।



## एएसपी निशा मुर्मू के घर में लगी आग

रांची (आजाद सिपाही)। राजधानी रांची में महिला पुलिस अधिकारी एएसपी निशा मुर्मू के घर में आग लग गयी। यह घटना गोंदा थाना क्षेत्र के मिशन गली में हुई है, जहां शनिवार की दोपहर निशा मुर्मू के निजी आवास में अचानक से आग लग गयी। आग लगने की घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी का माहौल बन गया। उसके बाद इसकी सूचना पुलिस और अग्निशमन विभाग को दी गयी। घटना की सूचना मिलने के बाद अग्निशमन विभाग का वाहन पहुंच कर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस आग लगने की घटना में लाखों रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ है, हालांकि आकलन के बाद ही पता चल पायेगा कि कितने की संपत्ति का नुकसान हुआ है। बताया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से घर में आग लगी है, हालांकि इसके पीछे कीसही वजह सामने नहीं आ पायी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।



## प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का विस्तार

रांची (आजाद सिपाही)। राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष जमीरुद्दीन अंसारी ने संगठन का विस्तार करते हुए सैय्यद अली काजिम फातमी को राष्ट्रीय जनता दल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ झारखंड का महासचिव सह प्रवक्ता के पद पर मनोनीत किया है। वहीं शाहबाज अहमद को रांची जिला अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया है। इस संबंध में प्रदेश अध्यक्ष जमीरुद्दीन अंसारी ने अधिसूचना जारी करते हुए उम्मीद जतायी है कि दोनों नेता पार्टी के वसूलों पर चलते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए निष्ठापूर्वक कार्य करेंगे।

## एआइएमआइएम के बयान की अमित उपाध्याय ने की भर्त्सना

रांची (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी के झारखंड के स्वच्छता अभियान प्रभारी अमित उपाध्याय हैदराबाद में दिये गये बयान की भर्त्सना की। कहा कि यह बहुत ही अशोभनीय है। माधवी लता को हराने का प्रयास किया जा रहा है। एआइएमआइएम के द्वारा इस तरह की कोशिश की जा रही है। अभी भी एक समुदाय के लोग समझ जायें, नहीं तो परेशानी बढ़ जायेगी।

## एकाउंटेंट हत्याकांड के आरोपित की जमानत याचिका खारिज

रांची(आजाद सिपाही)। अपर न्यायायुक्त एमसी झा की अदालत ने शनिवार को जमीन कारोबारी कमल भूषण के एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या मामले के मुख्य आरोपित राहुल कुजूर की जमानत याचिका खारिज कर दी। इससे पूर्व शुक्रवार को अदालत ने मामले के एक अन्य आरोपित डब्ल्यू कुजूर की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। मामले में दोनों पर आरोप है कि राहुल कुजूर और डब्ल्यू कुजूर के इशारे पर एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या हुई थी। 5 जुलाई 2023 को एकाउंटेंट संजय कुमार ऑफिस से घर लौट रहे थे। इसी दौरान शूटरों ने गोली मार कर उनकी हत्या कर दी थी। हत्याकांड को लेकर एसआइटी गठित की गयी थी। मामले में डब्ल्यू कुजूर, उसकी पत्नी सुशीला कुजूर और बेटा राहुल कुजूर सहित 10 आरोपितों के खिलाफ सुखदेव नगर थाना में कांड संख्या 269-2023 के दर्ज कराया गया था।

# रांची में बच्चों के साथ मस्ती करते दिखे क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर, कहा- ये हमारे लिए यादगार दिन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** दिग्गज क्रिकेटरों में शुमार सचिन तेंदुलकर शनिवार सुबह अपने फाउंडेशन के कार्यक्रम में शामिल होने रांची पहुंचे। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से उतरने के बाद वह सीधा रेडिशन ब्लू होटल गये। होटल में कुछ देर रुकने के बाद उन्होंने ओरमांझी में आयोजित सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। यहां वह ग्रामीण क्षेत्र की बच्चियों के साथ खेलते नजर आये। कार्यक्रम के बाद सचिन ने इसे यादगार दिन करार दिया है।

इस दौरान उन्होंने बच्चियों के साथ खूब मस्ती की। उनके साथ उनकी पत्नी अंजली भी थीं। वह भी सचिन तेंदुलकर के साथ मस्ती करते दिखीं। इस दौरान कभी वह बच्चियों को गोद में उठा कर उनके साथ खेलते दिखी, तो कभी उनके साथ तस्वीरें लेते। बच्चियां भी उनके साथ मस्ती के रंग में दिखीं। कार्यक्रम में मौजूद सभी लोग सचिन तेंदुलकर के साथ तस्वीरें लेने को बेताब दिखे।

**सचिन और उसकी पत्नी ने नहीं किया किसी को निराश :** सचिन और उनकी पत्नी ने भी किसी को निराश नहीं किया और सभी के साथ एक ग्रुप फोटो ली। इस दौरान प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। लोगों की हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही थी। कार्यक्रम के बाद सचिन ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि ये हमारे लिए यादगार दिन रहा। मेरे साथ मेरी पत्नी अंजली के अलावा हमारी पूरी टीम थी। सभी लोग युवा फाउंडेशन की टीम के साथ समय बीताने आये थे। उन्होंने अपने फाउंडेशन के बारे में जानकारी देते हुए आगे कहा कि हमारा फाउंडेशन तीन क्षेत्रों शिक्षा, खेल और स्वास्थ्य पर काम करता है। इसी से हम अपने देश के भविष्य को आकार दे सकते हैं। बता दें कि सचिन के इस तरह से रांची आने का मकसद यहां की महिला खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाना है।




### इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया ने सचिन को बनाया है राष्ट्रीय आइकॉन

गौरतलब है कि बीते साल इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया ने सचिन तेंदुलकर को राष्ट्रीय आइकॉन नियुक्ति किया था। दरअसल चुनाव आयोग का उन्हें राष्ट्रीय आइकॉन बनाने का मकसद लोगों की चुनाव में भागीदारी बढ़ानी है। सचिन का चुनाव आयोग के साथ ये समझौता तीन साल के लिए है। इससे पहले जब वह बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचे तो उनका जोरदार स्वागत किया गया। उनकी एक झलक पाने के लिए उनके फैंस बेताब दिखे।

## पत्नी ने पति पर लगाया था रेप का आरोप, सिविल कोर्ट ने किया आरोपमुक्त

रांची। सिविल कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण मामले की सुनवाई करते हुए पत्नी द्वारा पति पर बार-बार रेप करने के लगे सभी आरोपों से मुक्त कर दिया है। दरअसल अनिरुद्ध लकड़ा उर्फ महली पर उसकी पत्नी ने प्राथमिकी दर्ज करवायी थी। प्राथमिकी में शादी के बाद बार-बार रेप का आरोप लगाया गया था। चार्जशीट पर कोर्ट ने संज्ञान भी लिया था। इसके बाद आरोपी ने रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त दिवाकर पांडेय की कोर्ट में डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल की थी। इसपर सरकार और अनिरुद्ध की बहस सुनने के बाद कोर्ट ने डिस्चार्ज पिटीशन को स्वीकार कर लिया। डिस्चार्ज पिटीशन स्वीकार होने से अनिरुद्ध अपनी पत्नी द्वारा लगाये गयी सभी आरोपों से मुक्त हो गया है और अब उसके खिलाफ ट्रायल भी नहीं चलेगा।

# अब और बदला नहीं

ईरानी मिसाइल और ड्रोन हमलों के छह दिन बाद शुक्रवार सुबह इजरायल की ओर से ईरान पर जवाबी हमले की खबरों ने पूरी दुनिया को एकबारगी सकते में डाल दिया। लगा कि इस पूरे क्षेत्र में युद्ध फैलने की जो आशंका पिछले कुछ दिनों से बनी हुई थी, वह सच हो रही है। लेकिन हमले को लेकर इजरायल और ईरान के शुरुआती रुख पर गौर करें तो पिछले दिनों चले अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक प्रयासों के पॉजिटिव असर भी दिख रहे हैं। पिछले 13 अप्रैल को ईरान की ओर से इजरायल पर हुए हमले के बाद जहां इजरायल जवाबी कार्रवाई पर अड़ा हुआ था, वहीं ईरान बार-बार दोहरा रहा था कि अगर इजरायल ने आगे कुछ भी किया तो उसका जवाब पहले से ज्यादा तगड़ा होगा। ऐसे में सभी प्रमुख देशों की कोशिश मामले को ठंडा करने की थी। लेकिन शुक्रवार सुबह आयी ताजा इजरायली हमले की खबरों से एकबारगी हालात बेकाबू होते से लगे। मामला ज्यादा गंभीर इसलिए भी था कि इजरायली ड्रोन और मिसाइल हमलों का मुख्य निशाना ईरान का इस्फहान शहर बताया गया, जो न केवल मिसाइल उत्पादन का एक बड़ा केंद्र है, बल्कि कई परमाणु केंद्रों का भी ठिकाना है। अच्छी बात यह रही कि इस हमले से जान-माल की क्षति की कोई खबर नहीं है। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने इस बात की पुष्टि की है कि हमले में किसी परमाणु केंद्र को नुकसान नहीं हुआ है। खास बात यह कि इजरायल और ईरान दोनों ही इस हमले को तूल देने के मूड में नहीं दिखते। इजरायल की ओर से अमेरिकी अधिकारियों को कार्रवाई की पूर्व सूचना दे दी गयी थी, लेकिन आधिकारिक तौर पर ईरान ने इसकी घोषणा भी नहीं की। अमेरिकी अधिकारियों ने ही मीडिया को इस बारे में बताया। दूसरी ओर ईरान ने कुछ ड्रोन को मार गिराने की बात जरूर कही, लेकिन इसके लिए इजरायल या किसी अन्य देश को जिम्मेदार नहीं ठहराया। इसे घुसपैठ की कोशिश कहा गया। स्वाभाविक ही ईरान की ओर से बदले की कार्रवाई का भी कोई संकेत नहीं है। इस बीच भारत के लिए अतिरिक्त राहत की एक खबर यह है कि ईरान द्वारा जब्त मालवाहक जहाज MSC Aries पर फंसे 17 भारतीय क्रू मेंबर्स में शामिल एकमात्र महिला सदस्य ऐन टेस्सा जोसफ स्वदेश लौट आयी हैं। अन्य सदस्यों की रिहाई पर भी ईरानी अधिकारियों से पॉजिटिव बातचीत चल रही है। अगर शुरुआती संकेत सही साबित होते हैं और यह प्रकरण शांति से निपट जाता है, तो यह हाल के दिनों में अंतरराष्ट्रीय कूटनीति की एक ऐसी जीत होगी, जो युद्ध के बजाय बातचीत से मसले हल करने की प्रेरणा को मजबूती देगी।

**खास बात यह कि इजरायल और ईरान दोनों ही इस हमले को तूल देने के मूड में नहीं दिखते। इजरायल की ओर से अमेरिकी अधिकारियों को कार्रवाई की पूर्व सूचना दे दी गयी थी, लेकिन आधिकारिक तौर पर ईरान ने इसकी घोषणा भी नहीं की।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**नक्सलवादी (माओवादी) गिरोह न सिर्फ सरकार के विरुद्ध छद्म लड़ाई में जुट गये, बल्कि कंगारू अदालतें लगा कर मनमाने फैसले सुनाने के अलावा लोगों से जबरी वसूली, लूटपाट और हत्याएं भी करने लगे। केंद्र सरकार नक्सलवाद तथा माओवाद को वामपंथी उग्रवाद मानती है। इससे निपटने के लिए गृह मंत्रालय में अलग से एक विभाग भी बनाया हुआ है। इस आंदोलन की सर्वाधिक मार आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, झारखंड, केरल, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश के कुछ जिले, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश और बिहार झेल रहे हैं।**

# नक्सलवादियों के विरुद्ध सुरक्षाबलों को मिली बड़ी सफलता

**विजय कुमार**

चीन में क्रांति के सूत्रधार माओ-त्से-तुंग का कहना था कि एक चिंगारी सारे जंगल में आग लगा देती है। उसी से प्रेरित होकर 1967 में पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी जिले के नक्सलबाड़ी गांव से एक आंदोलन शुरू हुआ। माओ प्रेरित होने के कारण इसे माओवादी आंदोलन तथा नक्सलबाड़ी गांव से शुरू होने के कारण नक्सलवादी आंदोलन कहा जाता है। इस आंदोलन के तीन मुख्य नेता थे-चारू मजूमदार, कनु सान्याल तथा जंगल संथाल। शुरू में बड़े जमींदारों के विरुद्ध शुरू हुआ यह आंदोलन शीघ्र ही एक दर्जन से अधिक राज्यों में फैल कर बहुत बड़ा खतरा बन गया।

नक्सलवादी (माओवादी) गिरोह न सिर्फ सरकार के विरुद्ध छद्म लड़ाई में जुट गये, बल्कि कंगारू अदालतें लगा कर मनमाने फैसले सुनाने के अलावा लोगों से जबरी वसूली, लूटपाट और हत्याएं भी करने लगे। केंद्र सरकार नक्सलवाद तथा माओवाद को वामपंथी उग्रवाद मानती है। इससे निपटने के लिए गृह मंत्रालय में अलग से एक विभाग भी बनाया हुआ है।

**सुरक्षा बलों द्वारा इनके विरुद्ध जोरदार अभियान चलाने के परिणामस्वरूप ये अब मुख्यतः झारखंड, बिहार तथा छत्तीसगढ़ तक सिमटते जा रहे हैं।**

इस आंदोलन की सर्वाधिक मार आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, झारखंड, केरल, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश के कुछ जिले, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश और बिहार झेल रहे थे तथा पहली हत्या इन्होंने सशस्त्र संघर्ष शुरू करने के एक सप्ताह के भीतर ही नक्सलबाड़ी के निकट 24 मई, 1967 को की थी।



**उल्लेखनीय है कि नक्सलियों के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई की रणनीति बनाने के लिए नौ और 10 अप्रैल को केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला एवं इंटेलीजेंस ब्यूरो के निदेशक तपन डेका रायपुर आये हुए थे। इस वर्ष अब तक कांकेर सहित बस्तर संभाग के सात जिलों में सुरक्षाबलों ने अलग-अलग मुठभेड़ों में 79 नक्सलियों को ठिकाने लगाया है।**

पिछले कुछ समय से सुरक्षा बलों द्वारा इनके विरुद्ध जोरदार अभियान चलाने के परिणामस्वरूप ये अब मुख्यतः झारखंड, बिहार तथा छत्तीसगढ़ तक सिमटते जा रहे हैं और पिछले 10 वर्षों के दौरान देश में नक्सल प्रभावित जिलों की संख्या 95 से घट कर 45 रह गयी है। इनके विरुद्ध सुरक्षा बलों के अभियान के परिणामस्वरूप इसी वर्ष :

* 25 फरवरी, 2024 को हूर तराई के जंगल में हुए एनकाऊंटर में 3 नक्सली मारे गए।

* 3 मार्च को कांकेर जिले के हिंदूर में मुठभेड़ के दौरान एक नक्सली मारा गया। इसमें बस्तर फाइटर का एक जवान भी शहीद हुआ था।

* 16 मार्च को भी मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया था।

* 2 अप्रैल को बीजापुर के जंगल में हुई मुठभेड़ में पुलिस ने 13 नक्सलियों को मार गिराया था।

अब 16 अप्रैल को छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली, जब यहां के बिनागुंडा तथा कोरोनार गांवों के बीच हापाटोला के जंगल में नक्सल विरोधी अभियान पर भेजे गए बीएसएफ, डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और पुलिस के एक संयुक्त दल पर नक्सलवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके जवाब में सुरक्षाबलों ने 29 नक्सलवादियों को घेर कर मार गिराया।

जानकारी के अनुसार इस मुठभेड़ में 25-25 लाख रुपये के 2 ईनामी नक्सली, टॉप कमांडर शंकर राव और ललिता भी शामिल थे। यह नक्सलवादियों के विरुद्ध अभियान में छत्तीसगढ़ में अब तक की सबसे बड़ी सफलता है। घटनास्थल से भारी मात्रा में विस्फोटक भी बरामद किये गये हैं, जिनमें 7 एके-47 राइफलें, एक इन्सास राइफल, तीन एलएमजी आदि शामिल हैं।

इस मुठभेड़ में बीएसएफ के एक इंस्पेक्टर रमेश चौधरी सहित तीन जवान भी घायल हुए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

उल्लेखनीय है कि नक्सलियों के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई की रणनीति बनाने के लिए नौ और 10 अप्रैल को केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला एवं इंटेलीजेंस ब्यूरो के निदेशक तपन डेका रायपुर आये हुए थे। इस वर्ष अब तक कांकेर सहित बस्तर संभाग के सात जिलों में सुरक्षाबलों ने अलग-अलग मुठभेड़ों में 79 नक्सलियों को ठिकाने लगाया है। यह मुठभेड़ उस समय हुई है, जबकि छत्तीसगढ़ के बस्तर में 19 अप्रैल को और कांकेर में 26 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होना है।

नक्सलवादियों के विरुद्ध इस सफल अभियान के लिए सुरक्षा बल बधाई के पात्र हैं, परंतु अभी यह खतरा समाप्त करने के लिए काफी कुछ करना बाकी है। नक्सलवादियों ने 16 अप्रैल की ही रात को राज्य के नारायणगढ़ में एक कायराना करतूत करते हुए एक भाजपा नेता पंचम दास की हत्या करके अपने इरादों का संकेत दे दिया है। अतः नक्सलवादियों के विरुद्ध अभियान और मजबूती से चलाने की जरूरत है।

## जमशेदपुर की खबरें

### लॉयर्स डिफेंस की बैठक में चुनाव पर चर्चा, सैकड़ों अधिवक्ता हुए शामिल



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** पुराने कोर्ट परिसर में लॉयर्स डिफेंस की एक बैठक आयोजित की गयी। शनिवार को बैठक में बार काउंसिल के सदस्य अब्दुल कलाम रसीदी,वरीय अधिवक्ता कुमार राजेश रंजन, चांडिल बार एसोसिएशन के सदस्य कमलेश कुमार सिंह, मोहम्मद नबेब, राजकुमार साहू, दिलीप कुमार महतो, परमपति भगत, परमजीत कुमार श्रीवास्तव, विनोद कुमार मिश्रा, अक्षय कुमार झा, अमित कुमार, दिलीप कुमार सिंह, केशव सिंह, रणजीत राम,विद्युत, आशीष कुमार दत्ता, सुशील कुमार शर्मा, संजय कुमार द्विवेदी, राजन कुमार, सुभाष सिंह, विनोद कुमार, वेद प्रकाश सिंह सहित अन्य शामिल रहे। सभी ने पुराने कोर्ट परिसर में चंदमोलीश्वर कचहरी बाबा मंदिर में पूजा अर्चना कर भोलेनाथ से आशीर्वाद लिया। बैठक में जिला बार संघ जमशेदपुर व आगामी दिनों सरायकेला बार एसोसिएशन में होने वाले चुनाव को लेकर चर्चा की। मौके पर सैकड़ो अधिवक्ता मौजूद रहे।

# जदयू नेता ने एक पत्रकार को लगाया दस लाख रुपये का चूना

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले में जदयू नेता के द्वारा एक पत्रकार से लाखों रुपिया चुना लगाने का मामला प्रकाश में आया है। बताया जा रहा है जदयू के प्रदेश सचिव सत्यप्रकाश उर्फ टियाई ने अपने बचपन के मित्र व जिले के वरिष्ठ पत्रकार गणेश सरकार को दस लाख रुपये का चूना लगा दिया। बताया जा रहा है कि पैसे मांगने पर अब गुंडागर्दी का धौंस दिखाने लग रहा है। उधर अपने दोस्त की गद्दारी से आहत पत्रकार ने न्यायालय की शरण ली। इसके लिए वे अपने वकील



से रायशुमारी कर रहे हैं। इस संबंध में पत्रकार गणेश सरकार ने बताया कि बीते ढाई साल से अपने बचपन के साथी सत्यप्रकाश की गद्दारी से घुट- घुट कर जी रहे हैं। उन्होंने बताया सत्यप्रकाश स्व. रामपारस सिन्हा के पुत्र हैं। उनके पिता की समाज में एक अलग प्रतिष्ठा रही। लोग आज भी उनके आदर्शों को जीवन में आत्मसात करते हैं। श्री सरकार ने बताया कि साल 2021 में सत्यप्रकाश ने दो साल में पैसे डबल करने का झांसा देकर 10 लाख रुपए दोस्ताना कर्ज के रूप में लिया था। दो साल पूरे होने पर जब पैसों की मांग की तो टालमटोल करते हुए मात्र 2.5 लाख वापस किया। बाकी के पैसे देने से मुकर गया। उसका दिया हुआ 17 लाख का तीन चेक बाउंस हो गया है। उन्होंने बताया सत्यप्रकाश जमीन के कारोबार से जुड़े स्नेहा कंस्ट्रक्शन के मालिक है। जमीन में पैसा लगाने के उद्देश्य से ही उसने धोखा में रख कर पैसे उधार लिये थे। पत्रकार गणेश सरकार ने बताया कि इसके लिए बजाप्ते उसने एग्रीमेंट भी किया था। लेकिन उसमें भी फर्जीवाड़ा किया। शुरू से ही उसकी नीयत में खोट थी। उन्होंने बताया कि दोस्त और प्रतिष्ठित परिवार के होने के नाते खामोश रहा। लेकिन अब मजबूर होकर न्यायालय की शरण ली। इसको लेकर उन्होंने सत्यप्रकाश से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

### एनटीटीएफ के छात्रों का आदित्य बिरला और टीवीएस कंपनी में चयन



**जमशेदपुर(आजाद सिपाही)। गोलमुरी स्थित आर डी टाटा तकनीकी संस्थान एनटीटीएफ मे बीते दिनों आदित्य बिरला व टीवीएस कंपनी के द्वारा कैंपस सिलेक्शन किया गया। वही फाइनल सिलेक्शन लिखित परीक्षा,इंटरव्यू के बाद 5 छात्रों को चयनित किया गया। खड़कपुर स्थित आदित्य बिरला में डिप्लोमा मेकाट्रॉनिक्स और इलेक्ट्रॉनिक्स में फाइनल ईयर के राजकुमार सिंह, श्याम साईं हर्षित,जानवी सिंह और राखी को 3.3 लाख के पैकेज पर चयन किया गया। वही बंगलौर स्थित टीवीएस में डिप्लोमा इन टूल एंड डी इंजीनियरिंग से सुप्रिया सिंह को 3.80 के पैकेज पर लॉक किया गया।सभी चयनित छात्र एनटीटीएफ गोलमुरी के फाइनल ईयर के है।रिटेन टेस्ट से शुरू हुई चयन प्रक्रिया,फिर छात्रों की तकनिकी क्षमता एवं व्यक्तिगत प्रतिभा को आँका गया। जिसमे उत्तीर्ण होने वाली छात्रों की जगह सुनिश्चित की गई। छात्रों की इस उपलब्धि पर संस्थान गौर्वांगित है। इसमें संस्थान के प्लेसमेंट पदाधिकारी नेहा व मिथिला ने सहयोग किया। प्राचार्य प्रीता जॉन ने सभी छात्रों को उनके उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दी। मौके पर उपप्राचार्य रमेश राय ,दीपक ओझा सुमन कुमार ,नकुल कुमार, लक्ष्मण सोरेन, मंजर ,अजीत कुमार साथ उप-प्रबंधन प्रशासनिक अधिकारी वरुण कुमार ने छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।**

# कोयला कारोबारी इजहार की जमानत पर इडी को जवाब के लिए मिला समय

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** हजारीबाग के कोयला कारोबारी इजहार अंसारी की जमानत याचिका की सुनवाई इडी के विशेष न्यायाधीश की कोर्ट में हुई। मामले में इजहार अंसारी की ओर से बहस की गयी। कोर्ट ने इडी को जवाब दाखिल करने के लिए समय प्रदान किया। अगली सुनवाई 23 अप्रैल को होगी। बीते 16 जनवरी को इडी ने हजारीबाग स्थित उसके आवास और फैक्ट्री पर छापा मारा था। इसके बाद उसे गिरफ्तार किया गया था। 70 करोड़ रुपये के कोल लिंकेज की हेराफेरी मामले में इजहार अंसारी आरोपी है। सुमन कुमार की पहल पर खान विभाग के अधिकारियों ने इजहार अंसारी की कंपनी को कोल लिंकेज देने की अनुशंसा की थी। इडी ने समन देकर उसे पूछताछ के लिए बुलाया



था, लेकिन वह हाजिर नहीं हो रहा था। इडी ने मनरेगा घोटाला को लेकर की गयी छापेमारी के दौरान निलंबित आइएएस पूजा सिंघल के सीए सुमन कुमार का मोबाइल जब्त किया था। इस मोबाइल फोन से मिले तथ्य के आधार पर इडी ने इजहार अंसारी के घर पर मार्च 2023 में भी छापा मारा था। उस दौरान उसके घर से 3.85 करोड़ जब्त किये गये थे।

**पूजा सिंघल का करीबी रहा है इजहार**

इजहार पूजा सिंघल का करीबी बताया जाता है। इजहार पर तत्कालीन खान सचिव पूजा सिंघल के सहयोग से अवैध तरीके से रियायती दर पर फर्जी कंपनियों के नाम पर कोयला का आवंटन करा कर उसे ऊंची कीमत पर बाजार में बेचा जाता था। इस तरह करोड़ों रुपये की काली कमाई की जाती थी। इजहार ने कोयले के धंधे में पूजा सिंघल की मदद से अवैध कमाई की।

# मैट्रिक की परीक्षा में कम नंबर आने पर छात्रा ने की खुदकुशी

## माता-पिता की मौत के बाद चाचा कर रहे थे परवरिश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सरायकेला।** झारखंड के सरायकेला थाना अंतर्गत मुरूप पंचायत के नारायणडीह गांव की रहनेवाली दसवीं कक्षा की छात्रा राखी प्रधान (16 वर्ष) ने मैट्रिक की परीक्षा में कम अंक आने के कारण फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके माता-पिता नहीं हैं। चाचा ही उसका पालन-पोषण कर रहे थे।द्वितीय श्रेणी से परीक्षा पास करने के बाद वह काफी तनाव में थी। परिजनों ने उसे समझाया भी। इसके बावजूद साड़ी का फंदा बनाकर उसने अपनी जान दे दी। मिली जानकारी के अनुसार राखी प्रधान कस्तूरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालय सरायकेला की छात्रा थी। 6 अप्रैल को वह अपने चाचा गौरांग प्रधान के साथ अपने



गांव नारायणडीह आयी थी। शुक्रवार को मैट्रिक परीक्षा का परिणाम जारी किया गया, जिसमें राखी प्रधान द्वितीय श्रेणी में पास हुई थी।राखी प्रधान ने अपने परिजनों को बताया कि उसने परीक्षा के लिए काफी मेहनत की थी। इसके बावजूद वह द्वितीय श्रेणी से पास हुई। इस बात को लेकर वह काफी परेशान थी। परिजनों ने उसे समझाया कि द्वितीय श्रेणी में पास हुई तो क्या हुआ? आगे और मेहनत करना तो अच्छा परिणाम मिलेगा। परिजन राखी को समझाने के बाद अपने अपने काम पर चले गए। इसी दौरान राखी ने घर की छत में लगी लकड़ी में साड़ी का फंदा लगाकर जान दे दी। घटना के कुछ देर बाद जब परिजन घर लौटे तो राखी को फंदे से लटकता पाया। परिजन उसे फंदे से उतारकर सदर अस्पताल सरायकेला लेकर आए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**राखी के माता-पिता दोनों का हो चुका है निधन**

राखी प्रधान के माता-पिता दोनों का वर्षों पूर्व निधन हो चुका है। उसके चाचा गौरांग प्रधान उसे गोद लेकर अपनी बेटी की तरह परवरिश कर रहे थे। सुसाइड की खबर सुनकर सरायकेला-खरसावां के लोग अवाक हैं। कस्तूरबा विद्यालय की छात्रा द्वारा की आत्महत्या की सूचना मिलते ही जिला शिक्षा पदाधिकारी जितेंद्र कुमार सिन्हा शनिवार की अहले सुबह कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सरायकेला पहुंचे।उन्होंने विद्यालय की सभी छात्राओं के साथ एक घंटे का समय बिताया। इस दौरान डीईओ ने छात्राओं से कहा कि असफलता ही सफलता की कुंजी है. दुनिया में कई ऐसे महापुरुष हुए हैं जिनको सफलता मिलने से पहले कई बार असफलता का स्वाद चखना पड़ा। उन्होंने कहा कि आज असफल हुए तो कल सफल जरूर होंगे। जीवन अनमोल होता है।जीवन है तो जीवन में संघर्ष करना चाहिए. डीईओ ने छात्राओं को समझाते हुए कहा कि जीवन में चाहे कैसी भी परिस्थिति आए, उसका डट कर सामना करना चाहिए। उससे घबराना नहीं चाहिए। मौके पर केजीवीबी प्रभारी संतावना जेना मौजूद थीं।

# हाथियों ने अधेड़ व्यक्ति को कुचलकर मार डाला एक घर को किया क्षतिग्रस्त, ग्रामीणों में आक्रोश

आजाद सिपाही संवाददाता



**चिनिया (गढ़वा)।** गढ़वा जिला के चिनिया थाना क्षेत्र के रंका रोड स्थित बड़का नाला के पास जंगल मे शनिवार की सुबह लगभग 5:30 बजे जंगली हाथियों ने चिनिया के चिरका तेतर टोला निवासी दशरथ सिंह उम्र लगभग 57 वर्ष को कुचलकर मार डाला। जिसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। घटना की जानकारी मिलते ही चिनिया वन विभाग की टीम और पुलिस प्रशासन ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का ज्याजा लेते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भेज दिया। घटना के संबंध में मृतक के बड़े बेटे ने बताया कि उसके सभी परिवार प्रतिदिन की तरह जंगल में महुआ चुनने के लिए गये हुए थे। तभी महुआ चुनने के दौरान ही हाथियों ने उसके पिता को कुचल कर मार डाला। वे लोग अपनी आंखों से उस दृश्य को देखते रह गये। लेकिन अपने पिता को बचा नहीं पाये। डर के कारण वे लोग वहां से किसी तरह अपनी जान बचाकर भागे और इसकी जानकारी गांव के लोगों को दी। जानकारी मिलते ही सैकड़ो की संख्या में गांव के लोग घटना स्थल पर पहुंचे। इसी दौरान ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस प्रशासन व वन विभाग को दी। जंगली हाथियों की संख्या लगभग 10 से 15 बतायी जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार हाथी अभी भी चिनिया चिरका के जंगल में विचरण कर रहे हैं। जंगली हाथियों के आतंक से आम ग्रामीणों काफी दहशत में है। इधर दूसरी ओर बीती रात ही हाथियों के झुंड ने चिरका गांव निवासी अवधेश भुइंया के खपरैल घर को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया। घर मे रह रहे सभी पूरा परिवार किसी तरह अपनी जान बचाकर घर से भागे। पूछे जाने पर गढ़वा दक्षिणी वन प्रमंडल पदाधिकारी शशि कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। हमारी टीम वह पुलिस प्रशासन घटनास्थल पर पहुंच गयी है। मामले की जांच की जा रही है। मृतक के परिजनों को सरकारी प्रावधान के अनुसार से जल्द ही चार लाख दिए जायेंगे। वहीं रंका पश्चिम वन क्षेत्र पदाधिकारी गोपाल चंद्रा के द्वारा दस हजार रुपये मृतक के परिजनों को तत्काल दाह संस्कार के लिए दिया गया। पदाधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि वे बेवजह जंगल में न जायें और हाथियों से छेड़छाड़ ना करें। बताते चलें कि पिछले 9 महीने से जंगली हाथियों का चिनिया थाना क्षेत्र मे आतंक है। हाथी लगातार जान माल का नुकसान पहुंचा रहे हैं। क्षेत्र के ग्रामीणों ने वन विभाग से कई बार हाथी भागने की मांग की। लेकिन विभाग द्वारा अभी तक कोई पहल नहीं की गयी है। जिससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है। अभी तक हाथियों द्वारा दर्जनों मकान क्षतिग्रस्त किए जा चुके हैं। कई पालतू पशुओं को भी कुचलकर मार डाला है। किसानों के फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचाया है। जिससे किसान और आम ग्रामीण काफी चिंतित है।

# राज्य निरीक्षण दल के पदाधिकारियों ने विद्यालयों का किया निरीक्षण







आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** शिक्षा विभाग झारखंड शिक्षा परियोजना के निदेशक आदित्य रंजन के आदेशानुसार गढ़वा जिले के विद्यालय के निरीक्षण हेतु प्राधिकृत राज्य निरीक्षण दल के पदाधिकारी कामेश्वर सिंह, जितेंद्र कुमार और अजीत कुमार ने जिला के कार्यक्रम पदाधिकारी राकेश कुमार के द्वारा रंका प्रखंडाधीन कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय और नेता जी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय रंका का निरीक्षण विभिन्न बिंदुओं पर किया। निरीक्षण हेतु राज्य स्तर से उपलब्ध स्कूल एसेसमेंट फॉर्मेट, लो कॉस्ट, नो कॉस्ट और हाई कॉस्ट आवश्यकता से संबंधित प्रपत्र एबीसी के विभिन्न बिंदुओं पर गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल के द्वारा दोनों ही विद्यालयों का शैक्षणिक/गैर शैक्षणिक व्यवस्था संतोषजनक पाया गया। इस संबंध में निरीक्षण दल के द्वारा विद्यालय के कुछ कर्मियों को कमियां दूर करते हुए विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था बेहतर करने के लिए 15 दिन का समय विद्यालय के वार्डन एवं लेखापाल को दिया गया। निरीक्षण दल के पदाधिकारी के द्वारा प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रंका को निर्देश दिया गया कि विद्यालयो का नियमित निरीक्षण करते हुए शैक्षणिक व्यवस्था सुदृढ़ करेंगे। इस अवसर पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संतोष कुमार दुबे, संकुल साधन सेवी देवेंद्र नाथ उपाध्याय, वार्डन अनिमा बेक, लेखापाल सह कम्प्यूटर ऑपरेटर रितेश कुमार, प्रखंड साधन सेवी महबूब अंसारी, सत्येंद्र कुशवाहा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# कस्तूरबा गांधी बालिका 10+2 उच्च विद्यालय की छात्राओं का मैट्रिक में रहा शत-प्रतिशत रिजल्ट

आजाद सिपाही संवाददाता



**धुरकी।** धुरकी प्रखंड मुख्यालय स्थित कस्तुरबा गांधी 10+2 आवासीय उच्च विद्यालय की छात्राओ ने मैट्रीक बोर्ड की परीक्षा मेशत-प्रतिशत रिजल्ट लाकर विद्यालय का नाम रौशन किया है। इस संबंध मे विद्यालय की वार्डन कुमारी श्रद्धा और शिक्षिका सबीना कच्छप ने शनिवार को जानकारी देते हुए बताया की कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय की कुल 90 छात्राओं ने इसबार मैट्रीक की परीक्षा मे शामिल होकर शत प्रतिशत रिजल्ट लाया है। उन्होने कहा की सवित कुमारी ने सबसे अधिक 380 प्रतिशत के साथ 380 अंक प्राप्त कर विद्यालय मे सबसे प्रथम स्थान पर रही। वहीं दुसरे स्थान पर दिव्या कुमारी 74.80 प्रतिशत के साथ कुल 374 अंक प्राप्त कर दूसरे स्थान पर रही इसी तरह ममता कुमारी ने विद्यालय मे 365 अंक प्राप्त कर 73 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर रही। वार्डन और शिक्षिका ने बताया की विद्यालय की सभी छात्राओं ने पढ़ाई लिखाई मे खुब मन लगाकर अध्ययन किया जिसका नतीजा यह रहा की कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय का इस वर्ष रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा है। उन्होने यह भी बताया झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय सगमा की सभी छात्राओं ने भी इसबार शत-प्रतिशत रिजल्ट लाकर स्कुल का नाम रौशन किया है। शिक्षिका ने बताया की इस वर्ष झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय सगमा से कुल 74 छात्राओ ने परीक्षा दिया है जिसमे शत-प्रतिशत रिजल्ट सभी छात्राओ ने लाए हैं। उन्होने बताया की झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय सगमा से आरती कुमारी ने 82 प्रतिशत लाकर व सर्वाधिक 420 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान लाकर विद्यालय का नाम रौशन किया है, वहीं प्रिती कुमारी 80.60 प्रतिशत के साथ कुल 403 अंक प्राप्त कर दुसरे स्थान प्राप्त किया है, और सोनी कुमारी ने 76.20 प्रतिशत के साथ कुल 381 अंक प्राप्त कर विद्यालय की तीसरी टॉपर छात्र बनी है। वार्डन ने बताया की कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय व झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय की छात्राओ ने इसबार मैट्रीक की परीक्षा मे सबसे बेहतर किया है। उन्होने कहा की मैट्रीक मे शत-प्रतिशत रिजल्ट आने से विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिका गौरवान्वित महसूस कर रही हैं। बताया की उन्होने विद्यालय मे अध्ययनरत छात्राओ को पढ़ाई के साथ-साथ संस्कर शिष्टाचार का पाठ भी छात्राओ को समय-समय पर पढ़ाया जाता है। वहीं आज विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिका और छात्राओ के मेहनत लगन के बदौलत विद्यालय का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा है। वार्डन ने सभी उतीर्ण छात्राओ के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए भविष्य मे इसी तरह पढ़ाई करते रहने के लिए प्रेरणा दिया है।

# केंद्र सरकार की नल-जल योजना में भारी गड़बड़ी

**ड्राई बोरिंग में स्ट्रक्चर फिट कर लगा दिये गये पाइप, ग्रामीणों को नहीं मिल रहा एक बूंद पानी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**डंडई।** केंद्र सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना नल जल योजना प्रखंड में दम तोड़ती नजर आ रही है। करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद भी जलसंकट की स्थिति बनी हुई है। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रखंड क्षेत्र में फ्लॉप सावित हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को साफ पानी मिल सके इसके लिए केंद्र सरकार ने करोड़ों रुपये खर्च कर हर घर नल जल योजना शुरू की थी लेकिन इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ प्रखंड के कई गांव के ग्रामीणों को नहीं मिल पा रही है। ग्रामीणों के घरों तक पानी पहुंचाने में पूरी सिस्टरम ही फेल हो जा रहा है। गर्मी का मौसम भी आ गया लेकिन सम्बंधित विभाग और काम करा रही एजेंसी अब तक लोगों के घरों तक नल का कनेक्शन कर पानी पहुंचाने में असफल है। प्रखंड के कई ऐसे गांव भी है जहां नल कनेक्शन तो दूर पाइपलाइन का काम भी अधूरा है। वहीं प्रखंड के कई ऐसे भी गांव भी है जहां पर नल जल का कनेक्शन तो हुआ है पर लोगों को पानी नहीं मिल पा रही है। कही पाइप फटकर पानी सड़क व खेतों में बह रहा है तो कहीं नल में लगे टोंटी ही उसकी गायब है। जिन पंचायत में नल जल योजना पूरी हो चुकी है, वहां नलों से पानी घर तक नहीं पहुंच पा रहा है। कारण घटिया पाइप लाइन बिछाने से पाइप जगह-जगह फट गई। नतीजतन करोड़ों रुपये खर्च के बाद भी आमजनों को शुद्ध पेयजल नसीब नहीं हो रहा है। यह अलग बात है कि सरकारी स्तर पर हर घर जल पहुंचाने का दावा जरूर किया जा रहा है। यह कागजों पर तो दिख रहा है, परंतु जमीनी हकीकत कुछ और हैं। डंडई प्रखंड की लगभग सभी पंचायतों का यही हाल है। सबसे बुरा हाल रारो पंचायत में है। यहां जिन घरों में नल कनेक्शन लगाये गये हैं उनमें अधिकांश में पानी आना तो दूर पानी की बूंद तक नहीं टपक रही है और जिनमें पानी आ भी रहा है तो उसकी धार इतनी कम है कि बाल्टी भरने में काफी समय लग रहा है। वही कई जगहों पर ड्राई बोरिंग में भी स्ट्रक्चर लगा कर और घर-घर पाइप पहुंचाकर नल लगा छोड़ दिया गया है, लेकिन ग्रामीणों को नल से एक बूंद भी पानी नसीब नहीं हो रही है। इससे न सिर्फ यह योजना बेकार साबित हो रही है, बल्कि ग्रामीणों में संवेदक के प्रति आक्रोश है।

**घटिया क्वालिटी की है जलापूर्ति की पाइपः** रारो गांव के निमियादामर निवासी लाभुक सिताराम यादव, सुखाड़ी चंद्रवंशी, कमलेश यादव सहित अन्य लोगों का कहना है कि अगर बोरिंग अधिक गहरी होती तो पानी निकल आता, लेकिन बोरिंग गहरी नहीं होने से न तो टंकी में पानी चढ़ रहा है और न ही घरों तक पानी पहुंच रहा है। वही तुमिया टोला निवासी बिगन सिंह कहते हैं कि नल जल योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। हमारे घरों तक नल लगे एक सप्ताह भी नहीं हुई कि जलापूर्ति की पाइप विभिन्न जगहों पर फट गई।इसी तरह झुमरी टोला,पारदोहर टोला व बेलवाटिकर सहित अन्य टोला के कई ग्रामीणों ने बताया कि जलमीनार लगे महीनों दिन बीत गया पर आज तक हम लोग को घर तक पानी नहीं पहुंचा।

### क्या कहते हैं मुखिया

इस संबंध में रारो मुखिया सुनीता देवी ने कहा कि केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल नल योजना का समुचित लाभ पंचायत के ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने विभाग से अनियमितता दूर कर ग्रामीणों को नल-जल योजना का लाभ देने की मांग की है।

# पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं को दिया गया प्रशिक्षण




**रंका(आजाद सिपाही) ।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर यूनिवर्सल आइडियल सेवा समिति, स्किल सेंटर रंका में स्वीप कार्यक्रम के तहत 18 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के वैसे बच्चें जो पहली बार मतदान करेंगे, उनके बीच मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से जिला नियोजन पदाधिकारी नीरज कुमार के द्वारा बच्चों को ई वी एम वी वी पेट की जानकारी दी गयी। मतदान की विशेषता बताते हुए सभी को मतदाता प्रतिज्ञा भी दिलायी गयी। साथ हीं स्वीप कार्यक्रम की विशेषता बताते हुए 13 मई को पलामू लोकसभा क्षेत्र में होने वाले मतदान के दिन अपने मतदान केंद्रों पर पहुंचे नैतिक रूप से मतदान करने की बात कही गयी। इस दौरान यूएनडीपी प्रकाश कुमार और यंग प्रोफेशनल हिमांशु कुमार मौके पर उपस्थित थे।

# निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन




**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** बीएसएल सेल, बोकारो स्टील प्लांट के भवनाथपुर तुलसीदामर खदान के सीएसआर के तहत शनिवार को अरसली उत्तरी पंचायत के झुमरी प्राथमिक विद्यालय में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन कर 210 मरीजों को जांच कर दवा वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्घघाटन माइंस अस्पताल के अपर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विजय कुमार व सीएसआर विभाग के प्रभारी भगवान पाणिग्राही ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। सेल भवनाथपुर खदान अस्पताल के अपर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. विजय कुमार राम के द्वारा सभी मरीजों को उचित जांच की गयी और दवा दी गयी। सभी का बीपी और वजन जांच किये गये और मुफ्त दवाएं दी गयी। 210 मरीजो में 53 बच्चे, 85 पुरुष व 72 महिला शामिल थी। मौके पर डॉ. विजय कुमार राम ने कहा कि इस निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन सेल भवनाथपुर के महाप्रबंधक मनोज कुमार के मार्गदर्शन में किया गया। निःशुल्क चिकित्सा शिविर का मुख्य उद्देश्य गांव के लोगों और स्कूल छात्रों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाना। इस क्षेत्र के गरीबों और वंचित लोगों को मुफ्त दवाओं का वितरण करना था। इस मौके पर माइंस अस्पताल के मुकेश दुबे, अनिला मिंज, सरोज कुमारी, सुशील कुमार मिश्र उपस्थित थे।

# उच्च विद्यालय हलिवंता के बच्चों ने विद्यालय का नाम किया रोशन

आजाद सिपाही संवाददाता




**बंशीधर नगर।** उत्कमित उच्च विद्यालय हलिवंता के छात्र/छात्राओं ने वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2024 में 204 छात्र/छात्राओं ने सफलता हासिल कर विद्यालय और अपने परिवार का नाम रोशन किया है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजय कुमार मेहता ने बताया कि विद्यालय के 217 विद्यार्थियों ने परीक्षा में सम्मिलित हुए थे, जिसमें से 204 विद्यार्थियों ने परीक्षा में सफलता प्राप्त किया है जिसमें, प्रथम श्रेणी-107, द्वितीय श्रेणी-89, तृतीय श्रेणी-08 में पास हुए और 13 असफल विद्यार्थी रहे। अतः 94 प्रतिशत विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त करने में कामयाबी पायी है। सभी विद्यार्थियों के सफलता पर प्रधानाध्यापक संजय कुमार मेहता ने विद्यार्थियों को उज्वल भविष्य का कामना और असफल विद्यार्थियों को एक बार पुनः कड़ी मेहनत करने का सुझाव देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

### विद्यालय के टॉप 10 छात्र/छात्रों का सूची

| क्र संख्या नाम | क्रमांक | प्रतिशत |
|---|---|---|
| 1 आंनद कुमार | 146 | 87.80 |
| 2.सुगंधा कुमारी | 89 | 86.60 |
| 3.साक्षी कुमारी | 04 | 79.40 |
| 4.रेखा कुमारी। | 63 | 79.00 |
| 5.दिव्या कुमारी | 01 | 77.60 |
| 6.प्रभाकर कु0पटेल | 117 | 77.0 |
| 7.कनकलता कुमारी | 94 | 76.4 |
| 8.पूनम कुमारी। | 93 | 76.00 |
| 9.अंशिका कुमारी। | 03 | 75.60 |
| 10 सोनम कुमारी। | 88 | 74.80 |

# पिस्तौल लहराते हुए तिलक में डांस करना दो युवकों को पड़ा महंगा, भेजे गये जेल

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** पुलिस तिलक समारोह में पिस्तौल लहराते हुए डांस करना महंगा पड़ा, दोनों युवकों को थाना पुलिस ने आर्म्स के साथ गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। थाना प्रभारी विष्णु कांत के अनुसार थाना क्षेत्र के हासनदाग गांव में शुक्रवार की रात्रि में एक तिलक समारोह में उसी गांव के स्वर्गीय केश्वर चौधरी का बेटा बीरबल चौधरी 23 वर्ष और रेजो गांव निवासी राजेंद्र चौधरी का बेटा अवधेश चौधरी 24 वर्ष दोनो एक साथ आर्म्स लहराते हुए डांस कर रहे थे। जिसका किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जिसकी जानकारी मिलते ही त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों युवकों को गांव के बाहर भागते हुए गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान बीरबल चौधरी के कमर से एक देसी कट्टा बरामद किया गया तथा अवधेश चौधरी के पॉकेट से दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया। दोनों युवकों के विरुद्ध भादवि की धारा 25 (1-बी) ए /26/35 आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

# प्रभु श्री राम ने आसुरी शक्तियों और घमंड का नाश कर मानव जाति को आपस में प्रेम करने का संदेश दिया : मंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** प्रसिद्ध मां शायद देवी धाम मंदिर में चल रहे 10 दिवसीय वार्षिकोत्सव का समापन शुक्रवार प्रातः दुगोला चैता मुकाबला के समापन के साथ संपन्न हो गया। गुरुवार की रात में आयोजित दुगोला चैता का उद्घाटन मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने दीप प्रज्वलित कर और फीता काटकर किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों को रामनवमी और चैत्र नवरात्र की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान राम के आदर्शों को हम सभी को अपने जीवन में अपनाना चाहिए, जिससे जीवन सरल हो जायेगा। उन्होंने कहा संपूर्ण मानवता को सही मार्गदर्शन तथा आसुरी शक्तियों और घमंड का नाश करने के लिए भगवान विष्णु ने श्री राम के रूप में अवतरित हुए थे। जिन्होंने मानव जाति को आपसी प्रेम और भाईचारे के साथ जीवन जीने का संदेश दिया। इससे पहले आयोजन समिति द्वारा मंत्री जी को बड़ा पुष्प माला तथा पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। इसके बाद प्रदुमन परदेसी और रौशन राज के टीमों के बीच रातभर जोरदार मुकाबला चला। दोनों ही टीम एक से बढ़कर एक प्रसंगों को गान बजान के माध्यम से उपस्थित सैकड़ों लोगों को रात भर खूब मनोरंजन कराया। सुबह में निर्णायक मंडली द्वारा दोनों ही टीम को उपहार देकर विदाई की गयी। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से देवी धाम संचालन समिति के अध्यक्ष संजय भगत, कार्यक्रम के प्रभारी विजय प्रसाद, मुख्य संरक्षक प्रेमचंद प्रसाद, कृष्णा प्रसाद कुशवाहा, मनोज जायसवाल, प्रमोद महाजन विनोद प्रसाद आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उद्घाटन के मौके पर झामुमो प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम खान, प्रखंड अध्यक्ष दशरथ प्रसाद, कार्यकारी प्रखंड अध्यक्ष सूर्य प्रकाश, मुखिया रामसागर महतो, वीरेंद्र नाथ तिवारी, हरेंद्र चौधरी, अजय प्रसाद गुप्ता, मुन्ना राम, सहित कई झामुमो नेता कार्यकर्ता शामिल थे।

# चुनाव पदाधिकारी ने बूथों का किया निरीक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**विशुनपुरा।** विशुनपुरा लोकसभा चुनाव को लेकर दंडाधिकारी सह अंचलाधिकारी संदीप कुमार मद्धेशिया ने प्रखंड के सभी में बूथों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मध्य विद्यालय विशुनपुरा में पानी, बिजली और शौचालय का अव्यवस्था को लेकर काफी नाराजगी जतायी है। विद्यालय में बूथ रूम काफी जर्जर पाया। शौचालय में गंदगी को देख भड़क गये। उन्होंने अविलंब शौचालय को साफ सफाई कराने का निर्देश शिक्षा विभाग के कर्मियों को दिया है। साथ ही सभी बूथों पर बिजली, पंखा लगाने के लिये कहा है। उन्होंने पीएचडी विभाग से बात कर विद्यालय में अविलंब पानी की व्यवस्था कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने बताया कि मध्य विद्यालय विशुनपुरा में 282, 285, 288 बूथ संख्या है। इस बूथ पर सेक्टर फोर्स की रहने की व्यवस्था करायी जारही है। इस मौके पर थाना प्रभारी राहुल कुमार सिंह, पंचायत सेवक सह सेक्टर मजिस्ट्रेट रामप्रवेश सिंह उपस्थित थे।

# नाली-पीसीसी रोड की मानसिकता से हमें निकलना होगा : अर्जुन मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** खूंटी संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी और जनजातीय मामलों तथा केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि हमें नाली और पीसीसी रोड की मानसिकता से निकलना होगा। यह लोकसभा चुनाव है, जो देश का भविष्य निर्धारित करेगा। इसलिए लोगों को राष्ट्र हित में सोचकर मतदान करना चाहिए। अर्जुन मुंडा शनिवार को मरचा गांव में आयोजित सरहुल महोत्सव में शामिल होने के बाद खूंटी लौटने के क्रम में तोरपा स्थित भाजपा के विधानसभा स्तरीय कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ चाय पे चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आपको बताना होगा कि केंद्र सरकार से आप किस तरह की योजना चाहते हैं। ऐसी योजनाओं की मांग करें, जिससे क्षेत्र का विकास हो।

उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को शिकायत रहती है कि अर्जुन मुंडा गांवों में नहीं जाते। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि खूंटी संसदीय क्षेत्र में पांच हजार से अधिक गांव हैं। ऐसे में सभी गांवों में जाना संभव नहीं है। वैसे जनता जब भी उन्हें बुलाती है, वे वहां पहुंचने का प्रयास करते हैं।

मौके पर भाजपा के विधानसभा संयोजक अरूणचंद्र गुप्ता, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संतोष जयसवाल, विनोद भगत, शशांक राय, नीरज जयसवाल सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## कड़िया मुंडा को अर्जुन मुंडा ने जन्मदिन की दी बधाई



खूंटी। भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री ने शनिवार को पद्मभूषण कड़िया मुंडा के अनिगड़ा स्थित आवास जाकर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी और उनके बेहतर स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना की। केंद्रीय मंत्री ने कड़िया मुंडा के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया। ज्ञात हो कि खूंटी से आइ बार सांसद, कई बार केंद्रीय मंत्री और लोकसभा के उपाध्यक्ष कड़िया मुंडा अपने जीवन के 88 बसंत देख चुके हैं। उनका जन्म 20 अप्रैल 1936 को हुआ था। जन्मदिन के मौके पर कड़िया मुंडा को कई लोगों ने उनके आवास जाकर उन्हें शुभकामनाएं दी।

## बढ़ते तापमान से गहराया जलसंकट

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** सिल्ली प्रखंड में बढ़ते तापमान से जल संकट गहराया नदी नाले सुख रहे हैं। सिल्ली प्रखंड के सिंगपुर लोहार टोला में सोलर पंप भी काम नहीं कर रहा हैं यहां की महिलाएं पीने के पानी के लिए धुप में इधर-उधर भटक रहे हैं। हर-घर जल-नल योजना के तहत हर घर में पानी का पाइप लगाकर कनेक्शन भी किया गया है पर सिंगपुर लोहरा टोला में आज तक एक बुंद पानी को नसीब नहीं हुआ है। वहां के लोगों का जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। इतनी कड़ी धुप में लोगों का जीना बेहाल हो गया है। घरों से बहार निकल नहीं पा रहे हैं। लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसा लग रहा है की आसमान से आग का गोला बरस रहा है। डेली मजदूरी करने वाले को इस धूप में काम करने में काफी कठिनाई हो रही है। बच्चों को भी स्कूल आने जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

# सुदेश महतो और नेहा महतो से मुलाकात की



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिल्ली।** शनिवार को बिरसा मुंडा तीरंदाजी एकेडमी सिल्ली के मुख्य संरक्षक सह झारखंड सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो और एकेडमी की अध्यक्ष सह झारखंड तीरंदाजी संघ की वरीय उपाध्यक्ष नेहा महतो से मिली भारतीय तीरदांजी की पहली अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित कृष्ण घटक और साथ में भारतीय तीरंदाजी संघ के सहायक सचिव गुंजन ओबेरॉय से मिल कर तीरंदाजी के विकास के बारे में चर्चा की साथ में शामिल अंतरराष्ट्रीय कोच प्रकाश राम हरेंद्र सिंह मौजूद थे।

# एनके एरिया में मनाया गया सरहुल पूजा महोत्सव, निकाली गयी भव्य शोभायात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** एनके एरिया सरना समिति के तत्वाधान में सरहुल पूजा महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर डकरा स्थित सरना स्थल पर पाहन शिवचरण गंझु ने पारंपरिक तरीके से पूजा अर्चना किया। और उपस्थित लोगों के बीच सरई फुलखोन्सी किया। उसके बाद सरहुल की भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। इस शोभायात्रा में विभिन्न गांव से आये खोड़हा टीम अपने पारंपरिक ढोल नगाडे, मांदर की थाप पर नृत्य करते हुए केडीएच सरना क्लब तक गया। इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि एनके एरिया महाप्रबंधक सुजीत कुमार तथा विशिष्ट अतिथि इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह, रैयत विस्थापित मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता, जिला परिषद सदस्य नेहा उरांव, मुखिया ललीता देवी, शांति देवी, सुनीता देवी, मुखिया संतोष कुमार महली, पारसनाथ उरांव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता लालचंद विश्वकर्मा तथा संचालन रंथू उरांव ने किया। सरना क्लब में आयोजित कार्यक्रम में सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। वही अतिथियों के द्वारा सभी खोड़हा टीमो को पुरस्कृत किया गया। इस मौके कन्हाई पासी, अशोक लकड़ा, अमृत भोगता, रामलखन गंझु, जगरनाथ महतो, सुनील कुमार सिंह, राजेंद्र उरांव, रवि उरांव, राजकुमार मुंडा, रमेश तुरी, दीपक टाना भगत, जगदीश गंझू, सुनीता उरांव, बंदों उरांव, अनिता गंझु, सुकरा उरांव, कमलेश उरांव, तानेश्वर उरांव, अशोक उरांव आदि मौजूद थे।

## श्योर सक्सेस कोचिंग के छात्रों ने मैट्रिक में बेहतर प्रदर्शन किया

# लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत से पढ़ाई करें विद्यार्थी : सुलेमान

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** झारखंड अधिविद्य परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक के परीक्षा में श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर, मुरहू का प्रदर्शन इस वर्ष भी सराहनीय रहा। संस्थान के 98 फीसदी विद्यार्थियों ने सफलता पाई। दसवीं के 56 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। संस्थान में शनिवार को सम्मान समारोह आयोजित कर सभी टॉपर छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुरहू के प्रखंड विकास पदाधिकारी सुलेमान मुंडरी ने कहा कि गांवो में प्रतिभाओं की कमी नहीं है विद्यार्थी अपना लक्ष्य निर्धारण कर मेहनत से पढ़ाई करें और सभी तरह की बुराइयों से बचें। संस्थान की छात्रा जरीन परवीन 441 (88.20फीसदी) लाकर कोचिंग टॉपर बनी। स्वर्णलता नाग410 तथा साहिल बोदरा 402 अंक अर्जित कर कोचिंग के टॉप तीन में शामिल रहे। डॉ डीएन तिवारी और बसंत भगत ने कहा ग्रामीण छात्र-छात्राओं का प्रदर्शन सराहनीय ह, इसे बरकरार रखने की जरूरत है। संस्थान के निदेशक सकलदीप भगत ने कहा अपने बेहतर प्रदर्शन को बरकरार रखें साथ ही अपने प्रदर्शन से अपने परिवार एवं समाज का नाम रोशन करें। उन्होंने कम अंक अर्जित करने वाले छात्र-छात्राओं को कहा सिर्फ अंको से किसी की प्रतिभा का आकलन नहीं किया जा सकता। इसलिए अपने अंको से निराश ना होकर आगामी परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने की ओर अग्रसर रहें।

## कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय तमाड़ का मैट्रिक का रिजल्ट 100%

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय तमाड़ से 58 छात्राओं ने मैट्रिक की परीक्षा लिखी थी जिसमें 41 छात्राएं प्रथम स्थान, 16 छात्राएं द्वितीय स्थान एक छात्र तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय की छात्रा चंद्रिका कुमारी 415 अंक लाकर विद्यालय टॉपर बनी है वही 407 अंक लाकर भानु कुमारी विद्यालय में दूसरा स्थान प्राप्त की है एवं 399 अंक लाकर तानिया कुमारी विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त की है। विद्यालय की वार्डन रीता बडाइक सभी शिक्षक शिक्षिकाएं और कर्मचारियों ने सभी छात्राओं को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## कल्याणपुर में इंडिया गठबंधन की बैठक



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपुर चौक स्थित सरना क्लब के समीप हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में सिमरिया विधानसभा के विधायक प्रत्याशी मनोज चन्द्रा मौजूद थे। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव पर विचार विमर्श किया गया एवं इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को जीत दिलाने का संकल्प लिया गया। बैठक मे सभी लोगों ने एक स्वर में इंडिया गठबंधन को अधिक से अधिक वोट दिलाने, जनसंपर्क तेज करने,डोर टू डोर कैंपेन करने पर विचार विमर्श किया गया। आगामी 20 मई को चतरा लोकसभा में होने वाले लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान कराने के लिए मतदाताओ से अपील किया गया। बैठक मे मनोज चन्द्रा के अलावे रैयत विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन, कांग्रेस पार्टी के युवा अध्यक्ष रवि भारद्वाज,टंडवा दक्षिणी जिला परिषद सदस्य नेहा उरांव,जेएमएम नेता सलीम अख्तर,रैयत विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय सदस्य जेपी महाराज, सामाजिक कार्यकर्ता इदरीश अंसारी, रामचंद्र उरांव,अब्दुल अंसारी, जुबैर आलम, सलीम अख्तर, हाजी जसीम,मो जुल्फान, सचिन पासवान, फहीम राजा, मो .जमसेद, कृष्णा यादव, इंदरजीत उरांव,राहुल राम, द्दपाल भगत,मो. खुर्शीद, जेपी महाराज, बीरू मुंडा सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# भीषण गर्मी में स्कूली बच्चों को हो रही परेशानी, अभिभावकों की बढ़ी चिंता

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाको मे भीषण और उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल है। गर्मी के आक्रमक रूप से हर कोई परेशान है। सुबह 9 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है, जिसके कारण चौक चौराहो व बाजारो मे सन्नाटा पसरा हुआ रहता है। गर्मी मे कड़ी धूप के साथ चल रही लू ने लोगो को घरो मे कैद कर रख दिया है। इधर गर्मी से सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों पर देखी जा रही है। सुबह स्कूल जाने मे तो कोई दिक्कत नही हो रही है, लेकिन स्कूल से घर आने मे बच्चों के पसीने छुट रहे है। स्कूली बच्चे चिलचिलाती धूप व लू का सामना कर घर पहुंच रहे है,जिससे अब अभिभावको की चिंता बढ़ने लगी है। इधर झारखंड सरकार ने सभी सरकारी और गैर सरकारी स्कूलो मे 11:30 बजे तक बच्चो को छुट्टी देने का आदेश जारी किया है। अब बच्चे और अभिभावक भी गर्मी की छुट्टी की आस लगाये है। इधर कोयला खदानो मे काम करने वाले कोयला मजदूरो को भी खदान क्षेत्र मे काम करने मे पसीने छुट रहे है। वही ड्यूटी आने जाने मे लू का सामना करना पड़ रहा है। कोयलांचल क्षेत्र के तापमान मे लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है, ऐसे मे लोगो की मुश्किले भी बढ़ती नजर आ रही है। स्थानीय लोगो का मानना है कि कई वर्षो के बाद अप्रैल माह मे भयावह गर्मी देखने को मिला है। लोगो का कहना है कि आने वाले दिनो मे गर्मी का क्या रूप होगा भगवान ही जाने। फिलहाल गर्मी और लू से बचने के लिए कोयलांचल के लोग सभी प्रकार के उपाय कर गर्मी से बचने का प्रयास कर रहे है। वही कोयलांचल क्षेत्र मे बिजली की आंख मिचौनी से भी लोग परेशान है। बचरा के आवासीय कालोनी सहित ग्रामीण इलाको मे बिजली काटे जाने से लोग गर्मी से परेशान है।

# निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम सहित पांच आरोपितों की न्यायिक हिरासत अवधि चार मई तक बढ़ी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मनी लांड्रिंग मामले के आरोपित जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम, उनके भाई आलोक रंजन सहित पांच आरोपितों की पेशी वीडियो कांफ्रेंसिंग से बिरसा मुंडा जेल से इडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में शनिवार को हुई। कोर्ट ने इनकी न्यायिक हिरासत अवधि चार मई तक के लिए बढ़ा दी है।

इडी ने टेंडर कमीशन घोटाले में 22 फरवरी 2023 को वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था। इनके तीन सहयोगियों नीरज मित्तल, ताराचंद गुप्ता और राम प्रकाश भाटिया को भी इडी ने इस मामले में गिरफ्तार किया है। बता दें कि इडी की टीम ने वीरेंद्र राम की 39.28 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की थी। जब्त की गयी संपत्ति वीरेंद्र के जरिये टेंडर में कमीशन से उगाही कर अर्जित की गयी है। 22 फरवरी 2023 को वीरेंद्र राम के आवास पर छापेमारी के दौरान उसके रांची के अशोक नगर स्थित आवास से इडी ने वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था। वीरेंद्र राम के ठिकानों में छापेमारी के दौरान इडी को करीब 40 लाख से अधिक नकदी और डेढ़ करोड़ के आभूषण मिले थे। इडी ने उनके कई लग्जरी वाहन भी बरामद किये थे।

## डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में समर्पण दिवस पर हवन यज्ञ का हुआ आयोजन



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में महात्मा हंसराज जयंती के उपलक्ष्य में दो दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत हवन यज्ञ का आयोजन किया गया ।जिसमें मुख्य यजमान के रूप में पिपरवार क्षेत्र के एजीएम रंजय सिन्हा और विद्यालय के प्राचार्य आरबी प्रसाद उपस्थित थे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर बच्चों के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया ।समर्पण दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय में अंतर सदनीय हवन यज्ञ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा नवम तथा द्वादश के छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया ।जिसमें हंसराज हाउस, विवेकानंद हाउस,श्रद्धानंद हाउस और दयानंद हाउस के बीच हवन यज्ञ प्रतियोगिता कराया गया ।जिसमें दयानंद हाउस के बच्चों ने प्रथम स्थान हासिल किया। वही विवेकानंद हाउस को द्वितीय तथा हंसराज हाउस तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर पिपरवार एरिया के एजीएम रंजय सिन्हा ने विद्यालय के हेड ब्वॉय और हेड गर्ल को सैश पहनाकर विद्यालय मे कर्तव्य के लिए प्रेरित किया। हेड ब्वॉय के रूप में शिवम सिंह और हेड गर्ल के रूप में संचिता तिवारी का चयन किया गया। इस मौके पर इस मौके पर प्राचार्य आरबी प्रसाद, एके लाल,एसके पाण्डेय, एके शर्मा, एके घोष, आरआर दत्ता, जीएसपी शर्मा, सुदिप्ता डे, सीएस सिंह, एपी द्विवेदी, आभा खन्ना, सुरैश कुमार, मोहम्मद शाहिद, सुमित कुमार, फिरोज आलम सहित स्कूल के कई शिक्षक और बच्चे मौजूद थे।

# खाटू नरेश के जयकारों से श्याम मंदिर गूंजा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल की ओर से श्याम मंदिन में भंडारा का आयोजन भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। उपमंत्री अनिल नारनोली के नेतृत्व में गिरिश अग्रवाल, सरिता अग्रवाल ने खाटूनरेश, शिव परिवार, बजरंगबली को भंडारे का प्रसाद अर्पित किया। खाटू नरेश की जय जयकारों से पूरा हरमू रोड गूंज रहा था। भंडारे में पुलाव पूड़ी, पंचमेवा, मिक्स सब्जी, खीर चूरमा, केसरिया जलेबी, आम का शरबत अध्यक्ष सुरेश सरावगी के दिशा-निर्देश में निर्मित किया गया। लगभग 2500 से ज्यादा भक्त जनों ने भंडारे का महाप्रसाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, श्रवण ढानढनिया, प्रदीप राजगढ़िया, अनिल नारनोली, पूर्व सांसद अजय मारू, वेद भूषण जैन, पप्पू रंजना जैन, अभिषेक सरावगी, कौशल चौधरी, रतन शर्मा, अनुज मोदी, अमित सरावगी, कमलेश सावा, कमल बिश्नोई, अंकित सिंह मौजूद थे।


# 44 साल से फरार अभियुक्त मंसूर आलम ने जुर्म कबूला

## सिविल कोर्ट ने मामला किया निष्पादित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सिविल कोर्ट में करीब चार दशक से ज्यादा पुराने मामले का निष्पादन शनिवार को हो गया। मटका खेलाने के अभियुक्त मंसूर आलम जो 44 साल से फरार था, उसने शनिवार को न्यायिक दंडाधिकारी कमलेश बेहरा की अदालत में उपस्थित होकर अपना जुर्म कबूल कर लिया। इसके बाद अदालत ने दोषी अभियुक्त को मामूली जुर्माना लगाया। अभियुक्त पर 1980 में मटका खेलने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। इसके बाद से वह फरार चल रहा था। मामले की जांच कर रहे अधिकारियों ने जांच पूरी करते हुए 17 सितंबर 1980 को अभियुक्त के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। चार्टशीट दाखिल होने के बाद कोर्ट ने संज्ञान लेते हुए अभियुक्त मंसूर आलम के खिलाफ समन जारी किया था। समन जारी होने के बाद अभियुक्त की ओर से कोर्ट में अपने वकील के माध्यम से उपस्थिति भी दर्ज करायी गयी थी, लेकिन पुलिस पेपर लेने के दौरान अभियुक्त फरार हो गया और लगभग चार दशक तक वह फरार रहा। अभियुक्त के फरार होने के बाद से यह मामला लंबित चल रहा था। पिछले दिनों कोर्ट ने इसकी जानकारी रांची पुलिस को भेजी, जिसके बाद पुलिस ने अभियुक्त को तलाश कर अदालत में पेश किया, जहां अभियुक्त ने 44 साल पुराने मामले में अपना दोष स्वीकार लिया। अदालत ने सजा के तौर पर सिर्फ मामूली आर्थिक दंड लगाया है।

## 30 हजार से अधिक लोग रांची की रैली में हिस्सा लेंगे : जुबैर अहमद



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** रांची में झामुमो द्वारा 21 अप्रैल को आहूत न्याय उलगुलान रैली की तैयारी को लेकर शनिवार को झामुमो जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद की अगुवाई में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में रैली की तैयारियों की समीक्षा की गयी। जिले की किस-किस पंचायत से कितने लोग रैली में जायेंगे, इसकी समीक्षा की गयी। बैठक में जुबैर अहमद ने निर्देश दिया कि जिले की सभी पंचायतों से लोग रैली में जाये, यह सुनिश्चित करें कार्यकर्ता। लोगों को रैली में जाने में किसी तरह की कठिनाई नहीं हो, इसके लिए अलग अलग पंचायतों के लिए अलग-अलग कार्यकर्ताओं की जिम्मेवारी सौंपी गयी है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि रैली को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। लोग रैली में जाने को उत्सुक हैं। उन्होंने कहा कि खूंटी जिले से 30 हजार से ज्यादा लोग रैली में हिस्सा लेंगे। केंद्रीय समिति सदस्य सुदीप गुड़िया ने कहा कि रैली में इतनी भीड़ होगी कि सारा रिकॉर्ड टूट जायेगा। प्रत्येक गांव से लोग रैली में पहुंचेंगे। बैठक में जिला सह सचिव मोजीर अंसारी, प्रदीप केशरी, मंडल अध्यक्ष रुबेन तोपनो, उपाध्यक्ष हेमंत गुप्ता, सुकवन कंडुलना, जॉनसन आईंद आदि शामिल थे।

## भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा कल करेंगी नामांकन

**रांची (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव के लिए चौथे चरण के मतदान को लेकर नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गयी है। झारखंड में चौथे से सातवें चरण में 14 लोकसभा सीट पर चुनाव संपन्न होंगे। चौथे चरण में शामिल क्षेत्र सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू के एनडीए उम्मीदवारों की नामांकन प्रक्रिया 22 अप्रैल से शुरू होगी। 22 अप्रैल को सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र की प्रत्याशी गीता कोड़ा, 23 अप्रैल को खूंटी लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, 24 अप्रैल को लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी समीर उरांव और पलामू लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी वीडी राम अपना नामांकन दाखिल करेंगे। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी उपस्थित रहेंगे।

## बार संचालक की मनमानी, कार्रवाई की मांग

**रांची।** महानगर युवा कांग्रेस के महासचिव रोहित सिन्हा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने बार संचालकों द्वारा नियमों का उल्लंघन और मनमानी करने के संबंध में राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उपायुक्त, मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि कडरू स्थित सरोज बार औरलाइन टैंक रोड स्थित स्काई स्केप बार के संचालक अपने आप को कानून और नियमों से ऊपर मानते हैं। ये न तो हाइकोर्ट, न उत्पाद विभाग, ना सरकार और ना ही जिला प्रशासन के निर्देशों और कानून का पालन करते हैं।

## महाराज मदरा मुंडा के जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रम में होंगे शामिल

# मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन 23 को पिठोरिया में

44 धार्मिक स्थलों को अतिक्रमण मुक्त कर संरक्षण व संरक्षित करने का भी किया वादा

## मरंगबुरु को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का दिया आश्वासन

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिठोरिया।** महाराजा मदरा मुंडा सेवा संस्थान न्यास ट्रस्ट के पहलवान मुंडा एवं मीडिया प्रभारी सोमा उरांव के निवेदन पर 23 अप्रैल को मुख्यमंत्री चंपई सोरेन पिठोरिया में रहेंगें। वे बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल होंगे। साथ ही महाराजा मदरा मुंडा मुरहड़ पहाड़ मरंगबुरू विकास समिति की ओर से एक आवेदन दिया गया, जिसमें मरंग बुरु को गोद लेने एवं महाराज मदरा मुंडा मरंग बुरू के पिलचु हड़ाम व पिलचु बुढ़ही सहित 44 धार्मिक स्थलों को अतिक्रमण मुक्त कर सुरक्षित एवं संरक्षण करने की अपील की गई है। महाराजा मदरा मुंडा मुड़हर पहाड़ मरंगबुरू को गोद लेने एवं पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का निवेदन भी किया गया। वहीं, मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि महाराज मदरा मुंडा के जन्मदिन पर 23 अप्रैल को वे अवश्य शामिल होगें एवं पिचलु हड़ाम पिलचु हड़ाम और मरंगबुरू से आशीर्वाद प्राप्त करेंगें। साथ ही 44 धार्मिक स्थलों को अतिक्रमण मुक्त कर संरक्षण एवं संरक्षित करेंगें। मरंगबुरु को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित भी करेंगें। बताते चलें कि इस वर्ष भी महाराजा मदरा मुंडा सेवा संस्थान न्यास ट्रस्ट की ओर से प्रदीप पाहन के नेतृत्व में ढोल ढाक बाजे गाजे के साथ रूढि प्रथागत विधि विधान से भेड़ा, बकरा, मुर्गा मुर्गी एवं फल फूल पत्ती के साथ दो दिवसीय (22-23 अप्रैल) को पूजा की जाएगी। वहीं 23 की शाम में चार बजे प्रसाद वितरण किया जाएगा। इसके बाद बाहा सरहुल मिलन समारोह एवं नृत्य किया जाएगा। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में महेश्वर पहान, प्रवीण पहान, बलराम मंडा, सूरज मुंडा, विकास मुंडा, जगत मुंडा, डॉ प्रदीप मुंडा, जीतू साहू, पूरन गोप, मधु साहू, पंचम पहान, विनोद गोप, राजेंद्र सिंह मुंडा, ग्राम प्रधान शिव शंकर मुंडा, ग्राम प्रधान राम लगन मुंडा, रामकिसुन लोहारा और कैलाश महतो आदि जुटे हुए हैं।



मुख्यमंत्री को कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण देते संस्था के पदाधिकारी।

# मैट्रिक में 97 फीसदी अंक लाकर किसान की बेटी बनी प्रखंड टॉपर

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** शिवाजी प्रतिभा विकास विद्यालय की शांति कुमारी मैट्रिक की परीक्षा में 97 फीसदी अंक लाकर स्कूल के साथ ही प्रखंड में भी टॉप की है। शांति डहू के किसान बचन महतो की बेटी है। स्कूल के सचिव डॉ पारस नाथ महतो और प्रधानाचार्य धनीलाल महतो ने शांति कुमारी की सफलता पर उसे व उसके माता-पिता एवं शिक्षकों को बधाई दी है। दूसरी ओर, प्रखंड क्षेत्र के संत मदर टेरेसा उच्च विद्यालय नेवरी की शाखा मंदरों आदर्श भारती पब्लिक हाई स्कूल का 10वीं की परीक्षा में परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। विद्यालय की कुल 25 छात्राओं ने 10वीं की परीक्षा दी थी, जिसमें सभी विद्यार्थियों ने डिस्टिंक्शन से ऊपर अंक प्राप्त कर अपने माता-पिता, गुरुजनों और विद्यालय का नाम रोशन किया। सभी छात्र-छात्राएं फर्स्ट डिवीजन से उत्तीर्ण हुए। उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय के टॉपर बनें मेहक आफिया (91.80 फीसदी, आशीष कुमार महतो (83.00 फीसदी), सानिया प्रवीण (82.60 फीसदी अंक) शामिल है। विद्यालय की सचिव सरिता देवी और प्राचार्य सुखदेव महतो ने बच्चों उनके माता-पिता और शिक्षकों को बधाई दी है।





# सीमा की सुरक्षा के बाद पूर्व सैनिक निभा रहे हैं सामाजिक जिम्मेदारी

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** सरहद पर रहकर देश सेवा करने के बाद अब सेवानिवृत्त होकर पूर्व सैनिक उतनी ही मुस्तैदी से सामाजिक सरोकारों को लेकर भी सक्रिय है। वैसे तो हर सैनिक गौरव सेनानी होता है और देश में कोई संकट खड़ा हो जाए तो अपने कर्ज से कभी पीछे नही हटते। देशभर में पूर्व सैनिकों की कई संस्थाएं शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण आदि अलग-अलग विषयों को लेकर सेवा प्रकल्प चला रहे है। विभिन्न मुदो को लेकर लोगों को जागरुक कर रहे है। यहां आपको रुबरु करा रहे है, टाटीसिलवे के लालगंज महुआ टोली निवासी सह पूर्व सैनिक संजीत सिंह से जो सेवानिवृत्त के बाद सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय है। संजीत सिंह हर वर्ष 10 से 15 जोड़े गरीबों का विवाह, सामूहिक रुद्राभिषेक, यज्ञ, सरहुल, होली मिलन अपने निजी खर्च पर करते रहते है। संजीत कोरोना काल में अपने क्षेत्र के गरीब-गुरबों के बीच राशन वितरण करने का कार्य किए थे। वे वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी से जुडे.हुए है। जो मात्र चार दिनों में रामनवमी पर श्री महावीर मंडल लालगंज टाटीसिलवे का गठन कर रामभक्तों के सहयोग से टाटीसिलवे क्षेत्र में भव्य झांकी निकाले, जो इस क्षेत्र में चर्चा का विषय बन हुआ है।



# मैट्रिक की परीक्षा में इटकी के स्कूलों के शानदार प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**इटकी।** जैक बोर्ड की मैट्रिक परीक्षा में के बालिका उच्च विद्यालय. संकरी उच्च विद्यालय और संत विग्नेश बालिका उच्च विद्यालय का परीक्षाफल 90 फीसदी रिजल्ट रहा। संकरी उच्च विद्यालय में 91 बच्चों ने परीक्षा दी थी, जिसमें से 39 प्रथम, 44 द्वितीय और एक तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुआ। हुजैफा 447 अंक लाकर विद्यालय टॉपर रहा। जबकि शाहिद आलम 403 अंक लाकर द्वितीय और एक तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हआ। संत अग्निस में 160 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। जिसमें 124 बच्चे सफल हुए। इसमें ऐसा प्रवीण 462 अंक लाकर प्रथम स्थान और रोशनी कुमारी 451 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रही। बालिका उच्च विद्यालय में 71 में से 87 फीसदी बच्चे सफल रहे। शिव फलक 475 अंक लाकर प्रथम और मसीरा 471 पाकर दूसरे स्थान पर रही।

## 88 फीसदी अंक लाकर किसान का बेटा बना प्रखंड टापर

आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** प्रखंड में मैट्रिक परीक्षा में हाई स्कूल के छात्र कमलेश महतो ने 88.40 फीसदी अंक लाकर प्रखंड टापर बना। उसके पिता पेशे से किसान हैं। जबकि संत पोल हाई स्कूल गाड़हा लोधमा की छात्रा काजल उरांव 85.20 फीसदी और हाई स्कूल लापुंग का छात्र विवेक कुमार व रूबी कुमारी 85.20 फीसदी अंकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरे नंबर पर स्थान रहे। वहीं ककरिया हाई स्कूल का छात्र सुरेश उरांव 84.80 फीसदी अंक लाकर तीसरे नंबर पर काबिज रहा। लापुंग हाई स्कूल लापुंग की छात्रा गुंजईर कुजुर 84.60 फीसदी अंक के साथ चौथे और रूपाली कुमारी 84.40 फीसदी अंक प्राप्त कर पांचवे स्थान पर रही।




# संजीवनी क्लासेस के विद्यार्थियों ने लहराया सफलता का परचम




आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** टाटीसिलवे-पुरुलिया रोड स्थित संजीवनी क्लासेस के विद्यार्थियों ने 2024 मैट्रिक की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। संस्थान का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। संस्थान की छात्रा प्रिया कुमारी 94.6 प्रतिशत अंक लाकर कार्मल बालिका उच्च विद्यालय में प्रथम स्थान पर रही। वहीं, छात्र संजीव कुमार 90.6 प्रतिशत अंक लाकर स्वर्णरेखा पब्लिक हाई स्कूल के टॉपर रहा। छात्रा कुमारी कंचन 89.6 प्रतिशत अंक लाकर स्वर्णरेखा पब्लिक हाई स्कूल में द्वितीय स्थान पर रही, छात्रा प्रिया नंदा राजकीय कृत उच्च विद्यालय टाटीसिल्वे में द्वितीय स्थान पर रही। वहीं, संस्थान के सभी छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए है। संस्थान के शिक्षकों ने सभी सफल विद्यार्थियो को मिठाई खिलाकर उनके उज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर संस्थान के शिक्षक कुंदन कुमार, प्रेम रंजन शर्मा, सुमित केसरी ,प्रिया कुमारी एवं कृति कुमारी मौजूद थे। इधर, टाटीसिलवे के इइएफ मैदान स्थित कॉन्सेप्ट क्लासेस के विद्यार्थियों का परीक्षा फल शत प्रतिशत रहा। संस्थान के संस्थापक सूरज कुमार ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# डॉ राम मनोहर लोहिया प्लस टू उच्च विद्यालय के विद्यार्थियों ने मनवाया अपनी प्रतिभा का लोहा

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिठोरिया।** बुढ़मू प्रखंड के उमेडण्डा में संचालित डॉ राम मनोहर लोहिया प्लस टू उच्च विद्यालय के विद्यार्थियों ने एक बार पुनः जैक बोर्ड की मैट्रिक परीक्षा में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। 92.8 फीसदी अंक लाकर नसरीन परवीन नामक छात्रा टॉपर रही। वहीं, 89.8 फीसदी अंक लाकर अभिषेक कुमार नायक द्वितीय स्थान पर रहा। इसी तरह अमन मुंडा 85.6 फीसदी, योगेंद्र महतो 85.2 फीसदी, रानी नंदिनी सिंह 85 फीसदी, अर्पित कुमार महतो 83.8 फीसदी, विशेश्वर कुमार 82.6 फीसदी, रूबी कुमारी 82.2 फीसदी, अनीश कुमार 81.6 फीसदी और प्रीतम कुमार गोप 81.4 फीसदी अंक प्राप्त कर परिवार व क्षेत्र का नाम रौशन किया है। वहीं, डॉ राम मनोहर लोहिया प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ अमरेंद्र कुमार ने कहा कि विद्यालय परिवार बच्चों के उज्वल भविष्य को लेकर दृढ संकल्पित है।







# रामनवमी पर्व शांतिपूर्ण संपन्न होने पर थाना प्रभारी सम्मानित



आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** नामकुम बाजार मैदान में रामनवमी का त्योहार शांतपूर्ण संपन्न होने पर श्री महावीर मंडल केंद्रीय समिति के सदस्यों ने शनिवार को नामकुम थाना प्रभारी ब्रह्मदेव प्रसाद को सम्मानित किया। इस अवसर पर श्री महावीर मंडल के सदस्यों ने कहा कि रामनवमी का त्योहार शांतिपूर्ण संपन्न कराने में जिला प्रशासन के पदाधिकारियों के अलावे नामकुम थाना प्रभारी का विशेष योगदान रहा। सम्मानित करने वाले सदस्यों में मुख्य रूप से मंडल के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, अखाड़ा अध्यक्ष अनिल वर्मा, महामंत्री बिक्कू सिंह, उपाध्यक्ष प्रभुदयाल बड़ाईक, संरक्षक किरण सांगा, बिरसा पाहन, बादल सांगा, अनिल सिंह, संतोष कुमार, अमित श्रीवास्तव, अरुण कोरियार, शंभू कुमार, नंदकिशोर सिंह, विकास सिंह, प्रकाश भारती आदि थे।

# सामाजिक कार्यकर्ता त्रिवेणी बेदिया का निधन, क्षेत्र में शोक

पूर्व विधायक रामकुमार पहान और सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता आदि ने जताया शोक

## हमने संघर्ष का एक साथी खो दिया : बंधु तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड के खिराबेडा निवासी समाजिक कार्यकर्ता त्रिवेणी बेदिया की 45 वर्ष की उम्र में आकस्मित निधन हो गया। इस खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मौत की खबर सुनकर कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधू तिर्की ने भी गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि हमने एक संघर्ष का साथी खो दिया। इसके अलावा पूर्व विधायक रामकुमार पहान, कांग्रेस नेता बेलस तिकी, सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता, सतीश बडाईक, नीरज नायक, अघनु मुण्डा, श्याम किशोर महतो, कुंदन साहू, कुलदीप कुमार, मनोज महतो, विनोद गुप्ता, सत्यनारायण सिंह, मनोज बेदिया, फुलेंद्र महतो, पारस बेदिया, सुरेंद्र सिंह, अजय कुमार, अनुज शर्मा, हरे राम शर्मा, हरे कृष्णा शर्मा आदि ने शोक व्यक्त किया है।



# नाबालिग से दुष्कर्म मामले में दो नाबालिग लड़कों को भेजा जेल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी के मांडर थाना क्षेत्र में दो नाबालिग लड़कियों के साथ दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने शनिवार को दो नाबालिग लड़कों को निरुद्ध किया है, जबकि एक युवक को जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार पीड़ित नाबालिग लड़की की मां ने बताया है कि उसकी बेटी गुरुवार को मौसेरी बहन के साथ चान्हो में मेला देखने गयी थी। उसकी बेटी के साथ दो लड़के भी थे, जो पूर्व से उनके परिचित थे। मेले से लौटने के दौरान आरोपितों ने रास्ते में ही एक खाली मकान में डरा-धमका कर दोनों नाबालिगों के साथ दुष्कर्म किया। जब दोनों नाबालिग गुरुवार देर रात तक घर नहीं लौटी, तो परिजन उनकी तलाश के लिए निकले। काफी खोजबीन के बाद भी परिजनों को उनका कुछ पता नहीं चला। इसी दौरान एक नाबालिग आरोपितों के चंगुल से आधी रात को ही भाग खड़ी हुई। इस बीच उस लड़की की मुलाकात परिजनों से हुई, जिसके बाद उसने पूरी घटना की जानकारी दी। परिजनों ने शुक्रवार को मांडर थाना पहुंच कर मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दूसरी पीड़िता को खलारी-बिजुपाड़ा मार्ग के पास स्थित जंगल से खोज निकाला। थाना प्रभारी राहुल ने शनिवार को बताया कि दो नाबालिग लड़कियों के साथ हुए दुष्कर्म के तीनों आरोपितों को पकड़ लिया गया है।

# ओवरलोडिंग सवारी गाड़ी से गिर कर व्यक्ति की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिकिदिरी।** जोन्हा टाटी सिगारी रोड पर रांची से मजदूरों को लेकर आ रहे ओवरलोडिंग सवरी गाड़ी से गुटीडीह कोईर बगान के समीप दो लोग गाड़ी के उपर से गिर गये। इसमें से एक की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। वारदात शनिवार की रात आठ बजे की बताई जा रही है। मृतक की पहचान कमलानंद बेदिया (40) के रूप में हुई है, जो ग्राम बंधुवाडीह का रहने वाला है। वहीं. घायल भीम बेदिया (55) ग्राम सारजमडीह का रहने वाला है। जानकारी के मुताबिक सवारी गाड़ी प्रतिदिन मजदूरों को ओवरलोड करके रांची ले जाता और लाता भी था। ये लोग गाड़ी की छत पर बैठे थे। अगर गाड़ी में ओवरलोडिंग नहीं रहता तो मृतक की जान बच सकती थी। उधर, घटना की सूचना पाकर सिकिदिरी पुलिस मौके पर पहुंच गयी और घायल को अस्पताल भेजा। जबकि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रांची के रिम्स अस्पताल भेज दिया।



घायल मजदूर भीम बेदिया।

## आस्था : तीन दिवसीय ककरिया मंडा का हुआ समापन

# छऊ नृत्य का आयोजन, दहकते अंगारों पर चलें भोक्ता

आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** प्रखंड के ककरिया का ऐतिहासिक आस्था का महापर्व मंडा पूजा शनिवार को झूलन सह मेला के साथ संपन्न हुआ। इससे पूर्व भोक्ताओं ने धुआंसी, लोटनसेवा आदि अनुष्ठान संपन्न किया। रात में आयोजित जागरण में पश्चिम बंगाल से आये महिला व पुरुष समूह के छऊ नृत्य कलाकारों ने कार्यक्रम प्रस्तुत किया । देर रात फुलखुंदी के दौरान हर-हर महादेव के गगनचुंबी जयघोषों के बीच पुजारी सुरेश देवघरिया के वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भोक्ताओं ने दहकते अंगारे पर चलकर शिवभक्ति का परिचय दिया। इस दिन सुबह भोक्ताओं ने लकड़ी के लठे पर झुलते हुए नीचे खड़े श्रद्धालुओं के बीच आस्था के फुल बरसायें। इस दौरान पुष्प लेने की होड़ देखी गई। वहीं झुलन के दौरान जिप सदस्य हिंदींया टोप्पो, पूर्व जिप सदस्य बंदे हेरेंज समेत कई लोग शामिल हुए। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में मंडा समिति के संरक्षक वनबिहारी साहू, प्रदीप साहू, अनिल साहू, लक्ष्मी नारायण साहू, गंगाधर साहू, ब्रज बिहारी साहू, उमेश कुमार, प्रभात कुमार, प्रवीण कुमार, देवेंद्र वर्मा, अमित कुमार, सुमित कुमार चितरंजन कुमार, चुनिया राम, समीर गुप्ता, अनिल कुमार साहू, सुदर्शन कुमार, राहुल कुमार सुभाष साहू आदि का योगदान रहा। वहीं, सुरक्षा के लिए लापुंग पुलिस के जवान मौजूद थे।



# लोहार को एसटी से हटाने पर हाइकोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकार से मांगा जवाब

**रांची (आजाद सिपाही)।** हाइकोर्ट ने लोहार जाति को एसटी सूची से बाहर करने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र और राज्य सरकार को छह सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। इस मामले की सुनवाई हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस आनंद सेन की कोर्ट में हुई। खतियानी लोहार-लोहरा जनजाति समाज के अध्यक्ष अतीत कुमार की ओर से इस संबंध में हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया है। याचिका में कहा गया है कि लोहार संविधान के प्रारंभ से ही जनजातीय रहा हैण लेकिन झारखंड अलग राज्य बनने के बाद लोहार को एसटी सूची से बिना किसी उचित कारण बताये हटा दिया गया और सिर्फ लोहरा को एसटी की श्रेणी में सूचीबद्ध किया गया, जबकि लोहरा केवल पर्यायवाची, क्षेत्रीय बोलचाल की भाषा का शब्द है। इसी कारण लोहरा के नाम से कोई खतियान भी नहीं मिलता है।

# अफसर अली की पिटीशन पर आदेश 25 को

**रांची (आजाद सिपाही)।** बरियातू स्थित सेना की भूमि की खरीद बिक्री मामले में आरोपी अफसर अली की डिस्चार्ज पिटीशन पर इडी कोर्ट 25 अप्रैल को अपना आदेश सुनायेगा। अफसर अली अभी पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन फर्जीवाड़ा मामले में इडी की रिमांड पर है। अफसर अली के खिलाफ सेना की बरियातू स्थित जमीन और चेशायर होम रोड स्थित एक एकड़ जमीन फर्जीवाड़ा मामले में आरोप पत्र दाखिल हो चुका है। पूर्व सीएम हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन फर्जीवाड़ा मामले में भी वह आरोपी है।

### परीक्षा के लिए बने हैं आठ केंद्र, 100 मीटर की परिधि में धारा 144 लागू

# झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा आज

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा 2024 का आयोजन रविवार को मेदिनीनगर अनुमण्डल के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर सुबह 10.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक संचालित होगी। परीक्षा को देखते हुए मेदिनीनगर सदर एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी ने क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों के आसपास के 100 मीटर की परिधि में धारा 144 लागू कर दी है। इस बाबत उन्होंने आदेश जारी करते हुए बताया कि परीक्षा में कदाचार रोकने एवं सुरक्षा को लेकर धारा 144 लागू की गई है। इस दौरान परीक्षा केंद्र परिसर से 100 मीटर की परिधि में अभिभावक या किसी अन्य को रहने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि के अंतर्गत 5 अथवा पांच से अधिक व्यक्तियों द्वारा मजमा लगाकर चलने पर प्रतिबंध रहेगा। इसके साथ ही परीक्षा केंद्रों के आसपास बिना अनुमति के लाउडस्पीकर का प्रयोग भी वर्जित रहेगा। इस दौरान परीक्षा केंद्रों पर प्रतिनियुक्त पदाधिकारी,वीक्षक, परीक्षार्थी,पुलिस बल को छोड़कर किसी भी व्यक्ति को परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि में जाने पर प्रतिबंध रहेगा। वह निषेधाज्ञा सिर्फ परीक्षा केंद्रों पर निर्धारित तिथि को ही लागू होगा। सदर अनुमंडल क्षेत्र में इस परीक्षा के मद्देनजर 2024 के परीक्षाओं के लिए, कुल 8 केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों के आसपास असामाजिक तत्वों की ओर से परीक्षा संचालन में व्यवधान उत्पन्न होने की आशंका रहती है। इसी के मद्देनजर एसडीओ ने निषेधाज्ञा लागू की है।

## पलामू से तीसरे दिन भी किसी भी प्रत्याशी ने नहीं किया नामांकन



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा निर्वाचन के नामांकन के तीसरे दिन शनिवार को भी किसी भी प्रत्याशी की ओर से नामांकन नहीं किया गया है। पलामू लोकसभा सीट के लिए नामांकन की प्रक्रिया 25 अप्रैल तक चलेगी। 26 अप्रैल को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। इसी क्रम में यदि कोई प्रत्याशी अपना नाम वापस लेना चाहे तो 29 अप्रैल तक नाम वापस लिया जा सकता है। नामांकन को लेकर समाहरणालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी है। इस बीच पलामू के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शशि रंजन ने कहा कि देश के भविष्य गढ़ने की तिथि 13 मई व 20 मई निर्धारित की गयी है। ऐसे में सभी दोनों ही दिन मतदान करना जरूर है।

## हुसैनाबाद में पेयजलापूर्ति बंद, कार्यपालक पदाधिकारी ने किया पंप हाउस का निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** शहर में पेयजल आपूर्ति को लेकर कार्यपालक पदाधिकारी विपुल सन्नी ने शनिवार को देवरी सोननदी स्थित पंप हाउस का निरीक्षण किया। उन्होंने शीघ्र ही शहर में पेयजल आपूर्ति शुरू होने की बात कही। बताया कि विगत दिनों ट्रांसफार्मर में अचानक तकनीकी खराबी आने के कारण पंप हाउस में लगे मोटर खराब हो गये थे, जिस कारण देवरी से शहर तक जलापूर्ति बंद हो गयी है। मोटर ठीक करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। एक-दो दिनों के अंदर शहर में जलापूर्ति नियमित रूप से शुरू कर दी जाएगी। इधर, इस भीषण गर्मी में शहर वासियों को प्यास बुझाने के लिए पेयजल की व्यवस्था करने में काफी परेशानी हो रही है। विदित हो कि शहर की लगभग आधी आबादी देवरी स्थित पंप हाउस से पेयजल आपूर्ति पर निर्भर है। शहर में दर्जनों चापानल का जल स्तर नीचे हो जाने के कारण बेकार पड़े है। जिस कारण शहर वासियों की परेशानी और बढ़ गयी है।



पंप हाउस का निरीक्षण करते कार्यपालक पदाधिकारी विपुल सन्नी।

### विद्यार्थियों में प्रतिभाएं माता-पिता के संरक्षण से मिलती है : आमीर हुसैन

**जैनामोड़/बेरमो (आजाद सिपाही)।** जैनामोड़ दि ओरिएंटल पब्लिक स्कूल में पुरस्कार सम्मान सह छात्रवृत्ति समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें शैक्षणिक उत्कृष्टता का सम्मान छात्र-छात्राओं को दिया गया। साथ ही योग्य अंक प्राप्त करने वाले छात्र -छात्राओं को पुरस्कृत कर 20 छात्र-छात्राओं को 50 फीसदी छात्रवृत्ति, 15 छात्रों को 30 फीसदी, 11 छात्रों को 20 फीसदी और और एक छात्र को 10 फीसदी छात्रवृत्ति के लिए मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ पम्मी कुमारी एवं ग्रुप द्वारा स्वागत गीत, अनन्या ग्रुप ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर अभिभावकों एवं अतिथियों को भावविभोर कर दिया। बतौर मुख्य अतिथि बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक अमृत कुमार चौधरी ने द्वीप प्रज्ज्वलित कर विद्यालय प्रबंध समिति का क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण माहौल बनाकर बेहतर शिक्षा देने के लिए प्रशंसा की। विद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका बताया। मौके पर निदेशक सह प्राचार्य डॉ आमिर हुसैन, अध्यक्ष मो मुश्ताक अहमद आदि मौजूद थे।

## कैंब्रिज पब्लिक स्कूल में अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत मॉक ड्रील का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** दुबियाखाड़ चौक स्थित कैंब्रिज पब्लिक स्कूल में शनिवार को अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत पलामू जिला अग्निशमन पदाधिकारी उत्तम कुमार महतो, प्रधान अग्नि चालक मनोहर कच्छप, दिनेश कुमार शर्मा एवं अग्नि चालक परिमल प्रमाणिक की ओर से अग्नि से सुरक्षा को लेकर मॉक ड्रील कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर अग्निशमन पदाधिकारी उत्तम कुमार महतो ने विद्यार्थियों को बताया कि विशेष प्रकार की आग के जोखिम के लिए उनकी ओर से अग्निशमन यंत्र का चुनाव किया



जाना आग को नियंत्रित करने के मामले में एक महत्वपूर्ण कार्य है। अग्निशमन यंत्र का चुनाव करते समय आग के प्रकार के बारे में अवश्य जाने, जो अग्निशमन यंत्र पर बड़े अक्षरों में ए, बी अथवा सी के रूप में लिखा रहता है। उन्होंने कहा कि आगजनी से बचाव के लिए सावधानियां बहुत ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विद्युत उपकरण हाउस, मोटर पंप हाउस, जनरेटर रूम, पेट्रोल स्टोरेज रूम एवं ज्वलनशील पदार्थ जहां रखे हों वहां बच्चों को नहीं जाना चाहिए, क्योंकि यह सभी क्षेत्र जोखिम क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। वहीं, प्रधान अग्नि चालक दिनेश कुमार शर्मा ने बच्चों को अग्नि से सुरक्षा एवं सावधानियों के विषय में विस्तार रूप से बताया। उन्होंने सिलेंडर और रेगुलेटर में आग लगाकर बच्चों को बताया कि कैसे गीली चादर से ऑक्सीजन के प्रवाह को रोक कर हम लोग आग को सावधानीपूर्वक बुझा सकते हैं। उन्होंने कहा कि लंबे समय के लिए घर को छोड़कर जाते समय बिजली के उपकरणों के मेंन स्विच बंद कर देना चाहिए। वहीं, प्रधान अग्नि चालक मनोहर कच्छप ने कहा कि कालीन, चटाई या पायदान के अंदर से तारों को नहीं बिछाएं तार टूट सकते हैं जिनके कारण शॉर्ट सर्किट हो सकता है। मौके पर विद्यालय निदेशक सिया चरण सिंह, प्राचार्य नंदकिशोर भारती सहित सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## समानता दल ने ब्रजेश को पलामू लोस से उतारा, राजेंद्र बने केंद्रीय प्रवक्ता

**रांची (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय समानता दल ने शनिवार को पलामू लोकसभा केंद्र से ब्रजेश तुरी को चुनाव में उतारा है। हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष कुमुद कुशवाहा ने पलामू लोकसभा सीट के उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की है। कुमुद कुशवाहा ने कहा कि ब्रजेश तुरी पार्टी के पुराने कैडर रहे हैं। सामाजिक समानता की लड़ाई में पलामू प्रमंडल में एक जाना माना चेहरा है। पार्टी झारखंड के आठ लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी पूरी कर चुकी है। रांची और चतरा के बाद पलामू लोकसभा सीटों से पार्टी कैंडिडेट के नाम की घोषणा की गयी है। जल्द ही खूंटी और कोडरमा लोकसभा सीटों से पार्टी कैंडिडेट के नामों की घोषणा करेगी। वहीं राष्ट्रीय समानता दल ने राजेंद्र यादव को झारखंड का केंद्रीय प्रवक्ता नियुक्त किया है।

# स्पोर्ट्स



भारतीय पहलवान विनश फोगाट ने बिशकेक में चल रहे एशियन ओलिंपिक क्वालिफायर में 50 केजी वेट कैटेगरी का ओलिंपिक कोटा बिना कोई अंक गवाएं हासिल कर लिया है।

### बृजभूषण सिंह कांड को लेकर 4 महीने पहले लौटाया था खेल रत्न

# पहलवान विनेश फोगाट ने हासिल किया ओलिंपिक कोटा, लगातार तीसरे ओलिंपिक के लिए क्वालिफाई

एजेंसी

**बिश्केक।** डब्ल्यूएफआइ के खिलाफ रेसलर्स के धरने की अगुआई करने वाली विनेश फोगाट ने यहां बिश्केक में चल रहे एशियन ओलिंपिक क्वालिफायर में 50 केजी वेट कैटेगरी का ओलिंपिक कोटा हासिल कर लिया है। फोगाट बिना कोई अंक गंवाए क्वालिफायर के फाइनल तक पहुंचीं। विनेश ने शनिवार को सेमीफाइनल में कजाकिस्तान की लॉरा गनिक्यजी को 10-0 से हराकर पेरिस 2024 ओलिंपिक कोटा हासिल किया। उन्होंने



गनिक्यजी के खिलाफ तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर 4 मिनट 18 सेकेंड में मुकाबला जीत लिया। विनेश ने लगातार तीसरे ओलिंपिक के लिए कोटा हासिल किया है। वे 2020 के टोक्यो और 2016 के रियो ओलिंपिक के लिए भी कोटा हासिल कर चुकी हैं।

### अंशु मलिक, मानसी और रितिका भी दिला सकती हैं पेरिस का टिकट

पंघाल और फोगाट के अलावा, भारत की अंशु मलिक (57 केजी), मानसी अहलावत (62 केजी) और रितिका (76 केजी) भी ओलिंपिक कोटा हासिल कर सकती हैं। ये तीनों एशियन क्वालिफायर के सेमीफाइनल में पहुंच चुकी हैं और फाइनल में पहुंचने पर पेरिस ओलिंपिक का कोटा हासिल कर लेंगी।

### विनेश ने भारत को दूसरा कोटा दिलाया

विनेश ने भारत को पेरिस ओलिंपिक के लिए रेसलिंग का दूसरा कोटा दिलाया है। उनसे पहले अंतिम पंघाल 53 केजी में ओलिंपिक कोटा हासिल कर चुकी हैं। यह भारत का ओवरऑल 45वां कोटा है।

### 3 घंटे के हंगामे के बाद जीता था नेशनल ट्रायल

एक महीने पहले विनेश ने 3 घंटे के हंगामे के बाद नेशनल विमेंस रेसलिंग ट्रायल्स जीता था। उन्होंने 50 ड्ब्ल्यू वेट कैटेगरी में शिवानी पवार को 11-6 से हराया था। वे 53 " कैटेगरी के सेमीफाइनल में तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर अंजू से 0-10 से हार गई थीं।

## ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल में बेटियों का रहा दबदबा, टॉप 10 में 7 छात्राएं



टॉपर माही कुमारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** उमेश सिंह एजुकेशनल वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से संचालित ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल के बेलचंपा शाखा का मैट्रिक परीक्षा का परिणाम शत प्रतिशत रहा। पूर्व की भाती इस वर्ष भी सभी बच्चे प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। इस स्कूल से कुल 61 छात्र-छात्राओं ने मैट्रिक की परीक्षा में अंग्रेजी माध्यम से शामिल हुए। परीक्षा परिणाम में बेटियों का दबदबा रहा। स्कूल के टॉप 10 में सात छात्राएं शामिल हैं। माही कुमारी 91 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल टॉपर बनी। वहीं, पिंकी कुमारी 90.8 प्रतिशत लाकर द्वितीय और ऑलिव्स 90.6 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रही। इसके अलावा परी कुमारी व दीपिका कुमारी 89 प्रतिशत के साथ चतुर्थ, अंजली कुमारी 88.6 प्रतिशत के साथ पांचवा स्थान पर रही। निदेशक अमित कुमार सिंह उर्फ बाबूल सिंह ने परीक्षा परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि स्कूल के अनुशासन, शिक्षकों का समर्पण, अभिभावक के मार्गदर्शन व बच्चों के कड़ी मेहनत का परिणाम है। उन्होंने बताया कि स्कूल प्रबंधन सभी टॉपरों को सम्मानित करेगा। मौके पर प्राचार्य दीपक तिवारी, शिक्षक अजित कुमार तिवारी, राजीव रंजन ठाकुर, अब्दुल लतीफ अंसारी, सुरेंद्र शर्मा, आभा चौबे आदि मौजूद थे।

### विश्रमपुर जिला पार्षद 10वीं की टॉपर ज्योति ज्योत्सना को करेगा सम्मानित

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** मैट्रिक परीक्षा में झारखंड टॉपर ज्योति ज्योत्सना को विश्रामपुर जिला पार्षद विजय रविदास सम्मानित करेंगे। उन्होंने ज्योति ज्योत्सना की इस सफलता पर बधाई भी दी है। कहा कि अनुसूचित जाति की इस बेटी ने पूरे समाज के सामने एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। समाज की अन्य बेटे-बेटियों के लिए ज्योति प्रेरणास्रोत बन गई है। उन्होंने अंबेडकर समाज के छात्र-छात्राओं को शिक्षा के प्रति और जागरूक होने का आह्वान किया। यह भी घोषणा किया कि अंबेडकर समाज की मेधावी बेटियों को उच्च शिक्षा में हर संभव सहायता दी जाएगी।



झारखंड टॉपर ज्योति ज्योत्सना।

## कृमि मुक्ति दिवस पर राजकीय मध्य विद्यालय ने चला जागरूकता अभियान, खिलायी गयी दवा

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** शहर के राजकीय मध्य विद्यालय में 'कृमि नियंत्रण दिवस' को लेकर प्रधानाध्यापक कन्हैया प्रसाद व विद्यालय प्रबंधन के लोगों ने बच्चों को जागरूक किया। प्रधानाध्यापक ने कहा कि कृमि का अर्थ कीड़ा है, जो गलत दिनचर्या व अव्यवहारिक जीवन शैली से उत्पन्न होता है। खासकर आसपास साफ-सफाई नहीं रहने, दूषित भोजन, पेयजल सेवन करने, सब्जियों व फल को धोकर नहीं खाने, नाखून को बड़ा रखने, खुले में शौच करने आदि कारणों से कृमि की उत्पत्ति होती है। इससे निजात पाने के लिये हम सभी को नाखून छोटा रखना चाहिए। इसले अलावा स्वच्छ पानी पीना, खाना को ढ़क कर रखना चाहिए। यथासंभव गरम खाना खाना चाहिए। साफ पानी से फल व सब्जी धोना चाहिए और आसपास साफ-सफाई रखना चाहिए। खुले में शौच नहीं करना चाहिए। दो बार ब्रश करना चाहिए। ऐहतियातन ऐसा करने से कृमि से बचा सकता है। इसके बाद वर्ग 01-08 के बच्चों को कृमिनाशक दवा एल्बेंडाजोल खिलाया गया। लोगे हाथ चबा चबाकर खाना खाने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक कन्हैया प्रसाद, राजेश कुमार गुप्ता, जुबैर अंसारी, राजेश सिन्हा, पुष्पा कुमारी, आशा कुमारी, सुषमा पांडेय, पूनम कुमारी, कम्प्यूटर शिक्षक प्रमोद मेहता आदि उपस्थित थे।




बच्चों को एल्बेंडाजोल की खुराक देते प्रधानाध्यापक।

## सांसद ने गांव को गोद लेकर पानी भी नहीं पिलाया : ग्रामीण

आजाद सिपाही संवाददाता

**उंटारी रोड/पलामू।** सांसद वीडी राम ने विश्रामपुर प्रखंड के ग्राम पंचायत घासीदाग को गोद लिया था। इससे लोगों को उम्मीद जगी थी कि गांव का कुछ विकास होगा, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। इससे ग्रामीण अपने सांसद से बेहद नाराज हैं। उनका आरोप है कि सांसद ने गांव को गोद तो लिया लेकिन गोद में ही रख रह गए। उन्होंने जो वादा किया था



उनमें से किसी को भी पूरा नहीं किया। ग्राम पंचायत की जैसा स्थिति पहले थी अभी भी वही है। यहां की ना तो तकदीर बदली और ना ही तस्वीर। विकास के नाम पर बस जल नल का कार्य अभी शुरू हुआ है। सड़के पहले की भांति अभी भी धूल फांक रही है। शिक्षा व बिजली व्यवस्था भी लचर है। लकड़ी के खंबे के सहारे खेत में तार गये है। स्वस्थ और बिजली, पानी सहित सभी सुविधाएँ उपलब्ध कराने का वादा किया था, पर वे सबई वादे ही रह गए। पंचायत क्षेत्र में एक भी उच्च विद्यालय नहीं है। आठवीं के बाद बच्चे-बच्चियों को 10 से 15 किलोमीटर दूर पैदल ही जाना पड़ता है।

## मतदान की तैयारियों को लेकर बीडीओ ने की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**बलियापुर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह धनबाद डीसी के निर्देशानुसार शनिवार को लोकसभा चुनाव 2024 के निमित्त कार्यालय कक्ष में बलियापुर बीडीओ राजेश कुमार सिन्हा की अगुवाई में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, सभी महिला पर्यवेक्षिका और सभी बीपीएम जेएसएलपीएस के साथ बैठक हुई। जिसमें लोकसभा चुनाव के दौरान दिव्यांग मतदाताओं के लिए उपलब्ध व्हीलचेयर, मतदान दिवस को मतदान केंद्रों की सब साफ सफाई और स्वीप कार्यक्रम के बारे में समीक्षा की गयी। बीडीओ की ओर से बताया गया कि प्रखंड में 195 मतदान केंद्र के लिए 99 भवन चिन्हित है, जिसमें सभी में कम से कम एक-एक व्हीलचेयर अवश्य उपलब्ध होना चाहिए। मतदान दिवस के दिन ऐसे दिव्यांग मतदाता जो खुद या परिवार के सदस्यों के साथ मतदान केंद्र पर आने में असमर्थ है, उन्हें छोटे वाहनों से मतदान केंद्रों पर लाने के लिए ऐसे मतदाताओं को चिन्हित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में यह भी जानकारी दी गयी कि मतदान दिवस के दिन मतदान केंद्रों पर मतदाताओं को कतार में व्यवस्थित करने, पानी पिलाने, सिइनेज लगाने आदि की तैयारी के लिए प्रत्येक बीएलओ को एक-एक हजार रुपया दिया जा रहा है। इसका पर्यवेक्षण सही तरीके से करने का निदेश दिया गया। बैठक में उपस्थित बलियापुर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को यह निर्देश दिया गया कि मतदान केंद्र वाले सभी विद्यालयों की साफ सफाई, पोलिंग पार्टी के सदस्यों को भोजन आदि की व्यवस्था करने के लिए संबंधित माता समिति से समन्वयी बनाए रखें। इसके अतिरिक्त प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी और बीपीएम जेएसएलपीएस को स्वीप कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी करने का निर्देश दिया गया।



पदाधिकारियों के साथ बैठक करते बीडीओ।

**सफलता :** मैट्रिक परीक्षा में रवि महतो स्मारक उच्च विद्यालय का दबदबा, राज्य में दो व जिले में चार छात्र टॉप 10 में

# मैट्रिक की परीक्षा में 97.60 फीसदी अंक के साथ महुदा के मोहित दास का झारखंड में 7वां स्थान

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** मैट्रिक की परीक्षा का फल प्रकाशित हो चुका है। जिसमें रवि महतो स्मारक उच्च विद्यालय ने फिर एक बार शानदार प्रदर्शन किया है। उक्त स्कूल का रिजल्ट 99.11 फीसदी रहा है। यहां कुल 224 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए थे, जिसमें से 220 प्रथम और दो द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। विद्यालय के चार छात्रों ने जिले में व दो राज्य में टॉप 10 की सूची में शामिल हुए हैं। इसी तरह रवि महतो जिले में सर्वाधिक टॉपर देने वाला विद्यालय की सूची में शामिल हो चूका हैं। विद्यालय के टॉप 10 बच्चों में मोहित कुमार दास 97.60 सबसे उपर है। इसके अलावा सौरभ चटरजी 97.40 फीसदी, हसनैन अहमद 96 फीसदी व चंदा कुमारी 95.0 फीसदी, दामिनी कुमारी महतो 93.60 फीसदी, देव कुमार महतो 93.0 फीसदी, नेहा कुमारी, विवेक कुमार महतो और पायल कुमारी 92.60 फीसदी, दिया श्री व दयाल कुमार महतो 92.20 फीसदी, मो फैयजान हसन 92.0 फीसदी, जगन्नाथ कुम्भकार 91.80 फीसदी अंक प्राप्त किया। बतातें चलें कि मोहित कुमार दास 97.60 फीसदी अंक के साथ विद्यालय टॉपर होने के साथ ही जिला में द्वितीय एवं राज्य में सातवां स्थान हासिल किया है। इसके अलावा सौरभ चटरजी 97.40, प्रतिशत अंक के साथ विद्यालय में द्वितीय एवं जिला में तृतीय, जबकि हसनैन अहमद 96.0 फीसदी अंक के साथ विद्यालय में तृतीय व जिला में सातवां, चंदा कुमारी 95.0 फीसदी अंक के साथ विद्यालय में चौथा व जिले में 10 वां स्थान हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया हैं। विद्यालय के संस्थापक सह पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो एवं प्रधानाध्यापक मधुसूदन महतो ने सभी सफल छात्र-छात्राओं व स्कूल के शिक्षकों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। वहीं, मोहित ने फोन पर बताया कि वह आईआईटी के बाद यूपीएससी की परीक्षा में शामिल होना चाहता है। उसने बताया कि प्रतिदिन वह सिलेबस के अनुसार पढ़ाई करता था। कभी ट्यूशन नहीं लिया। पिछले वर्ष 2023 की मैट्रिक परीक्षा में मोहित कुमार के बड़े भाई आनंद कुमार ने भी राज्य में आठवां और जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया था। वहीं, सौरभ ने बताया कि वह प्रतिदिन सिलेबस के अनुसार पढ़ाई करता था। वह सिविल सेवा में जाना चाहता हैं। उसने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों व अपने परिजनों को दिया हैं। जबकि हसनैन अहमद ने फोन पर बताया कि वह इंजीनियर बनना चाहता है। उनके पिता मनीर अहमद अंसारी की काफी पहले मृत्यु हो चुकी है। उसकी मां इशरत जहां की दूसरी शादी हो चुकी हैं। ऐसी परिस्थिति में उसके अपने नाना फिदा हुसैन अंसारी ने उसकी परवरिश की और पढ़ने में सहयोग किया। वह बच्चों को ट्यूशन पढ़ाते हुए अपनी पढ़ाई पूरी की है।



मैट्रिक का परीक्षाफल प्रकाशित होने के बाद खुशी मनाते रवि महतो स्कूल के बच्चे-शिक्षक।

## 97.40 फीसदी अंक लाने वाला सौरभ जाना चाहता है सिविल सेवा में

## 96 फीसदी अंक लाने वाला हसनैन बनना चाहता है इंजीनियर

# भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूलों का समय बदला, आदेश जारी

बोकारो की डीसी विजया जाधव ने डीआइओ-डीएसई को सभी विद्यालयों को आदेश का अनुपालन कराने का दिया निर्देश

केजी से कक्षा आठ तक की कक्षाएं सुबह 7 बजे से 11.30 बजे तक व 9वीं से उपर की कक्षाएं सुबह 7 से दोपहर 12 बजे तक होंगी संचालित

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो/गिरिडीह।** भीषण गर्मी एवं लू को ध्यान में रखते हुए संचालित सभी कोटि के सरकारी, गैर-सरकारी सहायता प्राप्त गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं सभी निजी विद्यालयों में कक्षा केजी से 8वीं तक की कक्षाएं सुबह 7 बजे से 11.30 बजे तक और कक्षा 09 से ऊपर की कक्षाएं सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक संचालित की जाएगी। इस अवधि में प्रार्थना सभा या खेलकूद एवं अन्य गतिविधियां धूप में संचालित नहीं की जाएगी। पर मध्याह्न भोजन का संचालन जारी रहेगा। उक्त आदेश 22 अप्रैल यानी सोमवार से अगले आदेश तक लागू रहेगा। इस बाबत शनिवार को डीसी विजया जाधव ने बताया कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के प्रभारी सचिव की ओर से स्कूल के समय बदलाव को लेकर आदेश जारी किया गया है। जिले के सभी कोटि के सरकारी, गैर-सरकारी सहायता प्राप्त गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं सभी निजी विद्यालयों में उक्त आदेश को सुनिश्चित कराने को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) एवं जिला शिक्षा अधीक्षक (डीएसई) को जरूरी निर्देश दिया गया है। विभाग द्वारा जारी निर्देश में स्पष्ट है कि इस अवधि में बच्चों की पढ़ाई में होनेवाली क्षति की भरपाई के संबंध में अलग से निर्णय लेते हुए सूचित किया जायेगा।

# वोट डालने जाना है, अपना फर्ज निभाना है



### मॉक पोल के बाद डाटा जरूर डीलिट करें : डीडीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** लोकसभा चुनाव के सफल व त्रुटि रहित क्रियान्वयन के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी माधवी मिश्रा के निर्देश पर पीठासीन व प्रथम मतदान पदाधिकारियों को एसएसएलएनटी महिला कॉलेज, पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज एवं गुरु नानक कॉलेज में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी कड़ी में उप विकास आयुक्त (डीडीसी) सादात अनवर ने शनिवार को एसएसएलएनटी महिला कॉलेज में प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी पीठासीन व प्रथम मतदान पदाधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण लेने, मन में कोई भी संशय नहीं रखने और यदि कोई प्रश्न हो तो ट्रेनर से वातार्लाप करके उसका समाधान करने को कहा। साथ ही समय पर मॉक पोल शुरू करने, मॉक पोल के बाद डाटा जरूर से डिलीट करने का निर्देश दिया। डीडीसी ने कहा कि शाम पांच बजे से पूर्व जितने भी मतदाता मतदान करने के लिए लाइन में खड़े रहेंगे। उन्हें पीठासीन पदाधिकारी पर्ची निर्गत कर अवश्य मतदान करने देंगे। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षकों ने सभी प्रकार के फॉर्म भरने, चुनाव समाप्ति के उपरांत क्लोज बटन अनिवार्य रूप से दबाने, 2 बैलेट यूनिट कनेक्ट करने सहित अन्य विषयों पर प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी निशु कुमारी, मुख्य प्रशिक्षक राजकुमार वर्मा, दिलीप कुमार कर्ण, मदन मोहन महतो, महफूज, विनय रंजन तिवारी, संतोष कुमार, सुनील कुमार, अनवर हुसैन, नगेंद्र सिंह, सुभाष, आलोक तिवारी आदि मौजूद थे।

# कोयला कारोबारी सुरेश सिंह हत्याकांड में रणविजय सिंह ने दी अदालत में गवाही

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** कोयला कारोबारी सुरेश सिंह हत्याकांड में शनिवार की सुबह को रणविजय सिंह ने कोर्ट में गवाही दी। जिला एवं सत्र न्यायाधीश 6 की अदालत में गवाही देते हुए रणविजय सिंह ने कहा कि सुरेश सिंह उसके फुफा थे। रणविजय सिंह ने कहा कि उनको न्यायालय पर पूरा भरोसा है और सुरेश सिंह के हत्यारे को जल्द ही सजा होगी। बतातें चले कि सात दिसंबर 2011 को सेंट्रल अस्पताल में पुलिस ने मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट की मूल प्रति तैयार की थी। पुलिस को दिए गए बयान में उन्होंने सुरेश सिंह हत्याकांड के बारे में कुछ नहीं बताया था। वह केवल मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट पर हस्ताक्षर किये थे। उन्होंने सुना था कि सुरेश सिंह को धनबाद क्लब में शशि सिंह ने गोली मारी थी। इस हत्या मामले में कोर्ट में तीन अलग-अलग सत्रवाद चल रहे हैं।



# सोशल मीडिया के माध्यम से मतदाताओं को करें जागरूक

## डीसी ने बैठक कर अधिकारियों को दिया निर्देश




आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** लोकसभा चुनाव व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव 2024 के सफल क्रियान्वयन को लेकर शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में मीडिया कोषांग/स्वीप सेल/सोशल मीडिया सेल/लॉजिस्टिक सेल/पीडब्ल्यूडी कोषांग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षात्मक बैठक की। जिसमें मुख्य रूप से डीडीसी, प्रभारी पदाधिकारी, स्वीप कोषांग/मीडिया कोषांग, सहयोगी पदाधिकारी, मीडिया कोषांग/स्वीप कोषांग समेत मीडिया कोषांग/स्वीप कोषांग के अधिकारी उपस्थित थे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि वर्तमान समय में सोशल मीडिया आमजनों तक पहुंचने का एक प्रभावशाली माध्यम है। ऐसे में जिले के सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स की भूमिका अहम मानी गई है। साथ ही सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म यथा फेसबुक, यूट्यूब एवं इंस्टाग्राम माध्यमों से मतदाताओं से संपर्क स्थापित कर उन्हें अपने मताधिकार के पूर्ण प्रयोग के लिए प्रेरित किया जाय, ताकि हर एक मतदाता जागरूक दृष्टिकोण अपनाकर अपने मत का दान करें। साथ ही मतदाता जागरूकता से संबंधित रील्स, फिल्म, पोस्टर एवं गीत के माध्यम से सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर लोगों को जागरूक किया जाय। निर्देशित किया गया कि ज्यादा से ज्यादा कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं को शिक्षित करने के प्रयास किये जाय। इससे मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी होगी और एक सशक्त लोकतंत्र की ओर हमारा सक्रिय प्रयास सफल होगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी कोषांगो द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की और सभी संबंधित अधिकारियों को उनके दायित्व के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कोषांगवार सभी एजेंडों पर चर्चा की। उन्होंने सोशल मीडिया साइट्स के माध्यम से व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने नोडल पदाधिकारी, स्वीप कोषांग को निर्देश दिया कि वोटर अवेयरनेस फोरम के तहत ज्यादा से ज्यादा लोगों का फॉर्म 06 भरवाएं। साथ ही कम परसेंटेज वाले मतदान केंद्रों पर जन जागरूकता कार्यक्रम करें, ताकि लोगों को निर्वाचन प्रणाली व मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया जा सकें।

# ऑन लाइन शराब उपलब्ध कराने वाले तीन गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर धनबाद पुलिस की सख्ती भी दिख रही है। जिले के गोविंदपुर थाना क्षेत्र के बागसुमा इलाके में पुलिस ने अवैध शराब कारोबार के खिलाफ अभियान चलाते हुए दो लाइन होटलों में छापामारी की। जहां से पुलिस ने विभिन्न ब्रांड के अवैध विदेशी शराब एवं बियर की कुल 98 बोतलें जब्त की है। लगे हाथ तीन लोगों को गिरफ्तार भी किया है। इसके अलावा एक स्कूटी भी जब्त की है। जिसमें शराब छिपाकर रखी गई थी। डीएसपी मुख्यालय-1 शंकर कामती ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन कर बताया कि एसएसपी के निर्देश पर अवैध शराब कारोबार के खिलाफ जिले में लगातार छापामारी अभियान चलाई जा रही है। इसी क्रम में स्कूटी के माध्यम से ऑनलाइन शराब उपलब्ध कराने वाले एक शख्स के साथ दो ढाबे वालों को गिरफ्तार किया गया है, जो अवैध तरीके से अपनी दुकानों में शराब बेचने में लिप्त थे। उन्होंने अनुज्ञप्ति धारी सरकारी दुकान के कर्मचारियों को भी एक व्यक्ति को साढे चार लिटर से अधिक शराब नहीं देने का निर्देश दिया है।


संवाददाता सम्मेलन कर आरोपितों की जानकारी देते डीएसपी मुख्यालय-1 व अन्य।

# बेरमो के सीओ ने अमलो परियोजना में चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव को लेकर बेरमो सीओ सह बीडीओ संजीत कुमार सिंह ने शनिवार को सीसीएल ढोरी के एएडीओसीएम (कल्याणी) परियोजना में जागरूकता अभियान चलाया। उन्होंने परियोजना के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लदनी मजदूर और कर्मियों को मतदान के प्रति जागरूक किया। कहा कि मतदान करना आपका अधिकार है। आप सभी निर्भीक होकर निष्पक्ष मतदान करें और अपने पसंद के उम्मीदवार को वोट देकर उन्हें जिताए। आप अपने अताधिकार का उपयोग कर अच्छे नेता को चुने। कहा कि जिनका भी अभी तक वोटर कार्ड नहीं बना है वो अपने क्षेत्र के बीएलओ से संपर्क कर फॉर्म 06 भर वोटर कार्ड बनवा कर मतदान करने का काम करे और सपथ ले कि इस बार बेरमो में इस बार बेरमो में 80 फीसदी से अधिक मतदान करें।

# साइबर ठग गिरफ्तार, नकदी समेत सामान जब्त

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** साईबर अपराध के लिए अब गोविंदपुर भी बदनाम होने लगा है। अब तक कई साईबर अपराधी पुलिस के हत्थे चढ़ चुके हैं। इसी क्रम में साइबर ठगी के मामले में साईबर डीएसपी संजीव कुमार के नेतृत्व में गोविंदपुर थाना क्षेत्र के बागसुमा गांव स्थित मकान से विक्रम कुमार दास नामक आरोपित को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। डीएसपी ने पत्रकारों से बातें करते हुए बताया कि वरिय पुलिस अधिक्षक को गुप्त सूचना मिली थी जिसके आधार पर गोविंदपुर इलाके में कार्रवाई की गयी हैं। पकड़े गये आरोपी के पास से पांच एंड्राइड मोबाइल फोन, एक लैपटॉप, विभिन्न कंपनियों के छह सिम कार्ड, 15 हजार रुपये नकद, बैंक खाता, एटीएम और पैन कार्ड आदि बरामद की गई है।



# मनायी गयी महात्मा हंसराज की जयंती

**बोकारो (आजाद सिपाही)। सेक्टर-6 स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल की प्रार्थना सभा में महात्मा हंसराज की जयंती मनाई गई। प्राचार्य बृज मोहन लाल दास ने महात्मा हंसराज जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर दीप प्रज्वलन किया। कहा कि महात्मा हंसराज जी ने अपना पूरा जीवन समाज सेवा को समर्पित कर दिया।**

## झरिया के बस्ताकोला में भाजपा की बूथ स्तरीय परिचयात्मक बैठक संपन्न

# जनता के काम न आ सका तो मुंह दिखाने नहीं आऊंगा: ढुल्लू महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** बस्तकोला स्थित माखन मटका भवन में शनिवार को बस्ताकोला मंडल बूथ स्तरीय परिचयात्मक बैठक हुई। जिसमें भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो, भाजपा कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह मुख्य रूप से उपस्थित हुए। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष संतोष शर्मा और संचालन महामंत्री तरुण राय व धन्यवाद ज्ञापन संतोष रवानी ने किया। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने कहा कि देश में मोदी सरकार की उपलब्धियां के आगे विपक्ष विफल है। मोदी सरकार ने बहन-बेटी को सुरक्षित करने के साथ ही युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने, किसानों को किसान सम्मान निधि देने, खासकर महिलाओं को इज्जत घर, मुफ्त बिजली मकान आदि अनेकों सुविधाओं की सौगात दी है। मोदी सरकार ने 10 साल में वो सब कर दिखाया है जो 70 साल में पिछली सरकार सोच नहीं पाई थी। इसलिए देश में तीसरी बार भी नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है। मतदाओं से अपील की कि धनबाद में फिर एकबार कमल खिलाना है। झरिया में पिछले लोकसभा चुनाव से बढ़कर वोट मिलेगा। भाजपा को वोट देकर नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करना है। और 400 पार का लक्ष्य हासिल करना है ताकि देश का सर्वांगीण विकास हो सके। वहीं भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने कहा कि नरेंद्र मोदी के जनहितकारी कार्यों को जन जन तक पहुंचाना एक-एक कार्यकर्ता का दायित्व है। अगर जनता का काम नहीं सका तो चुनाव में चेहरा दिखाने नहीं आउंगा। कहा कि कांग्रेस परिवारवाद की पार्टी है। इसलिए पति विधायक तो पत्नी को टिकट दिलवा दिया गया। यह गरीब और एक राजकुमार की लड़ाई है। भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने कहा कि मोदी जी ने सैंकड़ों विकास कार्य किए हैं उन्हें जन जन तक पहुंचाना है। झरिया विधानसभा संयोजक राजकुमार अग्रवाल ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता बूथ स्तर पर लगे हैं, उन्हीं की बदौलत पार्टी का परचम लहराता है। वहीं, जिलाध्यक्ष श्रवण राय ने कहा कि अफवाह पर ध्यान न देते हुए भाजपा को वोट देना है। बैठक में प्रदेश मंत्री सरोज सिंह, योगेंद्र यादव, राजकिशोर जेना, राम बालक सिंह, संतोष सिंह, उमेश यादव आदि थे।




JAPIT
Jharkhand Agency for Promotion of Information Technology
(An Autonomous body under Department of Information Technology & eGovernance, Govt. of Jharkhand)
Ground Floor, Engineer's Hostel – I, Near Golchakkar, Dhurwa, Ranchi, Jharkhand
Phone. 0651 – 2401044 & 2401067 eMail: japit_doit@rediffmail.com

**Corrigendum – III**
**eTender Ref. No.: JAP-IT/HC/VMS-ePass/01/2024**
**PR No.: 323856 Information Technology (24-25):D**

As per site survey (Hon'ble High Court, Jharkhand) held on 20.04.2024 by different prospective bidders, Corrigendum – III" is being published, which may be downloaded from https://jharkhandtenders.gov.in and same is also available on https://jharkhand.gov.in & https://japit.jharkhand.gov.in.
On the basis of survey, different prospective bidders have to submit the solution architecture along-with other respective documentation and a presentation (PPT) has to be made at JAP-IT office. Accordingly, schedules are as under:

| Sl. No. | Tender Schedule | Existing Time schedule | Revised Time schedule |
|---|---|---|---|
| i. | Start date and time of Online Bid Submission | From 22.04.2024 at 03:30 pm | From 29.04.2024 at 03:30 pm |
| ii. | Second Date of Site Survey | ----- | On 25.04.2024 |
| iii. | Date of above said presentation | ----- | On 26.04.2024 |

Annexure – A (Technical Specification of Automated Flap Barrier) of the Corrigendum – II can also be downloaded vide above mentioned websites.
All the prospective bidders are requested to submit the rates as per the revised 'Commercial Bid Format' through eProcurement Portal only.
Other terms & conditions remains same as per published RFP.

Sd/-
Officer on Special Duty,
JAP-IT, Ranchi

PR 323955 Information Technology(24-25).D

### एम्स भुवनेश्वर में विश्व लीवर दिवस के अवसर पर रोगी जागरूकता और बातचीत कार्यक्रम का आयोजन

# 90% से अधिक लीवर रोग को रोका जा सकता है : डॉ मानस कुमार पाणिग्रही

- गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी विभाग में मासिक 1500 लीवर रोगी परामर्श के लिए आ रहे हैं
- शराब, प्रसंस्कृत और जंक फूड से परहेज करें
- स्क्रीनिंग, हेपेटाइटिस बी का टीका लेना और नियमित व्यायाम लवर की बीमारियों को रोकने के लिए महत्वपूर्ण




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** विश्व लीवर दिवस के उपलक्ष्य में, एम्स भुवनेश्वर के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग ने एक रोगी जागरूकता और बातचीत कार्यक्रम आयोजित किया, जिसका उद्देश्य लीवर की बीमारियों और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना है। इस कार्यक्रम में गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के ओपीडी क्षेत्र में 200 से अधिक रोगियों और उनके रिश्तेदारों की भागीदारी देखी गयी।

एम्स भुवनेश्वर में गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग में अतिरिक्त प्रोफेसर डॉ मानस कुमार पाणिग्रही ने बताया कि गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग में मासिक रूप से आने वाले 4000 से 5000 रोगियों में से लगभग 1500 लोग लीवर से संबंधित मुद्दों के लिए परामर्श लेते हैं। लिवर रोगों की रोकथाम (90% से अधिक लिवर रोग रोके जा सकते हैं) पर जोर देते हुए डॉ पाणिग्रही ने शराब, प्रसंस्कृत और जंक फूड से बचने, स्क्रीनिंग कराने, हेपेटाइटिस बी टीकाकरण प्राप्त करने और नियमित व्यायाम में शामिल होने के महत्व पर जोर दिया।

इस अवसर पर बोलते हुए एम्स भुवनेश्वर के कार्यकारी निदेशक डॉ आशुतोष विश्वास ने यकृत रोगों को रोकने में जीवनशैली विकल्पों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। डॉ बिस्वास ने लीवर की बीमारियों के लिए ओवर-द-काउंटर दवाओं या पूरक और वैकल्पिक दवाओं के अंधाधुंध उपयोग के प्रति आगाह किया और रोगियों से चिकित्सकों से उचित चिकित्सा सलाह लेने का आग्रह किया।

विभाग के प्रमुख डॉ सुभाष चंद्र सामल, संकाय सदस्यों, वरिष्ठ निवासियों और कर्मचारियों के साथ, इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया, जिससे लीवर स्वास्थ्य और रोग की रोकथाम को बढ़ावा देने के लिए विभाग की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया। इस वर्ष के विश्व लीवर दिवस की थीम, अपने लीवर को स्वस्थ और रोग-मुक्त रखें, जागरूकता बढ़ाने और रोगियों को विशेष देखभाल प्रदान करने के लिए विभाग के चल रहे प्रयासों के अनुरूप है। अपनी निरंतर प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में, विभाग पुराने रेफर किये गये रोगियों के लिए प्रत्येक बुधवार को एक समर्पित लिवर ओपीडी आयोजित करता है।

## मोदी मिशन पर लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने भाजपा कार्यकर्ताओं को दिये टिप्स



**धनवार (आजाद सिपाही)।** कोडरमा लोकसभा में सबसे जायदा प्रतिनिधित्व करने का मौका भाजपा को मिला है और इस बार 2024 में भी मिलेगा। उक्त बातें पूर्व आइजी सह भाजपा के वरिष्ठ नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने शनिवार को बरजो स्थित भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं को बोल रहे थे। श्री सिंह ने मोदी मिशन अबकी बार चार सौ पार पर कार्यकर्ताओं को काम करने के लिए ऊर्जा भरा तथा कई प्रकार के टिप्स दिये। उन्होंने कार्यकर्ताओं को गांव-गांव घर घर पहुंच कर अंतिम व्यक्ति तक केंद्र की मोदी सरकार की उपलब्धि बताने के लिए बताया। कहा कि दो मई से लोकसभा प्रत्याशी का नोमिनेशन शुरू होना है। हम लोगों को तन-मन से कार्य करने की जरूरत है। भाजपा की प्रचंड बहुमत के लिए आमजनों से भाजपा की पक्ष में वोट करने की अपील की। मौके पर सांसद प्रतिनिधि अशोक राय, उपेंद्र सिंह, अनुज चौधरी, सजंय राय, नरेंद्र विश्वकर्मा, अमर कुमार सिंह, प्रदीप यादव, उदय सिंह उपस्थित थे।

## केनरा बैंक ने नये उत्पादों और सेवाओं की एक श्रृंखला का अनावरण किया



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ओड़िशा में सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी बैंक, केनरा बैंक अंचल कार्यालय, भुवनेश्वर ने 19 अप्रैल को भुवनेश्वर में नये उत्पादों और सेवाओं की एक श्रृंखला का अनावरण किया है, जिसका उद्देश्य ग्राहक अनुभव को बढ़ाना और बैंकिंग कार्यों को सुव्यवस्थित करना है। इस कार्यक्रम में स्वयं और आचितों के टीपीए स्वास्थ्य देखभाल बीमा दावों का निपटान करते समय अस्पताल में भर्ती होने के खर्च की कमी को पूरा करने के लिए एक स्वास्थ्य देखभाल केंद्रित ऋण उत्पाद केनरा हील का सॉन्ब किया गया। लॉन्च समारोह में केनरा बैंक के कार्यकारी निदेशक भावेंद्र कुमार, केनरा बैंक के राज्य प्रमुख जगदीश चंदर की उपस्थिति मौजूद थीं।

## बीजेडी ने छठे चरण के लिए उम्मीदवारों की सूची की घोषणा की



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** बीजू जनता दल ने लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की छठी सूची जारी कर दी है। छठे चरण में बीजेडी ने 9 सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की है। पार्टी ने चिलोका से रघुनाथ साहू, आनंदपुर से अभिमन्यु सेठी, सरसकना से देबाशीष मारांडी, करंजिया से बासंती हेम्ब्रम, रेमुना से विद्यास्मिता महालिक, सिमुलिया से शुभाशिनी साहू, बडचना से वर्षा प्रियदर्शिनी, केंद्रापड़ा से गणेश्वर बेहेरा और चंपुआ से सनातन महाकुड़ को मैदान में उतारा है।

## सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग के लिए एमओयू




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) और भुवनेश्वर स्थित बाटोई सिस्टम (बाटोई) के बीच सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग के लिए शनिवार को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये। बाटोई एक सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग ऑटोमेशन कंपनी है, जिसका रैपिड एप्लिकेशन डेवलपमेंट (राड) प्लेटफॉर्म टेलीमेट्री टूल्स के विकास और परिनियोजन पर काम कर रही है। समझौते के तहत, बाटोई सोआ को अपने बाटोई अकादमी प्लेटफॉर्म का उपयोग करने की अनुमति देगा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ) और क्वांटम कंप्यूटिंग शिक्षा और अनुसंधान के लिए एक प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला स्थापित करने में मदद करेगा।

कंपनी सोआ छात्रों को प्रशिक्षण प्रदान करेगी और उन्हें लाइव प्रोजेक्ट विकसित करने में मदद करेगी, ताकि छात्र उद्योग में काम करने के लिए तैयार हो सकें। विभिन्न कार्यशालाओं का आयोजन करके, बाटोई सोआ छात्रों को क्वांटम कंप्यूटिंग शिक्षा और अनुसंधान में इंटर्नशिप और प्लेसमेंट में भी सहायता करेगा। समझौता ज्ञापन पर सोआ के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार नंद और बाटोई सिस्टम्स के सीइओ और निदेशक अश्विनी कुमार रथ के बीच हस्ताक्षर किये गये।

इस अवसर पर सोआ के सेंटर फॉर क्वांटम साइंस एंड टेक्नोलॉजी के निदेशक प्रोफेसर प्रशांत कुमार पाणीग्राही और मुख्य प्रशासनिक अधिकारी प्रमोद कुमार पंडा उपस्थित थे।

## एक्शन कोच का शुभारंभ



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** उद्योगि के संजीव पात्र और सुनीता महांति के नेतृत्व में दुनिया के अग्रणी व्यावसायिक कोचिंग संस्थान एक्शन कोच का औपचारिक रूप से भुवनेश्वर में शुभारंभ किया गया है। भुवनेश्वर, कटक और पुरी के 120 से अधिक उद्योगि ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। इस क्षेत्र में व्यावसायिक परिदृश्य में सकारात्मक बदलाव लाने की प्रतिबद्धता के साथ, एक्शन कोच का लक्ष्य अपने अभिनव कोचिंग और मेंटरिं कार्यक्रमों के माध्यम से 50,000 से अधिक व्यवसायों को प्रभावित करना है। ओड़िशा में इस व्यावसायिक इकाई का प्रवेश वर्तमान प्रतिस्पर्धी बाजार में व्यवसायों और उद्यमियों को सशक्त बनाने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस अवसर पर फ्रैंचाइज इंडिया ग्रुप और मास्टर लाइसेंसी प्राप्त एक्शन कोच इंडिया और मध्य पूर्व अधक्ष गौरब मारिया ने बिजनेस कोचिंग के प्रति संगठन के समर्पण पर प्रकाश डाला। उन्होंने ओड़िशा के तीन अनुभवी बिजनेस कोच, मनोज धानुका, शिवाशीष होता और उदित केजरीवाल का परिचय कराकर अपनी खुशी व्यक्त की। के संजीव पात्र और सीएस सुनीता महांति ओड़िशा में एक्शन कोच की विश्व स्तरीय सेवाएं प्रदान करने का अवसर प्रदान करेंगे।

एक्शन कोच के प्रबंध निदेशक (इंडिया) सत्यम गर्ग ने क्षेत्र में व्यावसायिक सफलता का समर्थन करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। तीन दशकों से बिजनेस कोचिंग उद्योग में अग्रणी, एक्शन कोच से प्रमाणित बिजनेस कोच और पेशेवर फर्मों के माध्यम से अपनी उत्कृष्टता बनाये रखने की उम्मीद है।

## नाव डूबने की घटना में मरनेवालों की संख्या आठ हुई



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** झारसुगुड़ा के लखनपुर महानदी में नाव डूबने की घटना में मरने वालों की संख्या 8 तक पहुंच गयी है। शनिवार सुबह तक 7 शव बरामद हो चुके थे और अब सभी 8 शव बरामद हो चुके हैं। गौरतलब है कि शुक्रवार को लखनपुर ब्लॉक के पास शरधा महानदी में नाव डूब गई थी. एक व्यक्ति की मौत हो गयी, जबकि 4 महिलाओं और 3 बच्चों सहित 7 लोग लापता थे। नाव में करीब 50 लोग सवार थे। यह घटना तब घटी, जब वे बरगड बांजीपाली जा रहे थे। स्थानीय मछुआरों ने लगभग 43 लोगों को बचाया। शनिवार सुबह 5 बजे से 2 सर्च कैमरों की मदद से लापता लोगों को बचाने के प्रयास जारी रहा हैं। बचाव अभियान में 5 स्कूबा गोताखोर शामिल हैं। नाव पलटने में मारे गए सभी लोग छत्तीसगढ के खरसेनी क्षेत्र के हैं। यह घटना उस समय हुई जब नाव बरगढ़ अंबाभोना के पथरसेनी से पिकनिक के बाद लौट रही थी।

नाव में 50 से अधिक यात्री सवार थे। स्थानीय मछुआरों ने 43 लोगों को बचाया। नाव पर कई महिलाएं और बच्चे थे।

हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि यह कैसे और क्यों हुआ। कहा जाता है कि यह एक पुरानी नाव थी। इसलिए, हो सकता है कि यह ओवरलोडिंग के कारण डूब गया हो। यह भी बताया गया कि नाव पर कोई जीवन रक्षक जैकेट नहीं थे। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने इस घटना पर दुख व्यक्त किया है। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

## शीतलापल्ली सम अस्पताल में डायलिसिस सेवा शुरू



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ब्रह्मपुर दक्षिण ओड़िशा में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से यहां स्थापित इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड सम हॉस्पिटल (शीतलापल्ली कैंपस) में पिछले गुरुवार से डायलिसिस उपचार शुरू हो गया है। प्रथम चरण में प्रतिदिन 10 लोगों को डायलिसिस सेवा उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गयी है। आने वाले दिनों में मरीजों की स्वास्थ्य देखभाल और जरूरतों को देखते हुए यह संख्या बढ़ाई जाएगी। यह डायलिसिस सेवा नेफ्रोलॉजी विभाग के डॉ विश्वरंजन महांति की देखरेख में शुरू की गयी है। डायलिसिस के लिए अस्पताल आने वाले मरीजों की संख्या में वृद्धि के कारण, अत्याधुनिक हेमोडायलिसिस सुविधाओं के साथ यह सेवा शुरू की गयी है, जो मरीजों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद कर सकती है। इस विधि में अत्यंत शुद्ध पानी का उपयोग किया जाता है। इसके लिए अस्पताल परिसर में अल्ट्रा प्योर वाटर प्लांट लगाया गया है। निदेशक देवप्रसाद दास ने कहा कि अस्पताल द्वारा डायलिसिस में अति-शुद्ध पानी का उपयोग रोगियों के इलाज में प्रभावी साबित हो रहा है।

डॉक्टर महांति ने बताया कि आने वाले दिनों में रोजाना 40 से 50 मरीजों को डायलिसिस सेवा देने की योजना है. प्रत्येक गुरुवार को सम अस्पताल, भुवनेश्वर के नेफ्रोलॉजी विभाग के वरिष्ठ डॉक्टर सम शीतलापल्ली परिसर के ओपीडी में मरीजों का इलाज करेंगे। उन्होंने कहा कि परिणामस्वरूप, अधिक रोगियों को अस्पताल में बेहतर किडनी उपचार और सेवाएं मिल सकती हैं।


आवश्यकता

रोजगार विज्ञापन: चुनाव प्रचार हेतु 4000 से 5000 संख्या में प्रचारक की आवश्यकता है। समाज सेवा करने के साथ-साथ रोजगार का अवसर भी है

संपर्क करें -

मनोज कुमार: 82981 57476, वरुण कुमार :8709161626

मोहसीन अंसारी:6203 921 912,

Shop No.: 7&8, 1st Floor Srishti Complex, Near Firayalal Chowk, Ranchi, Jh.

RAJHANS ACADEMY

IIT-JEE | NEET | FOUNDATION

Creating Path Towards Success

BOOST your IIT-JEE/NEET/ Boards Preparation

ADMISSION OPEN

Upto 100% SCHOLARSHIP

ENGINEERING 11th 12th & 12th Pass | MEDICAL 11th 12th & 12th Pass | FOUNDATION 9th & 10th Pass

Call Us : 6287842201 / 02 / 03 / 04, 0651-4658773

302, 3rd Floor, Pranami Height, Circular Road (Lalpur), Ranchi-01

Email: rajhansacademy7@gmail.com | www.rajhansacademy.in

S M Toy & School Furniture

Everything From A to Z For School, Playground, Playschool Park Playzone, Mails, Backyard, Recreation Zone, Society & Anganwadis

एक बार जरूर पधारे

Old Bank Colony, RMCH Road, Near Sadhu Maidan Shop

Add.: Industrial Area Kokar, Ranchi- 834001 (Jharkhand)

Mob. 7503729696, 9205624569

कृष्णा ज्वेलर्स

Mob : 9973853279, 9031249105

समस्या है तो ! समाधान भी है !

आचार्य प्रणव मिश्रा

प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M (ज्योर्तिविज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची

गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

बोरिंग के लिए संपर्क करे

जल ही जीवन

993106883

9113754813

रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में

Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

वर्मा प्रेस प्रा० लि० रॉंची

VERMA PRESS

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

ALPHA INSTITUTE OF COMPUTER EDUCATION

Franchise Benefit

- All Computer Courses
- Vocational Courses
- Authorization Letter
- Authorization Certificate
- Web Login ID & Password
- Study Material Support
- PDF Certificate in 24 Hrs
- Hard Copy Certificate & Mark sheet
- Students Placement Support
- Marketing Support
- Online & Offline Certificate
- Yearly Career Guidance
- Seminar in your City

FREE FRANCHISE

Certified with

For More Details Visit Now Just Call Us : 9835502908

Email - alphaeducational.center@gmail.com | www.alphaec08.com

Registered office : 262, Delta Bhawan, Adarsh Nagar, Khorha Toli, Kokar Ranchi - Mob. 9835502908

Cooperate office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi Mob.: 9631103045

Cooperate office : Noorsaral, Near Police Station Nalanda, Bihar - Mob.: 7488289546

!! श्री गणेशाय नमः !!

झारखण्ड में अब तक का सबसे बड़ा मेला

अंडर वाटर फिश टनल सह डिजनी लैण्ड मेला

Date : 08.04.2024 से

Time : 4 -10 PM

Venue : Shahid Maidan, Dhurva, Ranchi

विशेषताएं

- परिवार के सभी सदस्यों के खरीददारी के लिए देश के हर कोने से 125 स्टॉल
- छोटे बड़े सभी के लिए झूले का प्रबंध
- अंडरवाटर फिश टनल में देशी विदेशी मछलियां
- रांची के लिए अजूबा टनल के अंदर सेल्फी प्वाइंट

Book Now .: 7004494715

Organiser : Krishna Kumar Shaw



आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**